राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 धोनी की जगह कौन लेगा...

चीन में राष्ट्रपति जिनपिंग की हत्या का प्रयास... 12

वर्ष : 11 | अंक : 300 | पटना, बुधवार, 13 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 24°C

न्यूनतम तापमान 16°C

**बाजार**

सोना 67,500

चांदी 77,600

सेंसेक्स 73,667

निफ्टी 22,335

## प्रधानमंत्री ने 85 हजार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

# हम राष्ट्र निर्माण के लिए विकास कार्य करते हैं, न कि चुनाव जीतने के लिए: मोदी

- सरकार ने रेलवे के विकास पर पहले की तुलना में लगभग छह गुना अधिक राशि किया खर्च

प्रात : किरण

अहमदाबाद/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार राष्ट्र निर्माण के अपने मिशन के तहत विकास कार्य करती है, न कि चुनाव जीतने के लिए ऐसा करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 10 नई वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत करने के साथ 85 हजार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परिचालन नियंत्रण केंद्र का दौरा करने के बाद गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती क्षेत्र से परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने इस मौके पर कहा, कुछ लोग हमारे प्रयासों को चुनावी चश्मे से देखने की कोशिश करते हैं। मैं आपको बता दूं कि हम राष्ट्र निर्माण के मिशन के तहत विकास कार्य करते हैं, न कि सरकार बनाने के लिए। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे युवाओं को वह कष्ट न सहना पड़े जो उनकी पिछली पीढ़ियों को झेलना पड़ा। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्ष में उनकी सरकार ने रेलवे के विकास पर पहले की तुलना में लगभग छह गुना अधिक राशि खर्च की है।



मोदी ने कहा, वर्ष 2024 के केवल दो महीनों में, हमने 11 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, मैंने अपना जीवन रेलवे पटरियों पर शुरू किया, इसलिए मुझे पता है कि पहले हमारी रेलवे की स्थिति कितनी खराब थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अलग रेलवे बजट की व्यवस्था को समाप्त कर इसे केंद्रीय बजट में शामिल किया ताकि सरकारी पैसे का इस्तेमाल रेलवे के विकास में किया जा सके। उन्होंने कहा कि अब तक 350 आस्था रेलगाड़ियों से 4.5 लाख लोग अयोध्या जा चुके हैं। दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए :

प्रधानमंत्री ने रेलवे कार्यशालाओं, लोको शेड, पिट लाइन, कोचिंग डिपो, फलटण झ बारामती नई लाइन और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी तथा पूर्वी डीएफसी के न्यू खुर्जा से साहनेवाल 401 मार्ग किमी खंड और पश्चिमी डीएफसी के न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड खंड 244 मार्ग किमी के बीच समर्पित माल गलियारे के दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए।

### पीएम ने 10 नई वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद-मुंबई मध्य, सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम, मैसूरु-डॉ एमजीआर मध्य चेन्नई, पटना-लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी-पटना, पुरी-विशाखापत्तनम, लखनऊ-देहरादून, कलबुर्गी झ सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु, रांची-वाराणसी और खजुराहो- दिल्ली निजामुद्दीन के बीच 10 नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार की भी शुरूआत की। अहमदाबाद-जामनगर वंदे भारत के मार्ग का द्वारका तक, अजमेर- दिल्ली सराय रोहिल्ला वंदे भारत का चंडीगढ़ तक, गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत का प्रयागराज तक और तिरुवनंतपुरम- कासरगोड वंदे भारत का मंगलुरु तक विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आसनसोल और हटिया तथा तिरूपति और कोल्लम स्टेशन के बीच भी दो नई यात्री ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने न्यू खुर्जा जंक्शन, साहनेवाल, न्यू रेवाड़ी, न्यू किशनगढ़, न्यू घोलवड और न्यू मकरपुरा से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर मालगाड़ियों की भी शुरूआत की। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए। ये जन औषधि केंद्र लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने 51 गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल भी राष्ट्र को समर्पित किए। ये टर्मिनल परिवहन के विभिन्न तरीकों के बीच सामान की निर्बाध आवाजाही को बढ़ावा देंगे।

## वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ में शामिल हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# पटना से लखनऊ और न्यू जलपाईगुड़ी का सफर हुआ सुगम

- पीएम ने न्यू जलपाईगुड़ी व लखनऊ के गोमती नगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई रेलवे से संबंधित योजनाओं के शिलान्यास राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने गुजरात राज्य के अहमदाबाद से रिमोट द्वारा 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अंतर्गत पूर्व मध्य रेल की 13 हजार 228 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 नई वंदे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत न्यू जलपाईगुड़ी से पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की गई। इस ट्रेन का ठहराव कटिहार में भी होगा। पटना जंक्शन से लखनऊ के गोमती नगर के लिए भी एक वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को संबोधित किया। रेलवे से संबंधित योजनाओं के शिलान्यास व राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम की शुरूआत होने से



पहले दानापुर मंडल के एडीआरएम (इंफ्रा) अनुपम कुमार चंदन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हरित पौधा एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे की परियोजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव चंद्रशेखर सिंह, दानापुर मंडल के एडीआरएम (इंफ्रा) अनुपम कुमार चंदन सहित रेलवे के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

लखनऊ वंदे भारत की टाइमिंग : 18 मार्च से लखनऊ के लिए वंदे भारत का नियमित परिचालन शुरू होगा. पटना-गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस पटना जं. से 06.05 बजे खुलकर 6.40 बजे आरा, 7.21 बजे बक्सर, 8.40 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 9.20 बजे वाराणसी एवं 12.15 बजे अयोध्या धाम जं. रुकते हुए दोपहर 2.30 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी । वापसी में 18 मार्च से ट्रेन 22346 गोमतीनगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस गोमतीनगर से शाम 3.20 बजे खुलकर शाम 5.15 बजे अयोध्या धाम जं., रात 8.00 बजे वाराणसी, रात 8.50 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., रात 9.54 बजे बक्सर, रात 10.35 बजे आरा रुकते हुए रात 11.45 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

## संक्षिप्त खबरें

### नवी मुंबई में अवैध रूप से रहने के आरोप में आठ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में आठ बंग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नवी मुंबई पुलिस की मानव तस्करी विरोधी इकाई ने सोमवार सुबह बेलापुर इलाके के शाहबाज गांव में एक फ्लैट पर छापेमारी की। एनआरआई सागरी पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि छापेमारी के दौरान उन्हें फ्लैट में बांग्लादेश की पांच महिलाएं और तीन पुरुष मिले। इन सभी की उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच है। उन्होंने बताया कि ये बंग्लादेशी नागरिक पिछले चार साल से बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से वहां रह रहे थे। पुलिस ने कहा कि आठों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सीबीआई ने शाहजहां शेख के तीन सहयोगियों को किया गिरफ्तार

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गत पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल में संदेशखली स्थित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के ठिकानों के तलाश अभियान के दौरान प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर कथित हमलों की जांच की कार्रवाई करते हुए उनके करीबी तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम को शहर के निजाम पैलेस में घंटों पूछताछ के बाद सीबीआई ने जियाउद्दीन मोल्ला, दीदार बख्श मोल्ला और फारूक अकुंजी को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें सीबीआई मुख्यालय में तलब करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मोल्ला टीएमसी के सरबेरिया-अघराती ग्राम पंचायत प्रमुख हैं जबकि दीदार बख्श एक पेशेवर सुरक्षाकर्मी हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा छह मार्च को भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी को कथित हमलों की जांच के आदेश दिये जाने के बाद यह पहली ऐसी गिरफ्तारी है।

# लैंड फॉर जॉब केस : अमित कात्याल के कई ठिकानों पर ईडी के छापे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित नौकरी के बदले रेलवे भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली, गुरूग्राम और सोनीपत में कृष्ण बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के कुल 27 परिसरों की धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इस



कंपनी के प्रवर्तक अमित कात्याल और राजेश कात्याल हैं। यह कंपनी हरियाणा से संचालित होती है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच का संबंध कंपनी के प्रवर्तकों द्वारा घर खरीददारों की 400 करोड़ रुपये की धनराशि की कथित हेराफेरी और उन्हें विदेश में खपाने से है। ईडी ने आरोप लगाया कि अमित कात्याल ने घर खरीददारों की 200 करोड़ रुपये से अधिक रकम श्रीलंका भेजी। सूत्रों के मुताबिक उनके बेटे कृष्ण कात्याल ने अपना भारतीय पासपोर्ट अधिकारियों को सौंप दिया है।

## हरियाणा की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री ने दिया इस्तीफा

# खट्टर का इस्तीफा, नायब सिंह सैनी होंगे नए सीएम

प्रात : किरण

नई दिल्ली/चंडीगढ़/एजेंसी। हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और इसके कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद पार्टी विधायक सुभाष सुधा और जे पी दलाल ने घोषणा की कि सैनी राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे और वह पांच बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब मौजूद थे। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सैनी ने एक्स पर एक पोस्ट में सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित अन्य नेताओं का आभार जताया। देब ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे





विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मनोहर लाल खटटर के नेतृत्व में शुरू हुए हरियाणा के विकास कार्यों को वह आगे बढ़ाते हुए राज्य को विकास के मामले में आगे लेकर जायेंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सैनी ने प्रदेश संगठन में कई पदों पर जिम्मेदारी संभाली है। वह भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा में भी कई दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। साल 2012 में उन्हें भाजपा ने अंबाला का जिला अध्यक्ष बनाया था और फिर साल 2014 में वह नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचे। वह हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री भी रहे हैं। साल 2019 में वह कुरुक्षेत्र से सांसद चुने गए। हरियाणा में मुख्यमंत्री को ऐसे समय में बदला गया है, जब लोकसभा चुनाव की घोषणा होने में कुछ ही दिन बचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को हरियाणा में ही थे। गुरुग्राम में एक सरकारी कार्यक्रम में उन्होंने खट्टर की जमकर तारीफ की थी। तब किसी को यह अनुमान भी नहीं था कि अगले ही दिन खट्टर को इस्तीफा देना पड़ जाएगा। हरियाणा विधानसभा के पिछले चुनाव के बाद भाजपा ने जननायक जनता पार्टी (जजपा) के साथ मिलकर और कुछ निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी।

# भारत ने मोदी के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन की आपत्ति को किया खारिज

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अरुणाचल प्रदेश की हालिया यात्रा पर चीन की आपत्ति को दृढ़ता से खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य हमेशा भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीनी पक्ष को कई अवसरों पर इस अडिग रुख से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश के इस प्रकार के दौरों या राज्य में भारत की विकासात्मक परियोजनाओं पर आपत्ति जताने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री के अरुणाचल प्रदेश दौरे के संबंध में चीनी पक्ष द्वारा की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं। चीन ने सोमवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और उसने भारत के इस कदम से सीमा विवाद के केवल (और) जटिल होने की बात कहकर क्षेत्र पर फिर से अपना दावा जताया। जायसवाल ने कहा कि ऐसी यात्राओं पर चीन की आपत्ति इस वास्तविकता को नहीं बदल पाएगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा, भारतीय नेता भारत के अन्य राज्यों की तरह ही समय-समय पर अरुणाचल प्रदेश का दौरा करते हैं। ऐसे दौरों या भारत की विकासात्मक परियोजनाओं पर आपत्ति जताना उचित नहीं है। जयसवाल ने कहा, साथ ही, इससे यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा, चीनी पक्ष को कई बार इस अडिग रुख से अवगत कराया गया है। जायसवाल ने मोदी के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन की आपत्ति से जुड़े मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए यह कहा। चीन, अरुणाचल प्रदेश के दक्षिण तिब्बत होने का दावा करता है। वह भारतीय नेताओं के राज्य का दौरा करने पर नियमित रूप से आपत्ति जताता रहा है। चीन ने इस इलाके का नाम जैंगनान रखा है।

**प्रदर्शन** | करीब एक घंटे तक कई मिसाइलें और गोला-बारूद दागने से बना युद्ध जैसा माहौल

# भारत शक्ति अभ्यास में युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं का प्रदर्शन, धमाकों से गूंजा पोखरण

- स्वदेशी विमानों, हेलीकॉप्टरों, मिसाइलों और रक्षा प्लेटफार्मों का हुआ अद्भुत प्रदर्शन

प्रात : किरण

जैसलमेर/एजेंसी। भारत की तीनों सेनाओं ने पश्चिमी सीमा पर मंगलवार को भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज राजस्थान में भारत शक्ति अभ्यास करके अपनी युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं का प्रदर्शन करके धमाकों से गुंजा दिया। चार्ली रेंज में बनाए गए दुश्मन के प्रतीकात्मक लक्ष्यों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने स्वदेशी हथियारों से बर्बाद करने का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। पिनाका राकेट ने 17 किमी. दूर लक्ष्यों पर सटीक निशाना लगाकर आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण की ताकत दिखाई। पोखरण फायरिंग रेंज में करीब एक घंटे तक चले युद्धाभ्यास के लिए 10 से 15 किमी. के दायरे में दुश्मन के प्रतीकात्मक रसद केंद्र, आतंकी



ठिकाने, हवाई पट्टी, टैंक और तोपखाना प्रणाली, ब्रिज, ड्रोन, तेल डिपो, कमांड सेंटर बनाए गए थे। इस हाईवोल्टेज हवाई युद्धाभ्यास भारत शक्ति में तीनों सेनाओं ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का समन्वित प्रदर्शन किया। एलएचएस प्रचंड ने बमबारी करके दुश्मन के ठिकानों को नष्ट कर दिया। अभ्यास के दौरान भारत में निर्मित हथियार प्रणालियां, अर्जुन टैंक, धनुष होवित्जर, तेजस लड़ाकू विमान और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपनी मारक क्षमता दिखाई। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के इस प्रदर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने भी देखा। त्रि-सेवा लाइव फायर और युद्धाभ्यास के रूप में स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन समाप्त होते ही पोखरण रेंज भारत माता की जय के उद्घोष से गूंज उठा। भारतीय नौसेना के मार्कोस और भारतीय वायु सेना के गरुड़ कमांडो ने घुसपैठ रोकने का सफल ऑपरेशन किया, जबकि युद्ध के मैदान की निगरानी दूर से संचालित विमान और ड्रोन के जरिये की गई। इसके बाद लंबी दूरी के हथियारों और आर्टिलरी गन से लक्ष्यों पर सटीक निशाना लगाकर उन्हें नष्ट किये जाने का प्रदर्शन किया गया। स्थिर प्रदर्शन में हथियार का पता लगाने वाले रडार स्वाति ने भी दुश्मन के ठिकानों का पता लगाने में भूमिका निभाई। अभ्यास के दौरान भारत में निर्मित पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, अर्जुन टैंक, धनुष होवित्जर, तेजस लड़ाकू विमान और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के विभिन्न संस्करण अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया।

# तनाव से ना भारत को कुछ हासिल हुआ न ही चीन को : जयशंकर

- कहा-भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किये

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार साल से जारी सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि इस अवधि के दौरान तनाव से दोनों देशों में से किसी को भी कुछ हासिल नहीं हुआ। जयशंकर ने कहा कि भारत निष्पक्ष और उचित समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन यह ऐसा समाधान होना चाहिए, जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा को मान्यता देता हो। उन्होंने सोमवार शाम को एक कार्यक्रम में परिचर्चा के दौरान कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा ईमानदारी से बातचीत के केंद्र में होना चाहिए। हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की आधिकारिक यात्रा से लौटे जयशंकर ने नई दिल्ली में एक्सप्रेस अड्डा के दौरान कूटनीति की बदलती प्रकृति से लेकर बदल रही वैश्विक व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। बाद में, उन्होंने राजनयिकों, व्यवसायियों, शिक्षाविदों, उद्यमियों, पत्रकारों और विदेश नीति के बारे में जानने के इच्छुक लोगों के एक वर्ग के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। जब उनसे सवाल किए गए कि सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए चीनी पक्ष ने अतीत में किन प्रस्तावों की पेशकश की और क्या कभी ऐसी स्थिति बनी जब उन्हें ऐसा लगा कि इस मुद्दे को वास्तव में सुलझाया जा सकता है, तो मंत्री ने कहा, सीमा संबंधी विवादों को लेकर वार्ता कर रहे हर देश को यह मानना होता है कि इसका कोई समाधान अवश्य होगा। यह पूछे जाने पर कि यदि वर्तमान सरकार को (संसद में) और सीट मिलती है तो क्या वह इस मुद्दे पर बात करने के लिए और अधिक सशक्त हो जाएगी, केंद्रीय मंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए कहा, मेरे लिए, भारत की जमीन और सीमा समाधान की निष्पक्षता का सीट की संख्या से कोई लेना-देना नहीं हैङ्घ्या तो कोई समझौता अच्छा होता है या अच्छा नहीं होता। आज मुद्दा यह नहीं है कि आपके पास राजनीतिक बहुमत है या नहीं। मुद्दा यह है कि वार्ता की मेज पर आपके पास उचित समझौता है या नहीं। पूर्व विदेश सचिव जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों पर कुछ श्रोताओं के सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इतनी अधिक संख्या में बल नहीं होने चाहिए। मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि हमें उन समझौतों का पालन करना चाहिए जिन पर हमने हस्ताक्षर किए हैं। पिछले चार साल से हमने जो तनाव देखा है, उससे हम दोनों देशों में से किसी को कोई फायदा नहीं हुआ। जयशंकर ने कहा, इसलिए, मेरा वास्तव में मानना है कि हम जितना जल्द इसे सुलझाते हैं, हमारे लिए यह उतना ही अच्छा होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## कोविड संक्रमित मरीज मिला

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में इलाज कराने पहुंची महिला मरीज जांच में कोविड संक्रमित पाई गई। माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि एनएमसीएच से 21 नमूना जांच को आया था। इन सबों का आरटीपीसीआर किया गया। इसमें आलमगंज के गुलजारबाग की रहने वाली 55 साल की महिला पाजिटिव पाई गई। महिला मेडिसिन विभाग में इलाज कराने आयी थी। उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि कोरोना संक्रमित मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया है।

## जीकेसीके पदाधिकारियों सहित प्रभारियों की हुई घोषणा,

पटना/लखनऊ/नई दिल्ली। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष ने संगठन में सक्रियता लाने के उद्देश्य से पदाधिकारियों सहित प्रभारियों की नियुक्ति की है। संघठन के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के प्रदेश प्रभारियों की सूची जारी की है जिसमे श्रीमती रागिनी रंजन -प्रबंध न्यासी- बिहार,यूपी पश्चिम, महाराष्ट्र, शुभ्रांशु श्रीवास्तव-ग्लोबल संगठन सचिव- यूपी पूर्वी, गोवा, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश,श्रीमती सोमिका श्रीवास्तव-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - दिल्ली, नवीन कुमार- ग्लोबल अध्यक्ष सीसीसीआई- राजस्थान, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पुदुच्चेरी, प्रेम कुमार -ग्लोबल महासचिव -मीडिया- कर्नाटक, पवन सक्सेना- ग्लोबल महासचिव,आर्ट एंड कल्चर- झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, संजय कुमार सिन्हा-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, उत्तरपूर्व के राज्य, डॉ नम्रता आनंद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- असम, राजीव कांत-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-हरियाणा, डॉ निशांत श्रीवास्तव-संयुक्त महासचिव- यूपी केंद्रीय, की जिम्मेदारी सौंपी है।

## चोरी के मामले में दो चोर सोने के साथ गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने दो चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से डेढ सौ ग्राम सोना बरामद किया। प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के पांचुचक निवासी किंतू देवी के बंद घर का ताला तोड़ चोरो ने 25 जनवरी की रात करीब एक लाख नगद व 10 लाख के जेवरात की चोरी कर ली थी। किंतू ने 28 जनवरी को दानापुर थाना में मामला दर्ज कराया था। चोरी का जेवर लेकर रविराज ने कृष्णा की मदद से चोरी के जेवर को गलाकर सात लाख में बेच दिया था। जो पैसा उसे मिला था। इस मामले की छानबीन में लगी पुलिस ने बाकरगंज में छापेमारी कर ओंकार पवार एवं नेउरा निवासी बुल्लु कुमार को गिरुफ्तार किया। पुलिस ने डेढ सौ ग्राम सोना बरामद किया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि चोरी के मामले बाकरगंज निवासी दुकानदार ओंकार पवार एवं नेउरा निवासी बुल्लु को गिरफ्तार किया गया। दुकानदार ने चोरी को सोना खरीदा था उनके पास से डेढ सौ ग्राम सोना बरामद किया गया है। पुछताछ के बाद दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## राशन का वितरण आज

पटना सिटी (प्राकि)। अन्नपूर्णा योजना के तहत बिहारी जी मिल्स के सहयोग से उद्यमी ओपी शाह की स्मृति में बुधवार को राशन का वितरण किया जाएगा। मारवाड़ी सेवा समिति पटना सिटी की ओर से बुधवार को भामा शाह ट्रस्ट भवन में राशन सामग्री बांटी जाएगी। अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने बताया कि उद्धाटन विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव करेंगे। आयोजन में मुख्य अतिथि रमण प्रकाश साह, नारायण साह व लक्ष्मण साह रहेंगे। आयोजन को ले सचिव राजकुमार गोयनका, मनोज खेतान, सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, राजेश देवड़ा, राजेश ड्रोलिया, संजय झुनझुनवाला आदि सक्रिय हैं।

## शहीद जुब्बा सहनी को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार निषाद संघ की ओर से पाटलिपुत्र परिषद कार्यालय में शहीद जुब्बा सहनी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सरदार त्रिलोक सिंह निषाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कैप्टन कमलेश सहनी ने 13 को श्रीकृष्ण मेमोरियल हाल में आयोजित कार्यक्रम में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव, सुनील सहनी, विनय केशरी, ओम निषाद, मंजु सहनी, बबीता निषाद, प्रतिमा देवी, बलराम माथुरी, नवल सिन्हा आदि शामिल थे।

## अधीक्षक ने विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच की अधीक्षक प्रोडॉ अलका सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। अधीक्षक ने बताया कि मरीजों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं में चिकित्सीय सुविधा व दवा की उपलब्धता के साथ जेनेरिक दवा लिखने को कहा गया है। पैरों व रेडियोलाजी जांच अस्पताल में हो, यह सुनिश्चित कराने, मरीजों को लाभ मिले, इसके लिए आयुष्मान भारत का कार्ड अधिक से अधिक बनाने को कहा गया है। बैठक में उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार, शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार सिंह, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा, नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कारक, ईएनटी के डॉ सत्येंद्र शर्मा, डॉ ममता सिंह, माइक्रोबायोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा संजय कुमार, गाइनी की डॉ ममता सिंह समेत अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# एसीजेएम-1 सह सब जज-1 कोर्ट के कार्य से 16 तक अलग रहेंगे वकील

### पटना सिटी अधिवक्ता संघ की आमसभा में लिया गया निर्णय

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




पटना सिटी बार एसोसिएशन की आमसभा में सवार्नुमति से एसीजेएम-1 सह सब जज-1 सह प्रभार एसीजेएम-4 सह सब जज-4 मनीष कुमार जायसवाल के कोर्ट का न्यायिक कार्य से बहिष्कार करने का प्रस्ताव पास किया है। वे बार के वकील से अदालत को कानून में दिए गए कानून के अनुसार कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। इसका उदाहरण यह है कि सिविल सूट में विद्वान अधिवक्ताओं से आधे घंटे से अधिक एक ही मुकदमे के एडमिशन में समय बर्बाद किया जाता है। मुद्दों को तैयार करने, साक्ष्य की रिकॉर्डिंग को छोड़कर कोई अन्य कार्य नहीं हो पा रहा है। आपराधिक मामलों में भी कोई जमानत नहीं दी जा रही है। बिजली के मामले में भी जिन अभियुक्तों ने नुकसान की राशि पहले ही जमा कर दी है और छोटे-मोटे आपराधिक मामलों में भी इन्हें कोई विशिष्ट जानकारी नहीं है। उसे भी जमानत नहीं दिया जा रहा है। अभी तो उनके खिलाफ आरोप और उनकी जमानत को भी मनमर्जी से खारिज किया जा रहा है और अधिवक्ताओं पर अनुचित दबाव देकर जमानत याचिका को वापस लेने का दबाव दिया जाता है। विद्वान अदालत की प्रवृत्ति बार के अधिवक्ताओं को किसी भी तरह से अपमानित करने की होती है। इस तरह की बाध्यकारी परिस्थितियों में बार के सदन ने खुद को एसीजेएम-1 सह सब जज-1 सह प्रभार एसीजेएम-4 सह सब जज-4 मनीष कुमार जायसवाल के कोर्ट के कार्य और पैरवी से अपने को अलग रखेंगे। इसकी सूचना एडीजे-प्रथम विद्या प्रसाद को दी जा रही है। साथ ही एसीजीएम वन को भी सूचित कर दिया गया है। इस आशा के साथ की संबंधित कोर्ट के आचरण को नियंत्रित किया जा सकेगा। इसके पूर्व पटना सिटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता एवं सचिव अशोक कुमार के संचालन में बैठक हुई। इसमें उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, धनुषधारी सिंह, कोषाध्य रंजीत कुमार बिमल, संजीव आनंद के अलावा वरीय अधिवक्ताओं में नवीन किशोर सिन्हा, रामाशीष प्रसाद सिंह, मोहित कुमार, दिलीप झा, अशर्फी प्रसाद यादव, राम कुमार, देवेंद्रनाथ पांडेय, पल्लू बाबू, डॉ राकेश कुमार, रामबाबू प्रसाद, राजेश रंजन, राजकिशोर पंडित, अमर कुमार सिन्हा, हरेंद्र पटेल आदि ने भाग लिया। आमसभा के दौरान अधिवक्ताओं में खासा नाराजगी देखी गई। संजय कुमार सिंह एवं सचिव अशोक कुमार ने बताया कि कल एक्सम वन कोर्ट की बात शिकायत के रूप में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश निरीक्षण न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदि को भेजा जाएगा साथ ही 16 मार्च को बार एसोसिएशन की बैठक होगी इसमें अब तक हुए सुधार प्रगति के बारे में विचार करते हुए आगे की रणनीति तैयार की जाएगी इस बार एसोसिएशन की आमसभा में स्पष्ट रूप से कहा गया कि कोई भी अधिवक्ता यदि उक्त कोर्ट में कार्य करते हैं तो यह वकीलों की एकता के खिलाफ होगा।

# नैक पीयर की टीम एसजीजीएस कॉलेज पहुंच लिया जायजा

### किया गया प्रेजेंटेशन, छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नैक पीयर की दो सदस्यीय टीम श्री गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय मंगलवार को पहुंची। यहां टीम को एनसीसी के लेफ्टिनेंट प्रोडॉ अमरेन्द्रनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में कैडेटों के द्वारा गार्ड ऑफ आनर दिया गया। इसके बाद टीम को प्राचार्य प्रोडॉ सुबोध कुमार सिंह ने कॉलेज की व्यवस्था से अवगत कराया। उन्हें प्रेजेंटेशन देकर कालेज की गतिविधियों से अवगत कराया गया। टीम ने महाविद्यालय के पूर्व शिक्षकों और पूर्ववर्ती छात्रों के साथ बैठक की। विभिन्न विभागाध्यक्षों के द्वारा अलग-अलग प्रजेंटेशन भी दिया गया। टीम के द्वारा सभी विभागों का भौतिक रूप से निरीक्षण भी किया गया। बैठक में महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र सह विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी शामिल हुए। टीम के सदस्यों ने अनेक सवाल भी पूछे, जिनका संतोषजनक जवाब भी दिया गया। साथ ही विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्रों से भी सवाल-जवाब किया गया। बैठक का संचालन प्रोडॉ संजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। गुरु अर्जन देव सभागार में पूर्व शिक्षकों, पूर्ववर्ती छात्रों और अभिभावकों की सामूहिक बैठक भी हुई। अपराह्न में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया। इस दौरान कालेज के शिक्षकों में डॉ पुष्पा सिंह, डॉ रेशम सिन्हा तथा डॉ अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार की गई थी। नैक की पीयर टीम ने सभी छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति को देखकर उन सबों को बधाई और आशीष दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ सुबोध कुमार सिंह ने शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# होली के अवसर पर राज्य में आने वाले एवं जाने वाले 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की खुराक

प्रात :किरण संवाददाता

- 23 जिले के बच्चे पियेंगे पोलियो ड्रॉप
- रेलवे स्टेशन/ बस स्टैंड जैसी जगहों पर ट्रांजिट टीम द्वारा पिलाई जाएगी दवा
- अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने 23 जिलों के जिला पदाधिकारी को पत्र जारी कर दिया निर्देश

पटना- होली के दौरान राज्य में आने एवं जाने वाले 0-5 वर्ष के सभी बच्चों को विशेष अभियान के तहत पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी. यह विशेष अभियान राज्य के 23 जिलों यथा अररिया, बेगुसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, दरभंगा, गया, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पटना, पुर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, सिवान एवं वैशाली में संचालित किया जायेगा. इस बाबत अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, सुहर्ष भगत ने पत्र जारी कर उक्त जिलों के जिला पदाधिकारी को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं. इंडिया एक्सपर्ट एडवाइजरी ग्रुप ( आईईएजी ) की अनुशंसा पर चलाया जायेगा अभियानः जारी पत्र में बताया गया है कि राज्य पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है लेकिन पड़ोसी देश अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में अक्टूबर 2023 तक पोलियो का संक्रमण जारी था. होली के दौरान राज्य के बाहर से परिवारों का आवागमन होता है जिससे राज्य में पोलियो वायरस के आने की संभावना रहती है. बिहार को पोलियो मुक्त बनाये रखने के लिए इंडिया एक्सपर्ट एडवाइजरी ग्रुप ( आईईएजी ) की अनुशंसा पर होली के दौरान में बिहार में आने एवं जाने वाले 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की विशेष खुराक पिलाने के लिए अभियान चलाया जाना है. ट्रांजिट दल का गठन कर पिलाई जाएगी दवाः जारी पत्र में बताया गया है कि होली के अवसर पर राज्य के बाहर से आने वाले 0 से 5 आयुवर्ग के सभी बच्चों को राज्य में प्रवेश करने वाले मार्गों जैसे रेलवे स्टेशन/ बस स्टैंड आदि जगहों पर ट्रांजिट दल के माध्यम से पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी. पत्र में आगे बताया गया है कि यह विशेष अभियान 24 से 29 मार्च तक संचालित किया जायेगा।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर पुस्ताकलय का आधारशीला रखी गई

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत मंगलवार को गोलापर गजाधर चक में विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह ने जननायक कपूरी ठाकुर पुस्ताकलय का आधारशीला रखते हुए कही कि पटना ग्रामीण के 18 प्रखंडो में जननायक कपूरी ठाकुर पुस्तकालय बनाये जा रहे है। दानापुर में 11वां पुस्तकालय का शिलान्यास किया गया है। आगे चलकर ई-पुस्तकालय के लिए भी कार्य किया जायेगा। उन्होने बताया कि 15 लाख की लागत से इसे पुरा किया जायेगा। जिसमें पुस्तक रहेगे इसके साथ ही कई प्रकार की सुविधा रहेगी। जिसे एक कमेटी बनाकर स्थानीय लोग संचालित करेगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद कुमार ने किया। इस मौके पर जदयू के प्रदेश सचिव बिनोद कुमार सिंह, मासूम अली, पार्षद देवराज, पूर्व पार्षद केवलापति देवी, रामप्रवेश सिंह शत्रुघ्न पासवान, मनोज कुमार, अशोक कुमार सिंह, आसिफ कमाल, किशोर कुमार आदि उपस्थित थे।

# सीएए लागू होने पर भाजपा ने निकाला धन्यवाद मार्च

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीसीए) देश भर में लागू करने के लिए भाजपा पटना साहिब की ओर से निकाला धन्यवाद मार्च निकाला गया। यह मार्च मंगल तालाब गांधी मूर्ति से निकल कर हाथों में स्लोगन की तख्ती लिए सीसीए लागू किए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी को बहुत बहुत आभार, सीएए लागू किए जाने पर गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद, सीएए हुआ लागू, अल्पसंख्यकों को मिला सम्मान, सीएए से भारत का बढ़ा मान, अल्पसंख्यकों को मिला सम्मान जैसे नारा लगाते त्रिमूर्ति चौक पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने पीएम मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद व आभार प्रकट करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने से भारत में लाखों शरणार्थियों को संबल मिलेगा और वे अधिकारपूर्वक अपने उद्गम देश भारत में निवास कर सकेंगे। यह कानून प्रगतिशील और मानवता के हक में है। सभी को इस कानून का स्वागत करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महानगर के महामंत्री विनय केशरी और धन्यवाद ज्ञापन चौक मंडल के अध्यक्ष नवल किशोर सिन्हा ने किया। धन्यवाद मार्च में डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, कैप्टन कमलेश निषाद, सरदार त्रिलोक सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल, चौक मंडल के महामंत्री विनय प्रसाद, विकास गुप्ता, बलराम माथुरी, विनोद किसलय, मो नैयर इकबाल, गणेश जैन, अभिषेक पैट्रिक, सरदार शेर सिंह आदि शामिल हुए।

# अग्निकांड को लेकर निकाली जिलाव्यापी प्रतिवाद मार्च




प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। उसफा गांव के आजाद टोले में हुई भीषण अग्निकांड को लेकर मंगलवार को भाकपा माले के सैकड़ों कार्यकताओं व पीड़ितों ने जिलाव्यापी प्रतिवाद मार्च निकाला तथा प्रखंड कार्यालय के समीप स्टेट हाइवे को जाम कर दिया। इसके पहले महारानी चौक से प्रतिवाद मार्च निकाला गया तथा स्टेशन रोड तक गयी। वापसी में कार्यकताओं ने स्टेट हाइवे को जाम कर दिया। प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व कर रहे प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने बताया कि इस अग्निकांड में कुल 590 झोपड़ी जलायी गयी। इस कांड के आरोपी की पहचान भी कर ली गयी लेकिन प्रशासन ने अबतक उक्त आरोपी को गिरफ्तार नही किया है। साथ ही इस कांड के पीड़ितों को अबतक सरकार द्वारा कोई राहत नही पहुंचाई गयी है और न ही पीड़ितों को पुनर्वासित करने की काम कर रही है। सरकारी आला अधिकारी सिर्फ टाल मटोल कर पीड़ितों को ठगने का काम कर रही है। जाम की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज जाम स्थल पर पहुंचे तथा समझाबुझाकर जाम को हटाया। जाम करीब एक घंटे तक बनी रही। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार भी लग गयी। प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने इस सन्दर्भ में बीडीओ को एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिवाद मार्च में पंकज यादव सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

# हैंड पंप सोलर लाइट स्मार्ट क्लास को लेकर शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नजर के अंतर्गत मंगलवार को रुकनपुरा स्थित कम्युनिटी हॉल में सांसद रामकृपाल यादव द्वारा कहां गया कि पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में जल्द सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास के साथ जरूरतमंद जगहों पर 1 करोड़ की राशी खर्च कर हैंडपंप लगेगे। इसके अलावा विभिन्न जगहों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगे। जिसकों लेकर रूकनपुरा स्थित एक सामुदायिक भवन में इन सभी योजनाओं का अधिष्पठासन शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सांसद रामकृपाल यादव, पूर्व विधायक आशा सिन्हा, जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हैंड पंप, स्मार्ट क्लास एवं



सोलर स्ट्रीट लाइट ओएनजीसी, गेल इंडिया व हुडको द्वारा द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत प्रदत्त है। वही सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि मोदी सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दृणसंकल्प हैं। ऐसा देश का कोई नागरिक नहीं जो मोदी सरकार के द्वारा लाभान्वित न हुआ हो। यह योजना हर जरूरतमंद तक पहुंचना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता रविभूषण उर्फ बेला यादव, आलोक सिंह, अनील कुमार, ब्रजेश सिंह, अजीत यादव, उपेन्द्र सिंह, भाजपा नेता भाई सनोज यादव, प्रीति, गुड्डू सिंह, अमरेश सिंह, भानू सिंह, अरूण फौजी के अलावा कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संभ्रांत वैश्य नाटक के साथ हुआ नाट्य मोहत्सव का आगाज

पटना। तीन दिवसीय मनेजर साहब की स्मृति नाट्य मोहत्सव का उद्घाटन मंगलवार की संध्या प्रेमचंद रंगशाला में हुआ। बाह्य मंच पर रंग संगीत की प्रस्तुति और मुख्य मंच पर शरद शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक संभ्रांत वैश्य का मंचन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा व मंत्री प्रेम कुमार उपस्थित थे। कहते हैं नाटक समाज का आईना होता है और इस आईने में जब भी मौका मिले हमे खुद को देखना चाहिए इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए दी आर्ट मेकर रंगमंडल परिवार इस साल भी बेहतरीन नाट्य प्रस्तुतियों के साथ अपने राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आगाज किया। कथासार : ज्यों पॉल सार्त्र द्वारा लिखित और शरद शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक संभ्रांत वैश्य के माध्यम से न केवल गौरों की धूर्तता के शिकार एक हब्शी की पीड़ा को व्यक्त किया है, बल्कि इसके माध्यम से नस्लभेदी व्यवस्था पर गहरी चोट की है। अभिनव रंगमंडल, उज्जैन के अभिनेताओं के अद्भुत प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। नाटक में दशार्या गया है कि समाज का ऊंचा तबका अच्छे बुरे, सही-गलत का निर्णय मानवीय विवेक के आधार पर लेने के बजाय जाति, नस्ल, भाषा, धर्म आदि के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर लेता है।

# विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार



पटना सिटी, प्रात :,किरण संवाददाता

बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर स्थित क्वार्टर के समीप बने गैराज में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी की। टीम ने यहां से 40 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया है। इसकी अनुमानित कीमत लगभग चार लाख से अधिक है। सहायक आयुक्त उत्पाद प्रेम प्रकाश बताया कि गुप्त सूचना मिली कि राजेंद्र नगर के गोल मार्केट ब्लॉक नंबर 2 के सरकारी क्वार्टर में शराब की खेप रखी हुई है। इसके बाद टीम गठित छापेमारी की गई। इसमें भंडारण कर रखे गए विदेशी शराब की खेप बरामद हुई। सहायक आयुक्त उत्पाद प्रेम प्रकाश ने बताया कि इस मामले में सीतामढ़ी निवासी पंकज पटेल को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार से टीम पूछताछ कर रही है, ताकि धंधे से जुड़े अन्य धंधेबाजों का पता लगाया जा सके। अहमद शराब 2264 बोतल में है जिसकी मात्रा 400.05 लीटर है।

# जीएनएसयू में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

# जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान से आगे सोचें छात्र : गोपाल नारायण



प्रात :किरण संवाददाता

संवाददाता/जमुहार/सासाराम। छात्रों को अपने पाठ्य पुस्तक में उपलब्ध ज्ञान और जानकारी से आगे भी सोचने की आदत डालनी चाहिए। पाठ्य पुस्तक से उपलब्ध ज्ञान पूर्ण शिक्षा का मात्र 25 प्रतिशत ही है जिसका ध्यान रखा जाना चाहिए। साथ ही शिक्षकों से आह्वान किया कि वे छात्र- छात्राओं में रचनात्मक सोच विकसित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। ये बातें पूर्व सांसद और डा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने मंगलवार को कहीं। वे डा गोपाल नारायण विवि के द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ण शिक्षा का उद्देश्य प्राप्त करके ही जीवन में सफल हुआ जा सकता है। उपस्थित शिक्षकों से विदेशों से आये विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का छात्र- छात्राओं से संवाद का अच्छा असर निश्चित रूप से हुआ होगा, जिसका लाभ उठाने की आवश्यकता है। तात्कालिक रूप से भले ही इस संवाद का परिणाम सामने नजर नहीं आ रहा हो, लेकिन छात्र- छात्राओं पर भविष्य में इसका सकारात्मक प्रभाव निश्चित रूप से होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा की स्थिति को सुधारने के लिए राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। राज्यपाल महोदय से मैंने अनुरोध किया है कि वे बिहार में शिक्षा- व्यवस्था में सुधार लाने के प्रयास में उन्हें हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं। राज्यपाल से मैंने अनुरोध किया है कि मैं बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक गोपाल नारायण सिंह विवि के परिसर में कराएं। दो दिनों के बैठक के दौरान वे हर सुविधा उपलब्ध कराने को तैयार हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस बैठक से शिक्षा- व्यवस्था में सुधार का कोई ठोस रास्ता निकल सकेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि विश्व के कई देशों से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहाँ आये। पूर्वी- एशिया के देशों के विशेषज्ञों को अगली बार आयोजित की जाने वाली सेमिनार में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आमंत्रित किया जाना चाहिए। पूर्वी- एशिया के कई देश प्राचीन समय में कभी न कभी भारत के ही हिस्सा रहे हैं।

## प्राचीनकाल से ही भारत मातृ सत्तात्मक : बालमुकुंद

संवाददाता/ सासाराम। जिस भारत में हम खड़े हैं वह भारत का मध्य है, प्राण है। बिहार के सहस्त्रनाम स्थान पर हम खड़े हैं। अगर इसको भारत कहते हैं तो देश और अगर इसे भारत माता कहते हैं तो यह राष्ट्र के रूप में उद्धूत हो जाता है। प्राचीनकाल से ही यह देश मातृ सत्तात्मक रहा है। हमारी देश की विशेषता है कि हम श्रद्धा और विश्वास के साथ जीते हैं और एक साथ रहते हैं। हम चूँकि एक से अनेक हुए हैं, हमारी एकता में ही अनेकता है। हम एक ही पेड़ के फूल हैं जिनके अलग- अलग रंग और चरित्र हैं। इसीलिए जब हम विज्ञान, शोधार्थियों, राजनीति, कृषि, अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान आदि में महिलाओं के योगदान की बात करते हैं उस पर मैं यह कहना चाहूँगा कि जो श्रृष्टि का योगदान है, वही योगदान मां का है। इसलिए जब भी हमने कोई सद्गुण- पराक्रम देखा है तो उसमें हम मातृत्व- मातृभक्ति का अनुभूति किया है। बिहार में हम सूर्योपासना करते हैं, लेकिन उसे हम छठी मैया कहते हैं। जो भी पराक्रम का केंद्र है, जो सृजन- पालन कर सकती है, वह मां ही है। ये बातें अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के सचिव बाल मुकुंद ने मंगलवार को देव मंगल सभागार में कहीं। वे तीन दिवसीय डा गोपाल नारायण विश्वविद्यालय के द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में स्त्री का गुण है और प्रत्येक स्त्री में पुरुष का गुण है। दोनों को अलग नहीं कर सकते, इसलिए अलग- अलग विचार करने की कोई परंपरा नहीं है। अलग- अलग देश की अपनी- अपनी भौगौलिक परिस्थितियां है उसके आधार पर भारत के शोधार्थियों को चुनौती नहीं दिया जा सकता है। भारत की अपनी परिकल्पना है, अपनी समस्या है। निश्चित रूप से विदेशी वस्तुओं का स्वदेशा अनुकूल उपयोग करना है। जो विदेश के ज्ञान हैं, जो विदेश के प्रयोग हैं, प्रयोगधर्मिता है उसका उपयोग हम आपस में बातचीत कर भारत के लिए करेंगे। जो राष्ट्र के लिए उपयोगी है ऐसा हम सारे विषयों का प्रयोग हम भारत में करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण से संस्थान का आज का यह कार्यक्रम अति प्रशंसनीय पहल है। पिछले साल तीन देशों के प्रतिनिधि आये थे। इस बार 17 देशों से आये हैं और अगले वर्ष 50 देशों से आयेंगे। इसी आधार पर हम गंभीरता पूर्वक भारत के लुप्तप्राय परंपरा और शोध को आगे लाने का प्रयास करेंगे। भारत एक विकसित देश है, लेकिन औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रसित हैं। विकसित भारत को लेकर हमारी अनुभूति अनुकूल नहीं है। हमारा देश, हमारी भूषा, हमारी भाषा और हमारी भार्या, ये चारों स्तंभ हैं भारतीय संस्कृति के। इसी के आधार पर हम विश्वगुरु के रूप में स्थापित हुए थे। उन्होंने कहा कि हमें क्या खाना- पहनना है यह दुनिया से सीखना नहीं है। हमने कम्बोडिया को वस्त्र पहनना सिखाया था। जब दुनिया पत्ता बाँध कर शरीर को बचाती थी, जब गोरे और काले के संघर्ष में अमेरिका में आठ लाख लोगों कि हत्या कर दी गयी थी तब भारत में काली मां की उपासना हो रही थी। हम गोर- काले के बीच भेद नहीं करते। हमारे राम भी काले हैं और कृष्ण भी काले हैं। इन सब पर ठीक से विचार करना होगा। शोधकर्ता सिर्फ विज्ञान और तकनीक में नहीं बल्कि सामाजिक विज्ञान के भी आने चाहिये। अगर जीवन ही ठीक रहेगा तो उसके आधार पर बनाने वाले टूल्स भी ठीक रह सकते हैं अन्यथा बाहरी लोगों पर ही निर्भर रहना पड़ेगा।

# देश भर में सीएए लागू होने पर सियासत शुरू, पक्ष व विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप जारी

## सीएए लागू किया जाना केन्द्र का ऐतिहासिक निर्णय : आर के सिन्हा



पटना। भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा ने सीएए को पूरे देश में लागू होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही आवश्यक था क्योंकि भारत के जो लोग अन्य देशों में रह रहे थे और वहां उनकी स्थिति बहुत खराब थी जिसके कारण वे शरणार्थी भाग कर यहां आ गए थे । कोई मजनू के टीले में रह रहा था , कोई किसी मोनेस्ट्री में रह रहा था या किसी मंदिर में रह रहा या फुटपाथ पर रह रहे थे। इन सभी को नागरिकता देना बहुत आवश्यक था क्योंकि यह सब हमारे ही लोग थे। इसलिए हम लोगों ने पड़ोसी देशों से शरणार्थी बनकर आने वाले 6 समुदाय के लोग इसमें हिंदू, जैन, बौद्ध, ईसाई भी शामिल है इनको नागरिकता देने का जो निर्णय किया, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगो का यह कहना कि मुसलमानो को भी इसमें होना चाहिए था, यह उचित नहीं है। क्योंकि मुसलमान के लिए तो पूरा पाकिस्तान और बांग्लादेश दे दिया हमने ।जब ये दो देश दे ही दिया तो उसके बाद अब उनको तो पूरा राष्ट्र मिल गया। जो मुसलमान भारत में रह गए हमने उनको शरणार्थी बनाकर नहीं रखा उन सबों को नागरिकता दी। अब जो लोग पाकिस्तान चले गए, अफगानिस्तान चले गए या बाकी दूसरे देशों में है। उनको हम क्यों कोई तरजीह दें, उनको तो हमें कोई शरण देने की जरूरत ही नहीं है। क्योंकि इस्लामिक देशों की संख्या 50 से ज्यादा है। वे कहीं जाकर शरण ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ही ऐसा राष्ट्र है जहां हिंदू, मुस्लिम ,सिक्ख और इसाई सबको बराबर भाव से देखता है। इसलिए हमने सीएए में उन सभी को नागरिकता देने का प्रावधान किया। जो लोग बिना मतलब बखेड़ा खड़ा करते हैं वे नहीं जानते कि हमने तो पहले ही मुसलमानों को इतनी सुविधा दे रखी है जो कि विश्व के किसी भी देश में इतनी सुविधा नहीं है, उन्हे यह जानना बहुत जरूरी है।

## चुनाव से पहले सीएए नियमों की अधिसूचना राजनीतिक साजिश : माले

पटना। भाकपा माले ने केन्द्र सरकार द्वारा सीएए नियमों की अधिसूचना जारी करने को गंभीर राजनीतिक साजिश बताया है। मंगलवार को पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दिसम्बर 2019 में पास किये गये भेदभावकारी और विभाजनकारी अन्यायपूर्ण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने वाली नियमावली की अधिसूचना 2024 चुनावों की अधिसूचना आने से ठीक पहले जारी करना एक राजनीतिक साजिश का संकेत है। जैसा कि अमित शाह ने खुद सीएए की क्रोनोलॉजी समझाते हुए कहा था कि इस कानून को लागू करने के बाद एनआरसी–एनपीआर को देशव्यापी स्तर पर लाया जायेगा जिसके माध्यम से दस्तावेज न दिखा पाने वाले नागरिकों को नागरिकता के अधिकार से वंचित कर दिया जायेगा। सीएए नागरिकों को धर्म के आधार पर बांटने के मकसद से लाया गया है, जो भ्रामक रूप से गैरमुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने और मुसलमानों की नागरिकता छीनने, यहां तक कि देश निकाल देने, तक की बात करता है। लेकिन असम में की गयी एनआरसी की कवायद और देश में जगह–जगह चलाये जा रहे बुलडोजर ध्वस्तीकरण अभियानों से स्पष्ट हो चुका है कि आदिवासियों और वनवासियों समेत सभी समुदायों के गरीब इससे प्रभावित होंगे। देश का लोकतांत्रिक अभिमत और समान नागरिकता एवं संवैधानिक अधिकार आन्दोलन ने सीएए–एनआरसी के पूरे पैकेज को संविधान पर हमला बता कर खारिज कर दिया है ।चुनाव से पहले सीएए नियमावली की अधिसूचना ने लोकतंत्र के संवैधानिक आधार को बचाने के जनआन्दोलन की अनिवार्यता को पुनः रेखांकित किया है। मोदी सरकार को आगामी आम चुनावों में सत्ताच्युत करना जरूरी हो गया है। हमें एकजुट रहना होगा ताकि जनता को बांटने, व आगामी चुनावों में फासिस्ट ताकतों को शिकस्त देने के मिशन से जनता का ध्यान हटाने की मोदी सरकार और भाजपा की साजिश नाकामयाब हो।

## मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सीएए लागू करने की हुई घोषणा : एजाज



पटना। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सीएए की अधिसूचना जारी किये जाने का राजद ने भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने मुद्दों से ध्यान भटकाने तथा हेडिंग बदलने के लिए सीएए की अधिसूचना जारी कर दी है, और इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया है। अहमद ने कहा है कि जब देश का नौजवान रोजगार मांग रहा है,जब देश के लोग महंगाई से परेशान है, तब नरेंद्र मोदी के सरकार के पास इन सभी का जवाब का है सीएए। केंद्र सरकार ने लोगों वादा किया था कि हर साल दो करोड़ नौकरी देने का,लेकिन 10 साल बीत जाने के बाद भी केवल सात लाख बाईस हजार तीन सौ ग्यारह लोगों को ही नौकरी दे पाए। और अब जब सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड के मामले में बीजेपी सरकार को घेरा तब हैडलाइन बदलने के लिए रातों-रात नरेंद्र मोदी सरकार ने सीएए की अधिसूचना जारी कर दिया। जबकि सीएए दोनों सदनों से साढे चार साल पहले ही पास हो गया था तो यह चुनाव के ठीक पहले इसकी अधिसूचना जारी करके क्या नरेंद्र मोदी की सरकार एजेंडा सेट करना चाहती है लेकिन भारत और बिहार की जनता जानती है इनके लाख प्रयास के बावजूद भी जनता इनको नकार चुकी है हर अब देश का नौजवान नौकरी और रोजगार चाहता है और भाजपा के एजेंडे में फंसने वाला नहीं है। भाजपा की ऐसी राजनीति का पोल खुल चुका है और देश की जनता मोदी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

## गरीबों का कल्याण नीतीश कुमार की प्राथमिकता : उमेश

**● लघु उद्यमी योजना गरीबों के लिए उम्मीद की नई किरण**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा शुरू की गई बिहार लघु उद्यमी योजना प्रदेश के गरीब अवाम के लिए उम्मीद की नयी किरण बनी है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर 40 हजार से अधिक लाभुकों को प्रथम किस्त में 50 हजार रुपये प्रदान किए जा चुके हैं। इस योजना की मदद से आज बड़ी संख्या में लोग अपना उद्योग-धंधा लगाकर अपने परिवारजनों का भरण-पोषण कर रहे है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार और गरीबों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में यह योजना भविष्य में क्रांतिकारी साबित होगा। जाति आधारित गणना के दौरान बिहार में 94 लाख से अधिक गरीब परिवार चिन्हित किये गए थे, जिन्हे विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आर्थिक मदद की आवश्यकता थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी जरूरतों को समझते हुए गरीब परिवारों को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि देने का निर्णय लिया और आज की तारीख में यह योजना गरीबों के चेहरे पर खिली मुस्कान का कारण बना है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि गरीबों का कल्याण और प्रदेश का उत्थान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्राथमिकता रही है। अंतिम पायदान पर खड़े आम अवाम को आर्थिक रूप से सशक्त किए बेगैर बिहार को विकसित राज्य बनाने का सपना अधूरा है और यह बात मुख्यमंत्री बखूबी समझते हैं। लघु उद्यमी योजना नीतीश सरकार के दूरदृष्टि और लोककल्याण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आने वाले दिनों में और बड़े पैमाने पर लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

## शिक्षकों की पहचान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : प्राचार्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सेवानिवृत्ति वास्तव में जीवन मूल्यों की ओर प्रवृति का अवसर है। हमें अपनी सक्रियता को प्रगतिगामी दिशा में ले जाने की आवश्यकता है। यह बातें टीपीएस कॉलेज शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। इस अवसर पर सेवा निवृत्त हुए शिक्षक डॉ. रघुवंश मणि ने कहा कि आज आपके इस सम्मान से मैं अभिभूत हूँ। आज मेरी पहचान शिक्षक के रूप में है जो मेरे लिए गौरव का विषय है। शिक्षक संघ के सचिव प्रो. श्यामल किशोर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान शिक्षक से होती है। यहां के शिक्षकों की पहचान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए रही है जिनमें से प्रो. रघुवंश मणि जी भी एक हैं। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने प्रो. रघुवंश मणि के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। इसके पहले डॉ शशिभूषण चौधरी ने अभिनन्दन पत्र का वाचन किया और उनके साथ बिताए क्षणों को याद किया। शिक्षक संघ की ओर से उपहार प्रदान किया गया। टी.पी.एस. कॉलेज शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रो जावेद अख्तर खान ने शिक्षक के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक संघ की उपाध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना कुमारी ने की। मंच का सफल संचालन डॉ. नुपूर तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो कृष्णनंदन प्रसाद ने किया। आईक्यूएसी की संयोजक एवं मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो रूपम ने प्रो रघुवंश मणि के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे हमलोगों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। इस अवसर पर प्रो हेमलता सिंह, प्रो अंजलि प्रसाद, प्रो विजय कुमार, डॉ धर्मराज राम, डॉ मुकुन्द, डॉ प्रीति, डॉ नूतन, डॉ. शशि प्रभा दूबे, डॉ. उषा किरण, डॉ विनय भूषण, डॉ द्रोपदी सिंह, प्रो. अरूण कुमार, प्रो विनोद कुमार राय, प्रो धीरेन्द्र कुमार सिंह, प्रो रामदास एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में मनोज कुमार, आलोक कुमार, दीपक कुमार, तुमुल आंनद, मृत्युजंय कुमार एवं पूर्व छात्र अध्यक्ष अंकित तिवारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

## भाजपा भगाओ देश बचाओ अभियान चलाया जाएगा : राणा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार एनसीपी शरदचंद्र पवार के प्रदेश अध्यक्ष राणा रणवीर सिंह की अध्यक्षता में पटना में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें भाजपा एवं आर एस एस के छुपे एजेंडे के खिलाफ हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री राणा ने कहा कि भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इसलिए चार सौ पार का लक्ष्य रखा ताकि संविधान को बदला जा सके। श्री राणा ने कहा कि भाजपा अगर 2024 में किसी भी प्रकार सत्ता में आ गई तो देश में हिटलर शाही व्यवस्था लागू हो जाएगी। इसलिए हम तमाम एनसीपी कार्यकताओं की जबाबदेही बनती है कि भाजपा एवं आर एस एस के गुप्त एजेंडे का बिहार की जनता के सामने पोल खोलकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा भगाओ देश बचाओ अभियान चलाया जाएगा जो सभी जिलों में पार्टी कार्यकताओं को घूम घूम कर पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम चलाने का निर्देश जारी किया गया है। श्री राणा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सारी संवैधानिक संस्थाओं को तहस नहस करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश में अघोषित रूप से आपातकाल लगा दिया है जिसके कारण आम जनता में काफी आक्रोश व्याप्त होते जा रहा है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने जनता से किए गए वादा को पूरा करने के बजाय अनाप शनाप मुद्दों को उछालकर जनता का ध्यान भटकाने में लगे हुए हैं ताकि 2024 में येन केन प्रकारेण केन्द्र की सरकार तीसरी बार सत्तारूढ़ हो सके जिसे देश की जनता कभी पूरा नहीं होने देगी। बैठक को पार्टी के अनेक साथियों ने संबोधित किया जिसमें प्रमुख हैं- इंद्रदेव दास,डॉ एम भारती,कामता यादव,रामध्यान कुशवाहा,धुपेन्द्र सिंह,रंजीत यादव,मुनीन्द्र राय,जे पी सिंह,गुलाब कृष्ण राय,सिकंदर पासवान,अशोक दास,शेख अनीश, कामेश्वर कुमार,प्रदीप मंडल,मनीष मौर्य, संजय मिश्रा,राकेश कुमार,मुन्ना कुमार,आलोक कुमार सिंह,टिंकु सिंह,नीरज कुमार सिंह आदि।

## नीतीश सुशासन और राजद कुशासन का प्रतीक : राजीव रंजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा है कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में झूठ बोलने का कीर्तिमान बना रहे राजद के नेताओं को समझना चाहिए कि बिहार का जनता उनका सारा खेल जानती है। उनके जंगलराज की कालिख 17 महीनों पर बोले जा रहे झूठ से धुलने वाली नहीं। जनता जानती है कि नीतीश जहां सुशासन के प्रतीक हैं वहीं राजद की खासियत कुशासन है। जनता भूली नहीं है कि नीतीश राज से पहले बिहार में कैसी अंधेरनगरी थी। नीतीश राज में ही पहली बार आम जनता के दरवाजे पर विकास की पहुंच हुई। उन्होंने कहा कि राजद के राज में जहां विकास एक मजाक था वहीं आज नीतीश राज में बिहार की 10.64: की विकास दर, देश के विकास दर से भी अधिक है। राजद के राज में बीमारू कहा जाने वाला बिहार आज देश के तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में आज तीसरे नंबर पर पहुंच चुका है। तेजी से हुए विकास के कारण तब के मुकाबले आज बिहार का बजट राजद काल के मुकाबले 10 गुणा अधिक हो चुका है। आज खास परिवारों के विकास की बजाए आम बिहारवासियों का जीवन सुधर रहा है। राजद काल में मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसने वाले बिहार में आज कोने-कोने में बिजली, पानी, सड़क, रसोई गैस, शौचालय आदि का जाल बिछ चुका है। जनता की आमदनी लगातार बढ़ रही है वहीं गरीबी में निरंतर गिरावट आ रही है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि पिछले 16 साल में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार ने 11 गुना और शिक्षा के क्षेत्र में 8 गुना खर्च की वृद्धि की है। परिवारवादी शासन में ऐसा सोचना भी मुमकिन नहीं था। उन्होंने कहा कि यह नीतीश जी के समाजवादी शासन का ही परिणाम है कि आज बिहार की महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कामयाबी के झंडे गाड़ रहीं हैं। स्कूलों और कॉलेजों में लड़कियों की संख्या लड़कों के बराबर हो गयी है। वहीं जीविका से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह सफलताएं दिखाती हैं कि बिहार का कल्याण नीतीश के सुशासन से ही संभव है, विपक्ष के कुशासन से नहीं।

### महाप्रबंधक के समक्ष रेलकर्मियों ने अपनी समस्याएं रखी

पटना। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने मुख्यालय हाजीपुर में अपने कक्ष में मंगलवार को रेलकर्मी व उनके आश्रित से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए ।महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## मैत्री संघ ने मौरिशस के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की दी बधाई

**● संघ के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने दोनों देशों में संबंधों की प्रगाढ़ता और ऊन्नति की कामना**



पटना। भारत मौरिशस मैत्री संघ ने, मौरिशस के नागरिकों को उनके स्वतंत्रता दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। संघ के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने भारत में उच्चायुक्त रहे और संघ के संरक्षक मुखेश्वर चुनी तथा सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा सरिता बुधु को भेजे अपने संदेश में शुभकामनाएँ देते हुए, दोनों देशों में परस्पर प्रेम और सद्भाव में प्रगाढ़ता और ऊन्नति की कामना की है। डा सुलभ ने कहा है कि यह बिहार वासियों के लिए गौरव का विषय है कि बिहारी मूल के ही सर शिव सागर राम गुलाम के नेतृत्व में मौरिशस की स्वतंत्रता का सफल संग्राम हुआ और आज ही के दिन 12 मार्च 1968 को मौरिशस को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। सर शिव सागर राम गुलाम के नेतृत्व में ही स्वतंत्र मौरिशस की नयी सरकार बनी और आज मौरिशस की सत्ता पर बिहारी मूल के लोगों का अधिकार है। डा सुलभ ने कहा कि इस वर्ष का स्वतंत्रता-दिवस समारोह, दोनों देशों के लिए इसलिए भी विशेष है कि इस समारोह में भारत की माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रही हैं। इससे दोनो देशों की नैसर्गिक-मित्रता को और अधिक ऊर्जा और शक्ति मिलेगी। बधाई देनेवालों में संघ के उपाध्यक्ष डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय, डा शंकर प्रसाद, डा राज कुमार नाहर, डा मधु वर्मा, दिलीप कुमार , पारिजात सौरभ , डा पूनम आनंद, राजेश भट्ट, देव नारायण ओझा, डा पुष्पा जमुआर, प्रो सुशील कुमार झा, ई अशोक कुमार, शशि भूषण कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, सागरिका राय, डा शालिनी पाण्डेय, कुमार अनुपम, श्याम बिहार प्रभाकर, डा प्रतिभा रानी, चंदा मिश्र, कमल किशोर वर्मा, सदानन्द प्रसाद, इन्दु उपाध्याय, डा विद्या चौधरी, डा अमरनाथ प्रसाद, डा पीयूष रंजन झा, प्रेमलता सिंह राजपुत, डा सुषमा कुमारी, किरणकांत वर्मा, सिद्धेश्वर, नीरव समदर्शी तथा नेहाल कुमार सिंह निर्मल के नाम शामिल हैं ।

## किसानों को महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समय पर मिलेगा : विजय

### वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कृषि विभाग की योजनाओं की स्वीकृति का कार्य मार्च माह में ही

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप में कृषि विकास की योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में संचालित की जाने वाली योजनाओं की सभी प्रक्रिया को मार्च माह के समाप्त होने के पहले पूर्ण करने की कार्रवाई कृषि विभाग द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप में किसानों को ससमय बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खरीफ फसलों के बीज वितरण से संबंधित सभी योजनाएँ यथा मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना एवं प्रमाणित बीज वितरण कार्यक्रम, राज्य योजना अंतर्गत राजकीय बीज प्रक्षेत्रों में खरीफ, रबी और गरमा मौसम में बीज उत्पादन कार्यक्रम तथा गरमा मौसम में जैविक खेती प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत हरी खाद कार्यक्रम के अधीन ढैंचा बीज वितरण कार्यक्रम और उद्यान निदेशालय द्वारा संचालित नर्सरी के सुदृढ़ीकरण से संबंधित योजनाओं के स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार, मखाना विकास योजना, केला विकास योजना, मधुमक्खीपालन एवं मधु उत्पादन कार्यक्रम, पौधा संरक्षण से संबंधित योजना तथा फसल विविधीकरण योजना के अधीन शुष्क बागवानी फसलों के प्रोत्साहन की योजना की स्वीकृति की जा रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि सचिव, कृषि विभाग संजय कुमार अग्रवाल द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजनाएँ विशेषकर राष्ट्रीय कृषि विकास योजना तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (कृषोन्नति योजना) के राज्यस्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक आयोजित कर जलवायु अनुकूल कृषि के लिए मोटे/पोषक अनाज (मिलेट्स) को बढ़ावा देने से संबधित योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई-प्रति बूंद अधिक फसल, किसानों को अनुदानित दर पर कृषि यंत्रों से संबंधित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकेनाईजेशन योजना तथा आत्मा योजना की सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की ससमय स्वीकृति से किसानों को फसल मौसम के अनुसार समय पर बीज की उपलब्धता, अप्रैल माह से ही यंत्रों के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की सुविधा तथा पोषक अनाज को बढ़ावा देने से संबंधित कार्यक्रम को क्रियान्वित करने में सहुलियत होगी। इससे फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में आशातीत वृद्धि होगी तथा किसानों की आय बढ़ेगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि योजनाओं की स्वीकृति में विलंब होने के कारण किसानों को समय से योजनाओं का लाभ नही मिल पाता है। इसीलिए इस बार यह निर्णय लिया गया है कि कृषि रोड मैप की योजनाओं की स्वीकृति समय से पूर्व कर लिया जाय ताकि किसानों को खेती के कार्य में कोई परेशानी नहीं हो। कृषि एवं किसानों का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार किसानों के सहयोग के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।


**बिहार सरकार**

**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1,भवन निर्माण विभाग, पटना**

अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–79 वर्ष 2023–24

विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करने हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं, एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–23.03.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0 1 एवं 2, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा वर्णित कार्य का अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता के साथ अथवा स्वयं स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या या वेवसाइट **https://state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

| S. No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | AMC of 125 KVA DG Set with AMF Panel, A.C Transformer and electric installation with wiring of NIC Office in Newly Constructed Police Barrack Behind ECCO Park at Patna. | 01 Year |
| 2 | Provision of Computer Networking System, Computer Wiring, Power Point Wiring & Telephone Wiring in Hall No-422 of Minor Water Resource Department 4th Floor at Vikash Bhawan, Patna | 07 Days |
| 3 | S/R to E/W & E/I Computer Networking system & Telephone wiring in room No-351 of Education Deptt at Vikash Bhawan, Patna. | 07 Days |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

PR. No.019533 (BCD) 2023-24

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 209 वर्ष 2023–24

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट **State.bihar.gov.in/prdbihar** देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **21.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Renovation of Ceiling Work and Partition Work in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 02- | Renovation of Flooring Works & Wall Paneling in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 03- | Renovation of Book Shelf, Bathroom Tiles, Sanitary Installation & Texture Painting in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 04- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Part- I) | | | |
| 05- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | | | |
| 06- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Part- III) | | | |
| 07- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Part- IV) | | | |
| 08- | Supply and Installation of Fire Alarm System & Smoke Detector for Safety Protection in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 09- | Supply and Installation of Fire Extinguisher System for Safety Protection in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 23-24. | | | |
| 10- | Supply and Installation of 4K Smart OLED T.V. in Treasury Office at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 11- | Supply and Installation of Communication System (EPABX) at Treasury Office Under Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 12- | Supply and Installation of Security Surveillance System for Safety Protection at Treasury Office Under Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 13- | Supplying and Installation in F.R. P. Drain Cover in Adhiveshan Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 019531 (BCD) 2023-24

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

# संक्षिप्त खबरें

## सीएए लागू करने से पहले राष्ट्रीय सर्वसम्मति बनाने की मांग

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) ने शरणार्थियों को नागरिकता देने के सम्बंधी कानून लागू करने से पहले राष्ट्रीय सर्वसम्मति बनाने की मांग की है।पार्टी के महासचिव प्रभास घोष ने आज एक प्रेस बयान जारी कर कहा है किह्नहम गहरी चिंता के साथ नोट करते हैं कि शरणार्थियों को नागरिकता देने के मुद्दे पर राष्ट्रीय सर्वसम्मति विकसित करने की परवाह किए बिना भाजपा सरकार ने संसदीय चुनाव की पूर्व संध्या पर बहुत ही जल्दबाजी में ह्यनागरिकता (संशोधन) अधिनियमह्ल(सीएए) लागू कर दिया है। हम मांग करते हैं कि देशवासियों को चर्चा -बहस में शामिल कर एक मुनासिब कवायद की जानी चाहिए, जिसके आधार पर शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए उपयुक्त कानून बनाने पर वांछित राष्ट्रीय सर्वसम्मति उभर कर आ सके।

## एआईडीएसओ का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला

मुजफ्फरपुर। अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर एआईडीएसओ के प्रतिनिधिमंडल ने बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात की।कुलपति ने वार्ता के दौरान रिजल्ट की गड़बड़ी दूर करने, प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित छात्रों की हर तरह की समस्याओं को दूर करने हेतु एक समय सीमा निर्धारित करने, कॉलेज में निर्धारित शुल्क से अधिक फीस लेने पर रोक लगाने, सभी जर्जर छात्रावासों को चुस्त दुरुस्त करने एवं वोकेशनल कोर्स में पढ़ रहे छात्रों के लिए उनके द्वारा जमा हॉस्टल फीस के मद से नए छात्रावास निर्माण करने एवं छात्राओं तथा एससी/एसटी छात्रों को निःशुल्क शिक्षा सुनिश्चित करने, छात्रों की समस्याओं का ससमय समाधान कर भ्रष्टाचार बंद करने आदि मांगों पर अविलंब कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।वहीं प्रतिनिधिमंडल में शामिल एआईडीएसओ के मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि मांगों पर अविलंब कार्रवाई नहीं होती है तो छात्रों को संगठित कर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को तेज किया जाएगा।

## वाचस्पति नगर-लौकहा बाजार रेलखंड पर 13 एवं 14 मार्च को किया जायेगा स्पीड ट्रायल

हाजीपुर। झंझारपुर-लौकहा बाजार आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत वाचस्पति नगर - लौकहा बाजार रेलखंड पर दिनांक 13 मार्च एवं 14 मार्च को स्पीड ट्रायल किया जायेगा। इस दौरान इस रेलखंड पर लाइट इंजन द्वारा 100 किमी/घंटा या उससे अधिक की गति से स्पीड ट्रायल किया जायेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्पीड ट्रायल के दौरान रेलवे लाईन से दूर रहें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

मधुबनी खजौली पुलिस ने मंगती चैक पर वाहन चेकिंग के दौरान स्कॉर्पियो से शराब धंधेबाज सहित भाड़ी मात्रा में नेपाली देशी एवं विदेशी शराब जब्त किया. थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में शराब धंधेबाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ. दर्ज एफआईआर के अनुसार थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मंगती चैक पर वाहन चेकिंग कर रहे थे. उसी दौरान तेज रफ्तार में एक उजले रंग का स्कॉर्पियों दतुआर की ओर जा रहा था. पुलिस को देखते ही वह गाड़ी को पीछे कर भागने का प्रयास किया. पुलिस बल की सहयोग से धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया.पकड़ाये हुए व्यक्ति की पहचान जयनगर थानाक्षेत्र के कुआढ़ गांव निवासी अशोक कुमार मंडल के रूप में हुई. जिसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. स्कॉपियों की तलाशी ली गई. जिसमें 1632 बोतल शराब पाया गया. जिसमें 1500 बोतल नेपाली देशी शराब तथा 132 बोतल विदेशी शराब था. पुलिस ने शराब, धंधेवाज सहित स्कॉर्पियों भी जब्त कर लिया।

## स्वच्छता पर्यवेक्षक पद हेतु आवेदन की तिथि विस्तारित

विभूतिपुर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर मानदेय आधारित भर्ती हेतु आवेदन देने की तिथि को विस्तारित करते हुए अब उसे 16 मार्च कर दिया गया है। संबंधित पंचायत के सुयोग्य आवेदक कार्यालय अबधि में पूर्वाहन 11:00 से अपराह्न 4:00 बजे तक इसके लिए पंचायत कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 16 मार्च के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यह निर्णय पंचायत कार्य कार्यकारणी की बैठक में लिया गया है। कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पूर्व के 11 मार्च तक आवेदन प्राप्ति की तिथि अब 16 मार्च तक विस्तारित किया गया है। यह जानकारी कल्याणपुर उत्तर पंचायत के पंचायत सचिव दिनेश कुमार ने पत्र निर्गत कर दी है।

# संस्कृत को व्यवहार में लाए, सभी प्रशासकीय संस्कृत में हो तो इसकी बढ़ेगी प्रतिष्ठा:राज्यपाल

● बजट सत्र के अलावा शैक्षणिक सत्र के लिए अलग से होगी सीनेट की बैठक



प्रात: किरण संवाददाता,
देवेन्द्र कुमार ठाकुर

दरभंगा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में मंगलवार को दरबार हॉल में आयोजित सीनेट की 47वी बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलाधिपति राजेन्द्र विश्ववनाथ आर्लेकर ने सभी मान्य सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी विद्वतजन हैं। यह विद्वानों की सभा है। विश्वविद्यालयों का समेकित विकास जिस तरह होना चाहिए वह नहीं हो सका है। इसका समाधान कैसे होगा, इसपर हमसभी को सोचना होगा। विश्वविद्यालय के हित में सीनेटरों का बड़ा कर्तव्य है, इस पर भी विचार आवश्यक है। उन्होंने संस्कृत को पुरातन भाषा कहते हुए जोड़ा कि इसे सभी रोज के व्यवहार में लाएं। तभी इसकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और विश्व स्तर पर इसे मुकम्मल स्थान मिलेगा। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को हम हिंदी नहीं भी सिखाते हैं तो वे बोल लेता है। बड़ा होकर ही वे उसमें दक्ष हो पाता है। तो ऐसे में अगर हमलोग संस्कृत में विचारों का रोज आदान प्रदान करेंगे तो बेशक यह भाषा सर्वसुलभ हो जाएगी। इससे इसका मान भी बढ़ेगा और विलुप्त होने से भी यह बच जाएगी। संस्कृत को संस्कृति का वाहक बताते हुए कुलाधिपति ने तमाम प्रशासकीय कार्यों को संस्कृत में ही सम्पादित कराने को कहा। यहां तक कि आंतरिक संचिकाओं की टिपण्णी व पत्राचार भी संस्कृत में ही करने का उन्होंने आह्वान किया। उन्होंने आगाह किया कि अन्यथा की स्थिति में विपरीत वातावरण ही बना रहेगा। इसी क्रम में उन्होंने खुलासा किया कि जब वे हिमाचलप्रदेश के राज्यपाल थे तो वहां के राजभवन कर्मियों के लिए संस्कृत सम्भाषण शुरू कराया गया था। हर्ष का विषय यह रहा कि कुछ दिनों बाद ही वहां के कर्मी फाइलों में संस्कृत में ही टिपण्णी करने लगे। तो क्या यहां यह सम्भव नहीं है? जरूरत है इस ओर कदम बढ़ाने की। कुलाधिपति ने कहा कि सीनेट सदस्यों को भी संस्कृत का ज्ञान होना चाहिए। इसके लिए विश्ववविद्यालय में उन्होंने संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन करने के लिए कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय से कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस सम्भाषण शिविर में आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय के विकास एवं इसकी गतिविधियों के सम्यक संचालन का दायित्व यहाँ के पदाधिकारियों के अतिरिक्त सीनेट के सदस्यों का भी है। परीक्षाओं को ससमय सम्पन्न कराने में उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन को सहयोग करना चाहिए। वहीं, उन्होंने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए कि भावी पीढ़ी की जिम्मेदारी हमसभी पर है। उनके भविष्य को खराब करने का अधिकार हमें नही है। इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन को आपका सहयोग जरूरी है। बैठक के बाद भी आपका इस ओर कर्तव्य बनता है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि सीनेट की बैठक में भाग लेने के बाद क्या हमसभी विश्वविद्यालय की प्रगति, शैक्षणिक वातावरण में सुधार के लिए सोचते हैं, शायद नहीं। इस पर गौर करने की जरूरत है। कुलाधिपति ने अपने अभिभाषण में यह भी कहा कि विश्वविद्यालय महाविद्यालय नहीं है। इसलिए यहां शोध कार्यों पर विशेष जोर देने की जरूरत है। यहां अनेक न्यास स्थापित हों और बहुविषयक पढ़ाई भी हो। कुलाधिपति ने संस्कृत विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय की काफी सराहना की। उन्होंने कुलपति प्रो0 पांडेय को बहुत ही कुशल व दक्ष विद्वान बताते हुए कहा कि चयन समिति ने जो विश्वास व भरोसा इनके ऊपर जताया है , हम उम्मीद करते हैं कि वे उसको अवश्य पूरा करेंगे। उन्होंने पुनः इसे दोहराया कि सीनेट की दो बैठकें होनी चाहिए। एक बजट सत्र और दूसरा शैक्षणिक सत्र। निकट भविष्य में शैक्षणिक सत्र आयोजित करने के लिए उन्होंने कहा। इसमें शामिल होने के लिए कुलाधिपति ने अपनी सहमति भी प्रदान कर दी। सभी मान्य सदस्यों ने कुलाधिपति के प्रति आभार जताया एवम उनकी उपस्थिति को गौरवपूर्ण बताया।

## संस्कृत विश्वविद्यालय में करीब 4.81 अरब के घाटे का बजट सीनेट से स्वीकृत

दरभंगा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित सीनेट की 47वी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल चार अरब 80 करोड़ 71 लाख 12 हजार 188 रुपये के घाटे का बजट स्वीकृत कर दिया गया। प्रतिकुलपति प्रो0 सिद्धार्थ शंकर सिंह द्वारा सदन के पटल पर रखे बजट को मूल रूप से सात शीर्ष मद में बांटकर तैयार किया गया है। बजट में छह स्नातकोत्तर विभागों, 31 अंगीभूत महाविद्यालयों, सम्बद्ध 26 शास्त्री व 15 उपशास्त्री महाविद्यालयों यानी कुल 72 महाविद्यालयों के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों के अलावा मुख्यालय के पदाधिकारियों व कर्मचारियों के लिये खर्चे प्रस्तावित हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार विवि के प्रस्तावित बजट में कुल चार अरब 82 करोड़ 82 लाख 30 हजार 583 रुपये के व्यय का अनुमान किया गया है। व्यय मद में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन, सेवांत लाभ, पेंशन, पारिवारिक पेंशन तथा एरियर मद की राशि को रखा गया है। वहीं, आय मद में आंतरिक स्त्रोत एवं स्ववित्त पोषित संस्थानों से प्राप्त होने वाली कुल आय को शामिल किया गया है। विवि की कुल अनुमानित आय दो करोड़ 11 लाख 18 हजार 395 रुपये का अनुमान लगाया गया है। इस प्रकार बजट में दिखाए गए घाटे की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार,रुसा एवं अन्य संसाधनों से प्राप्त अनुदान व आंतरिक संसाधनों को विकसित कर किया जाएगा।

# हल्का मुख्यालय में वंशावली बनाने को लेकर शिविर का आयोजन




प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड अंतर्गत हल्का मुख्यालय में वंशावली बनाने को लेकर सप्ताह में तीन दिवस मंगलवार बुधवार एवं गुरुवार को आयोजन करने का निर्देश सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पटना के पारित आदेश के आलोक में समाहर्ता मधुबनी के आदेश के द्वारा विक्रेता दानकर्ता के नाम से जमाबंदी कायम होने की स्थिति में ही संबंधित भूमि संपति निबंधन किए जाने का निर्देश के अनुपालन की स्थिति में पूर्व से सृजित जमाबंदी में छूटे हुए खाता,खेसरा एवं रकवा तथा लगान को अध्ययन करने एवं पारिवारिक बंटवारा हेतु वंशावली शीघ्र तैयार करने हेतु सप्ताह में तीन दिन मंगलवार बुधवार एवं गुरुवार को हल्का मुख्यालय में वंशावली शिविर का आयोजन करने का निर्देश अंचलाधिकारी रहिका को प्राप्त हुआ।सीओ रहिका ने प्राप्त निर्देश के अनुपालन हेतु रहिका आंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों को निम्न प्रकार वंशावली शिविर आयोजन करने हेतु रोस्टर तैयार अंचलाधिकारी रहिका के द्वारा किया गया। सीओ रहिका अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी राजस्व कर्मचारी को हल्का में शिविर को लेकर लिस्ट जारी किया गया जिसमे राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार सप्ता(नगर) व जगतपुर का पनपीबी पोखर मंगलवार,बुधवार गुरुवार,कुमारी ज्योति हल्का भौआरा का भछी पंचायत भवन, सनौर शंभुआर पंचायत भवन, खुशबू कुमारी भछी,खजूरी भछी पंचायत भवन, मकसूदा शंभुआर पंचायत भवन,अर्चना कुमारी मलंगिया,इजरा,लक्ष्मीपुर, मलंगिया,ईजरा पंचायत भवन, लक्ष्मीपुर का शंभुअर पंचायत भवन,राजीव कुमार सौराट, नाजीरपुर,बसुआरा,अखिलेश कुमार ककरौल उत्तरी, ककरौल दक्षिणी पंचायत सरकार भवन ककरौल उत्तरी,राम बालक राम सतलाखा,हुसैनपुर,सामुदायिक भवन हुसैनपुर,रहिका पंचायत भवन,दिवेश कुमार बलिया पंचायत सरकार भवन मंगलवार, सुंदरपुर भिट्ठी पंचायत सरकार भवन बुधवार,शंभूआर पंचायत सरकार भवन बृहस्पतिवार, अंचलाधिकारी रहिका ने सभी राजस्व कर्मचारी शिविर आयोजन से संबंधित आम सूचना का व्यापक प्रचार प्रचार करना सुनिश्चित करेंगे।सभी संबंधित को सूचित करेंगे।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, बच्ची समेत तीन की मौत, अनियंत्रित होकर पोल से टकराई गाड़ी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर बस स्टैंड से मिनी बस करीब 20 से 25 यात्रियों को लेकर समस्तीपुर से बहेड़ी जा रही थी। इसी दौरान खानपुर थाना क्षेत्र के रेबड़ा गांव के पास बस के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। समस्तीपुर के खानपुर थाना क्षेत्र के रेबड़ा गांव के पास यात्रियों से बस पलट गई। इसमें बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दस अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। मरने वालों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव के मानदेव मंडल, बीके चौपाल और रेवड़ा गांव के ही महेश शर्मा की पुत्री निखिल कुमारी (10 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर खानपुर पुलिस ने तीनों शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घायलों का उपचार भी कराया जा रहा है। बताया गया है कि समस्तीपुर बस स्टैंड से मिनी बस करीब 20 से 25 यात्रियों को लेकर समस्तीपुर से बहेड़ी जा रही थी। इसी दौरान खानपुर थाना क्षेत्र के रेबड़ा गांव के पास बस के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। इससे गाड़ी असंतुलित हो गया और सड़क किनारे बिजली पोल से जा टकरा गई। इसके बाद सड़क के पास ही गड्ढे में पलट गई। इस घटना में मौके पर ही बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य जख्मी भी हो गए। बताया गया है कि कुछ लोगों को करंट भी लगा जो बस के ऊपर बैठे हुए थे। सभी घायलों को खानपुर पीएससी लाया गया। यहां तीन लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं 10 से अधिक घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है जबकि अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं।

# सक्षमता परीक्षा में सम्मिलित शिक्षकों का आज होगी बायोमेट्रिक मिलान

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सक्षमता परीक्षा 2024 (प्रथम) में सम्मिलित शिक्षकों का बायोमेट्रिक मिलान 13 मार्च 2024 यानी आज बुधवार को 10: 00 बजे से प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी विभूतिपुर में होगी।

उक्त बात की जानकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कृष्णदेव महतो ने पत्र निर्गत कर दिया है। जिसमें बताया गया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के आदेशानुसार बिहार विद्यालय विशिष्ट नियमावली 2024 के आलोक में स्थानीय निकाय शिक्षकों हेतु सक्षमता परीक्षा 2024 प्रथम में सम्मिलित शिक्षकों का बायोमेट्रिक मिलान किया जाएगा। जिसकी सूचना पत्र निर्गत कर प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को दी गई है। संबंधित शिक्षक निर्धारित तिथि को स्वयं सभी प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करवाएंगे। वैसे शिक्षक जो निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होंगे उन्हें संदिग्ध मानते हुए उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# गोली मारकर लहठी कारोबारी की हत्या

प्रात: किरण संवादाता

बोचहा। गरहां थाना क्षेत्र अंतर्गत गरहां-हथौड़ी मार्ग पर लालपुर स्कूल के समीप लहठी कारोबारी मो नासिर का गोली लगा शव मिला है। शव मिलते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। सुचना मिलते ही मृतक के परिजन और पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। शव को देखने से लग रहा था कि उसे बिलकुल करीब से सीने पर गोली मारी गई है और सुबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को लालपुर में फेक दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद कर आगे की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मृतक के भाई मोहम्मद फिरोज ने बताया कि नासिर बोचहा स्थित अपने घर से बाइक लेकर हथौड़ी के लिए निकला था। रात्रि 8 बजे संपर्क साधा तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला और सुबह उसका शव लालपुर में मिलने की खबर मिली। मृतक के भाई फिरोज ने पुलिस को यह भी बताया कि पिछले कई वर्षों से हथौड़ी थाना क्षेत्र के सिमरी गांव की चूड़ी बेचने वाली एक महिला से उसके भाई का लगाव था। इसके बाद पुलिस ने उक्त महिला और उसके पुत्र से भी पूछताछ कर रही है। हालांकि हिरासत में ली गई महिला अपने आप को मृतक की दूसरी बीबी बता रही है। वह अपने आप को निर्दोष बताती है। फिलहाल पुलिस आरोपियों तक पहुंचने व मृतक के बाइक का पता लगाने में जुटी है।लोगों का कहना है कि मृतक लहठी बनाकर आसपास के इलाके के खुदरा लहठी बेचने वालों के हाथों बिक्री करता था और शाम को तगादा में निकल पड़ता था। थानाध्यक्ष विनोद दास ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि शव के समीप से दो खोखा बरामद किया गया है, लेकिन घटना स्थल पर खून के छींटे नहीं मिले है। आशंका है कि दूसरी जगह हत्या की गई है। साथ ही आसपास के इलाके का सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

# सपने नहीं हकीकत बुनते हैं,तभी तो सब मोदी को चुनते हैं:सुरज गुप्ता



प्रात: किरण संवादाता

मधुबनी खजौली विधानसभा अंतर्गत जयनगर नगर में कमला रोड बुथ संख्या 214 ,219 ,220 पर नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा द्वारा आयोजित लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत वार्डों में घर घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया गया और सेल्फी लेकर मिस्कॉल किया गया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता ने कहा कि सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। वहीं सुरज गुप्ता ने नागरिकता संशोधित अधिनियम लागू करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकता (संशोधित) अधिनियम धर्म के आधार पर विदेशों में मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित होने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाई धर्म का पालन करने वाले शरणार्थी को भारत की नागरिकता प्रदान कर उन्हें मोदी सरकार ने सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है। वहीं जिला संयोजक लाभार्थी संपर्क अभियान धीरेंद्र झा ने कहा कि मोदी के संकल्प को सिद्धि में बदल तीसरी बार जनता बनायेगी मोदी को पीएम! वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद तिवारी ने कहा कि पूरे विश्व में बढ़ी है प्रधानमंत्री मोदी की विश्वसनीयता। भाजपा की चिंता भारत को विकसित व सशक्त बनाने की रहती है। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता, महामंत्री गोपाल सिंह, भाजयुमो प्रांतीय प्रशिक्षण सह संयोजक पंकज राठौड़, प्रांतीय नेता राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, गंगा साह, शंभु महतो, अरविंद तिवारी, धीरेंद्र झा, फूलो देवी, सुमित कर्ण, धर्मेन्द्र भारद्वाज उर्फ बौआ झा , अरूण सहित दर्जनों कार्यकर्ता अभियान में शामिल होकर लाभार्थियों से भेंट किये।

# चिराग पासवान की उम्र अभी उतनी नहीं है, इन हरकतों से बचना चाहिए, सुमित सिंह ने दी नसीहत

प्रात: किरण संवादाता

बिहार में एनडीए की सीट शेयरिंग का मामला फंसा हुआ है. अभी तस्वीर साफ नहीं है कि किसे कितनी सीट मिलेगी. वहीं चिराग पासवान की मुजफ्फरपुर में हुई सभा और बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल मची है. कहा तो ये भी जा रहा है कि अगर उन्हें (चिराग पासवान) मन मुताबिक सीट ना मिली तो वो पाला भी बदल सकते हैं. जमुई संवाददाता बिहार सरकार के विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री और चकाई के निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने लोजपाआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को नसीहत दी है. उन्होंने कहा है कि चिराग पासवान की उम्र अभी उतनी नहीं हुई है, उन्हें इन सब चीजों से और ह्यहरकतोंह्ल बचना चाहिए. ये बात सुमित सिंह ने उन्हें तब कही जब चिराग एनडीए में अपनी पांच सीट की मांग पर अड़े हुए हैं और बार-बार अपनी ताकत का अहसास दिलाते हुए एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं. ह्लउन्हें परिपक्व लोगों से सीखना चाहिए अनुभवी लोगों से भी अनुभव लेना चाहिए. शीर्ष नेतृत्व पर भरोसा करना चाहिए, उन पर विश्वास रखना चाहिए कि उपर के लोग क्या करते हैं, क्या फैसला लेते हैं. चिराग पासवान की उम्र अभी उतनी नहीं है उनहें भी परिपक्व लोगों से सीखना चाहिए अनुभवी लोगों से अनुभव लेना चाहिएह्ल- सुमित सिंह, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री 6+1 के फामूर्ला पर अड़े चिराग पासवानः बता दें कि एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर जो खींचातान चल रही है, उसमें चिराग पासवान का नाम काफी चचाओं में है. जानकारी के अनुसार चिराग पासवान अपने 6+1 फामूर्ले पर अड़े हैं. लोजपा की पुरानी जीती हुई सभी सीटों की मांग कर रहे हैं, दूसरी तरफ अपने को वक्त-वक्त पर मोदी का हनुमान बताने वाले चिराग पासवान खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिहार की रैली में साथ मंच पर नहीं दिख रहे हैं, महीने भर से चुप्पी साधे चिराग पासवान अचानक मुजफ्फरपुर वैशाली में रैली कर देते हैं, जिसे प्रेशर पोलटिक्स के रूप में देखा जा रहा है. नीतीश और चिराग में छत्तीस का आंकड़ाः ये जाहिर है

# प्रधानमंत्री आज करेंगे ऋण सहायता पोर्टल का शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाभुकों के साथ संवाद करेंगे। वंचित वर्ग को ऋण सहायता हेतु राष्ट्रीय पोर्टल का प्रारंभ किया जायेगा, जिसमें अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मी को एक लाख की ऋण सहायता दी जानी है। आयुष्मान हेल्थ कार्ड का वितरण करने के साथ-साथ सफाई कर्मियों के बीच पी.पी.ई. कीट का वितरण भी किया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में सोमवार को उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल, आम्रपाली आडिटोरियम जुब्बा सहनी पार्क में बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को तैयारी हेतु दिशा निर्देश दिया। एल.डी.एम., उद्योग पदाधिकारी को ऋण प्राप्त करने वाले लाभुकों की सूची जिला कल्याण पदाधिकारी को, ए.सी.एम.ओ. स्वास्थ्य को आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों की सूची तैयार करने को कहा गया। लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण किया जायेगा। उप विकास आयुक्त ने लाईव कार्यक्रम हेतु तकनिकी तैयारी करने का निदेश जिला विज्ञान पदाधिकारी को दिया गया। 12 मार्च को कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास (ड्राई रन) किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त मीडिया को ब्रीफ किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर अन्य आवश्यक तैयारी करने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

# जिलाधिकारी ने दिया मतदान केन्द्रों पर जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत नगर भवन में प्रतिनियुक्त सेक्टर दण्डाधिकारी एवं पुलिस दण्डाधिकारी को सोमवार को प्रशिक्षण और ब्रिफिंग किया गया। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने उपस्थित दण्डाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बूथों पर मूल-भूत सुविधा सुनिश्चित करायें। अपने भौतिक निरीक्षण के दौरान सत्यापित करें कि बूथों पर बुनियादी सुविधाएं है। सेक्टर एवं पुलिस दण्डाधिकारियों को निदेश देते हुए कहा कि अपने-अपने मतदान केन्द्रों के मैपिंग से भलीभांति परिचित हो जाए। जिसने भी शस्त्र का सत्यापन अभी तक नहीं कराया है, वह निश्चित तौर पर 18 मार्च, 19 मार्च एवं 20 मार्च को अवश्य करा लें। पिछले दो बार अवसर दिया गया है। यह अंतिम अवसर है, इसके बाद शस्त्र की अनुज्ञप्ति रद्द होती है तो इसकी जिम्मेवारी शस्त्र धारक की होगी। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने भी निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया। साथ ही शराब बंदी,चुनाव के मद्येनजर शराब जब्ती,जुमार्ना की कार्रवाई सख्ती से करें। इस बार महिलाओं को भी निर्वाचन कार्य में लगाया जाएगा। इस बावत भी तैयारी करने का निदेश दण्डाधिकारियों को दिया गया। प्रति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बेहतर सुविधा वाले मतदान केन्द्र को चिन्हित कर प्रतिवेदित करने का निदेश दण्डाधिकारियों को दिया गया।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय पर दिया धरना

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद विभूतिपुर अखिल भारतीय खेत मजदूरी यूनियन अंचल विभूतिपुर के द्वारा सीताराम यादव के अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय पर 11 सूत्री मांगों के साथ धरना दिया गया।संबोधित करते हुए अंचल सचिव विनोद कुमार विनय ने प्रखंड कार्यालय द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरते जाने का आरोप प्रखंड प्रशासन पर लगाते हुए मनरेगा के बजट में केंद्र सरकार के द्वारा कटौती पर भी आक्रोश व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन को राज्य परिषद सदस्य गजेंद्र प्रसाद चौधरी, खेत मजदूर यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, सीताराम यादव, रामनरेश यादव, विजय यादव, शंभू पासवान, जंग बहादुर महतो, रामानंद महतो, रामदेव पासवान, देवेंद्र मिश्र आदि ने संबोधित किया।

# मारपीट के मामले को लेकर एक पक्ष ने किया सड़क जाम

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर पूसा मुख्य सड़क के मोहनपुर चौक के समीप मंगलवार की दोपहर बाद अखिलेश सिंह उर्फ अकाली सिंह एवं उसके पुत्र पप्पू सिंह के बीच पारिवारिक विवाद के कारण हुई मारपीट की घटना को लेकर कार्रवाई की मांग को लेकर एक पक्ष ने सड़क जाम कर दिया! करीब आधा घंटा से अधिक देर तक सड़क जाम रही! फिर स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मीरा देवी सहित अन्य बुद्धिजीवियों के प्रयास से आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिलाने की बात कह कर सड़क जाम समाप्त कराया! सड़क जाम रहने के कारण आम लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# टोडरमल के तरह फरकिया को फरक करना बंद करें : किरण देव यादव

प्रात: किरण संवादाता

खगड़िया। सामाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के बैनर तले खगड़िया से अलौली तक ट्रेन जल्द चालू करने एवं अलौली गढ घाट कोसी नदी पर पुल निर्माण करने, फरकिया का सर्वांगीण विकास करने सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर अलौली रेलवे जंक्शन, इचरुवा कमाथान एवं धुसमुरी बिशनपुर रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन सभा किया गया, इससे पूर्व समाजसेवी किरण देव यादव के नेतृत्व में अलौली गढ़ घाट से रैली निकालकर अलौली रेलवे स्टेशन पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया, जिसका नेतृत्व व अध्यक्षता फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। उन्होंने महतीं सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजा टोडरमल की तरह बिहार एवं केंद्र की सरकार, प्रशासन, एवं रेलवे विभाग फरकिया को विकास से वंचित व फरक करना बंद करें, एवं जल्द ट्रेन चालू करें, रेलवे में निर्माण कार्य यूं सब दिन जारी रहता ही है, उन्होंने कहा कि आखिर कब तक अलौली गढ घाट पर नाव व आदमी डूबते रहेंगे ? जानमाल की क्षति होता रहेगा, जल्द पूल निर्माण किया जाए। उन्होंने अलौली हाई स्कूल फील्ड को स्टेडियम बनाने, स्विमिंग पूल पार्क बनाने, डिग्री कॉलेज की स्थापना करने, वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 400 से वृद्धि कर 6000 मासिक करने, सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांग को रेलवे टिकट में रियायत चालू करने, श्यामघरारी स्कूल में भवन निर्माण जल्द करने, बंदोबस्त गैरमजरुआ खास आम जमीन का रसीद काटने मोटेशन करने खरीद बिक्री चालू करने, डाक बंगला का जीर्णोद्धार करने, कचना बिता के 200 बीघा सरकारी जमीन पर एम्स मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग किया। वहीं इचरुवा रेलवे स्टेशन पर देशबंधु आजाद , चंद्रशेखरम के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया तथा धुसमुरी बिशनपुर में रेलवे उपभोक्ता संघर्ष समिति के संयोजक सुभाष जोशी के नेतृत्व में किया गया। नेताओं ने कहा कि आखिर कब तक रेलवे परिचालन में टालमटोल की नीति सरकार विभाग द्वारा अपनाती रहेगी, 2015 तक कुशेश्वर स्थान तक ट्रेन चालू करनी थी, 162 करोड रुपए बजट को वृद्धि कर 700 करोड़ करने के बावजूद 42 किलोमीटर के बजाय 19 किलोमीटर अलौली तक भी ट्रेन परिचालान नहीं हो सकी है, आखिर कौन जिम्मेदार है ? आखिर फरकिया वासियो की आस कब पूरी होगी, कब तक फरकिया वासी एवं पूर्व रेल मंत्री रामविलास पासवान का सपना साकार होगा ? सरकार विभाग ठेकेदार जल्द जवाब दे, रेल को कामधेनु की गाय बनाना बंद करें।

**सम्पादकीय**

## भारत अब डेमोक्रेसी नहीं ?

वी-डेम के 179 देशों के सूचकांक में भारत को 104वें पायदान पर रखा गया है। संस्था के मुताबिक 2013 के बाद भारत में तानाशाही प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। वह उन 10 देशों में शामिल हो गया है, जहां ये प्रवृत्ति सबसे तेजी से बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय संस्था- वेराइटी ऑफ डेमोक्रेसीज (वी-डेम) ने दोहराया है कि भारत अब लोकतंत्र नहीं है। उसने भारत को निर्वाचित अधिनायकतंत्र की श्रेणी में 2018 में ही रख दिया था। उसके बाद से वी-डेम के सूचकांक में भारत का दर्जा और गिरा ही है। इस बीच लोकतंत्र की सूरत पर रिपोर्ट तैयार करने वाली अमेरिकी संस्था फ्रीडम हाउस भारत को आजाद देशों की श्रेणी से गिराकर उसे आंशिक आजादी वाले देशों की श्रेणी में रख चुकी है। वी-डेम ने इस वर्ष अपने सूचकांक में 179 देशों को शामिल किया है। उनके बीच भारत को 104वें पायदान पर रखा गया है। संस्था ने कहा है- 2013 के बाद भारत में तानाशाही प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। इस तरह वह उन देशों में शामिल हो गया है, जहां हाल के समय में तानाशाही सबसे तेजी से बढ़ी है। इस रूप में भारतीय लोकतंत्र उस जगह पहुंच गया है, जहां 1975 में था- यानी जब देश में इमरजेंसी लागू हुई थी। वी-डेम ने कहा है कि इस समय दुनिया में तानाशाही प्रवृत्ति बढे की लहर आई हुई है। यह प्रक्रिया 42 देशों में चल रही है, जहां की कुल आबादी दो अरब 80 करोड़ हैं- यानी जहां दुनिया की कुल आबादी का 35 प्रतिशत हिस्सा रहता है। दुनिया की 18 फीसदी आबादी भारत में है। इस तरह जो आबादी बढ़ रही तानाशाही प्रवृत्ति वाले देशों में है, उनका आधा हिस्सा भारत में मौजूद है। भारत की वर्तमान सरकार ऐसी रिपोर्टों को तव्वजो नहीं देती (या कम-से-कम वह ऐसा करने के संकेत ही देती है)। सार्वजनिक बयानों में वह इन्हें भारत विरोधी सोच से प्रेरित करार देती है। मगर यह बात अवश्य याद रखनी चाहिए कि भारत की पहचान अगर एक लोकतांत्रिक देश की बनी, तो वह उन पैमानों पर बेहतर सूरत की वजह से ही बनी, जिनको लेकर वी-डेम या फ्रीडम हाउस जैसी संस्थाएं सूचकांक बनाती है। अब इन कसौटियों पर भारत का दर्जा गिर रहा है, तो इसके लिए उन संस्थाओं की कथित दुर्भावना को कारण मानना अतार्किक होगा। वैसे भी जो बातें वो संस्थाएं कह रही हैं, वैसा ही अनुभव बहुत सारे भारतवासियों का भी है।

## चार सौ पार के डरावने सपने

**राजेंद्र शर्मा**

भाजपा की ये असली प्रचार प्राथमिकताएं, जिन्हें हेगड़े ने नासमझी में या असावधानी वश उजागर कर दिया है, कम से कम इतना तो साफ कर ही देती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत बनाने की घोषणाएं तो, उनका राजनीतिक-चुनावी मुखौटा भर हैं। उनका और उनकी पार्टी तथा उसके संघ परिवार का असली मुख तो, उसका हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का चेहरा ही है, जो संविधान से औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता के विचार को ही बाहर करने के लिए उतावला है। मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठद्ता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है। जैसा कि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, अपने लोकसभा सदस्य, अनंत कुमार हेगड़े के बयान से भाजपा ने किनारा कर लिया है। कर्नाटक से भाजपा के वरिष्ठद्द सांसद, हेगड़े ने एक सार्वजनिक सभा में 2024 के आम चुनाव के भाजपा के नारे, अब की बार चार सौ पार का खुलासा करते हुए बताया था कि इसका मकसद, संविधान में तब्दीली का रास्ता बनाना है। अपने सांप्रदायिक बयानों से बहुत बार विवाद खड़े करने वाले भाजपा सांसद ने यह तो नहीं बताया कि इसके पीछे संविधान में ठीक-ठीक क्या बदलाव करने का लक्ष्य है। फिर भी खबरों के अनुसार उन्होंने इसका इशारा जरूर दे दिया कि ये बदलाव हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता के तकाजों को पूरा करने वाले होंगे और यह भी कि निशाने पर संविधान की उद्देश्यिका होगी। उनका कहना था कि अतीत में कांग्रेस की सरकार ने संविधान में ऐसे अनावश्यक प्रावधान जोड़े थे जो हिंदू समुदाय को दबाने वाले प्रावधान हैं। इन्हें ही हटाने के लिए भाजपा को चार सौ पार चाहिए! यह समझना मुश्किल नहीं है कि भाजपा सांसद का निशाना संविधान की उद्देश्यिका में जोड़े गए धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर था।

बेशक, भाजपा ने हेगड़े के बयान को उनके निजी विचार कहकर, अपना पल्ला झाड़ लिया है। इतना ही नहीं, चुनाव के मौसम में, संविधान बदलने की नीयत और इरादों पर उठ सकने वाले विवाद से बचने की कोशिश में, भाजपा ने अपने सांसद से उसके बयान पर स्पष्टद्दीकरण भी मांग लिया है, हालांकि इस स्वांग को शायद ही कोई गंभीरता से लेगा। ऐसे मामलों में भाजपा द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरणोंह्न का हस्त्र किसी से छुपा हुआ नहीं है। स्वाभाविक रूप से हेगड़े के बयान पर, विपक्ष की तीखी प्रतिक्रियाएं आयी हैं। हैरानी की बात नहीं होगी कि भाजपा के पल्ला झाड़ने के स्वांग के बावजूद, मोदी की तीसरी पारी के इन मंसूबों की गूंज आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार में सुनाई दे। बहरहाल, हेगड़े के बयान के भाजपा का आधिकारिक रुख होने न होने से अलग, और यहां तक कि मोदी को तीसरा कार्यकाल मिल जाता है तो उसके वास्तव में ठीक-ठीक ऐसा ही करने से भी अलग, हेगड़े का यह बयान निर्विवाद रूप से यह तो दिखाता ही है कि भाजपा, लोगों के बीच क्या और कैसी अपेक्षाएं तथा उम्मीदें जगाने के जरिए, अपने चुनावी समर्थन को पुख्ता करने की कोशिश कर रही है। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का संविधान-निकाला (और जाहिर है कि देश-निकाला भी) इन अपेक्षाओं में शीर्ष पर है। भाजपा की ये असली प्रचार प्राथमिकताएं, जिन्हें हेगड़े ने नासमझी में या असावधानी वश उजागर कर दिया है, कम से कम इतना तो साफ कर ही देती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत बनाने की घोषणाएं तो, उनका राजनीतिक-चुनावी मुखौटा भर हैं। उनका और उनकी पार्टी तथा उसके संघ परिवार का असली मुख तो, उसका हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का चेहरा ही है, जो संविधान से औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता के विचार को ही बाहर करने के लिए उतावला है। मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठद्ता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है। मोदी के दूसरे कार्यकाल में, सीएए कानून के जरिए नागरिकता की परिभाषा में धार्मिक समुदाय आधारित विभाजन के रोपे जाने से लेकर, संविधान की धारा-370 के अंत तथा जम्मू-कश्मीर के विभाजन तथा उसका दर्जा गिराए जाने के जरिए, देश के इकलौते मुस्लिम बहुल राज्य को उसके मुस्लिम बहुल होने की सजा दिए जाने और मणिपुर में बहुसंख्यकवादी राज कायम करने के लिए गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा किए जाने आदि के जरिए, व्यवहार में धर्मनिरपेक्षता का गला घोंटने के लिए बहुत तेजी से कदम उठाए गए हैं। अब उसे औपचारिक रूप देने की, संविधान में रोपने की मंशा है; बशर्ते देश और जनता ने उसे ऐसा करने दिया!

बहरहाल, चार सौ पार का नारा देना और प्रायोजित भीड़ों से, जिनमें सरकारी खर्चे पर, इंटरनैट क्रिएटर्स का सम्मान करने के नाम पर जुटायी गयीं, बिकाऊ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भीड़ें भी शामिल हैं, यह नारा लगवाना तो आसान है और देसी-विदेशी कारपोरेटों की ओर से आ रही पैसे की बाढ़ के बल पर, चार सौ पार भांति-भांति के घोषित-अघोषित विज्ञापनों के जरिए आम लोगों की जुबान पर चढ़ा देना भी बहुत मुश्किल नहीं है, लेकिन इसे सच कर पाना, लगभग असंभव होने की हद तक मुश्किल है। ऐसा लगता है कि खुद मोदी एंड कंपनी को, इस सच्चाई का बखूबी अंदाजा है। इसीलिए, चुनाव के नगाड़ों की आवाज जैसे-जैसे निकट आती जा रही है, वैसे-वैसे सत्ताधारी पार्टी के चुनावी प्रबंधक, जिनमें उसके शीर्ष दो भी शामिल हैं, दूसरी पार्टियों में दल-बदल कराने तथा नेताओं की खरीद के खुदरा काम से आगे, जिसमें ईडी तथा सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां बढ़-चढ़कर मदद कर रही हैं, पूरी की पूरी राजनीतिक पार्टियों को खरीदकर, अपने खेमे में लाने में भी जुट गए हैं। बिहार में नितीश कुमार की घर वापसी की सफलता को भी काफी नहीं समझा गया, तो उसके बाद दक्षिण में दोनों तेलुगू-भाषी राज्यों के लिए विशेष ऑपरेशन लान्च किया गया। इसके हिस्से के तौर पर आंध्र प्रदेश में भाजपा, अंततः तेलुगू देशम्द की अपने मोर्चे में घर वापसी कराने में कामयाब हो गयी है और बोनस के तौर पर पवन कल्याण की जन सेना भी साथ आ गयी है। दिलचस्प यह है कि इस गठबंधन के जरिए भाजपा, केंद्रीय पार्टी और क्षेत्रीय पार्टियों के बीच रिश्ते के उसी फामूर्ले को एक बार फिर पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है, जिसे सत्तर-अस्सी के दशकों में केंद्र में कांग्रेस साधा करती थी। संक्षेप में इस फामूर्ले का सूत्र होता था-केंद्र हमारा, राज्य तुम्हारा।

## सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान, देशवासियों को है न्यायपालिका पर विश्वास

**सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है। 04 मार्च 2024 को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी। 1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है।**



**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**



भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है।

04 मार्च 2024 को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी। 1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है।

आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है।

यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या वोट देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के तहत छूट हासिल है।

इसी तरह कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था।

अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है।

याचिकाकताओं ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था।

दिसंबर 2019 में याचिकाकताओं ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था।

चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29(बी) का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है। कुछ दिनो पूर्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने बड़ा फैसला करते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की तरफ से घोषित बीजेपी कैंडिडेट मनोज कुमार सोनकर को मेयर के तौर पर विजेता घोषित करने का फैसला अवैध है और उसे खारिज किया जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूरे चुनावी प्रक्रिया को खारिज करने से लोकतांत्रिक सिद्धांत के लिए विनाशकारी होगा क्योंकि यह सब पीठासीन अधिकारी के मिसकंडक्ट के कारण हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी मसीह ने जानबूझकर आठ बैलेट पेपर को विकृत किया है। इसलिये उनके खिलाफ मुकदमा चलाए जाने के लिए नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अनुच्छेद 142 के तहत विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए आदेश पारित करते हुए कहा था कि पूर्ण न्याय के लिए हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और चीफ जस्टिस ने बैलेट पेपर और वीडियो का अवलोकन किया और खुद ही परीक्षण किया और पाया है कि वह विकृत नहीं है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जो रिजल्ट शीट है उसमें 12 वोट याचिकाकर्ता कुलदीप को मिले हैं। जबकि 16 वोट बीजेपी कैंडिडेट मनोज सोनकर को मिले थे और 8 बैलेट पेपर को पीठासीन अधिकारी ने अमान्य करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन आठ बैलेट को मान्य करार दिया और कहा कि इनमें वोट कुलदीप कुमार के पक्ष में पड़े थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस तरह से कुलदीप कुमार को कुल 20 वोट मिले हैं और उन्हें मेयर पद पर विजेता घोषित किया जाता है।

## भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए सांसद राहुल कस्वां

**इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि भाजपा में रहते हुए उन्होने यह महसूस किया कि सामंतवादी सोच आगे बढती जा रही थी। किसान की आवाज को अनसुना किया जा रहा था। इसलिए मैंने फैसला किया और कांग्रेस जॉइन की है। कांग्रेस में रहकर अपने क्षेत्र के लोगों की मजबूती के लिए काम करता रहूंगा। कांग्रेस चूरू से राहुल कस्वां को लोकसभा का टिकट देने की तैयारी में है। कांग्रेस हाईकमान के स्तर पर इसे लेकर चर्चा हो चुकी है। राहुल कस्वां ने भाजपा से व सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। राहुल कस्वां ने अपना भाजपा टिकट कटने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके सवाल उठाते हुए पूछा था कि उनका दोष क्या है? इसके बाद शुक्रवार को सादुलपुर में समर्थकों को जुटाकर टिकट कटने पर सवाल उठाते हुए इशारों में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर जमकर निशाना साधा था। कस्वां ने अपने समर्थकों के सामने टिकट कटने पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पहले लगता था कि पार्टी लोगों का समूह होती है। कोई बात होगी तो सुनी जाएगी। पहले पिता की टिकट कटवाई इसके बाद एक व्यक्ति के कहने पर मेरी टिकट काटी गई। वो व्यक्ति नहीं चूरू की जनता फैसला करेगी। शुक्रवार को राहुल कस्वां ने अपने समर्थकों को जुटाकर पार्टी छोड़ने के संकेत दे दिए थे।**



**तनवीर जाफरी**
**लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**



राजस्थान में चूरू से भाजपा सांसद राहुल कस्वां सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हो गए। सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने निवास पर कांग्रेस का तिरंगा दुपट्टा पहनाकर राहुल कस्वां को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि भाजपा में रहते हुए उन्होने यह महसूस किया कि सामंतवादी सोच आगे बढती जा रही थी। किसान की आवाज को अनसुना किया जा रहा था। इसलिए मैंने फैसला किया और कांग्रेस जॉइन की है। कांग्रेस में रहकर अपने क्षेत्र के लोगों की मजबूती के लिए काम करता रहूंगा। कांग्रेस चूरू से राहुल कस्वां को लोकसभा का टिकट देने की तैयारी में है। कांग्रेस हाईकमान के स्तर पर इसे लेकर चर्चा हो चुकी है। राहुल कस्वां ने भाजपा से व सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है।

राहुल कस्वां ने अपना भाजपा टिकट कटने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके सवाल उठाते हुए पूछा था कि उनका दोष क्या है? इसके बाद शुक्रवार को सादुलपुर में समर्थकों को जुटाकर टिकट कटने पर सवाल उठाते हुए इशारों में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर जमकर निशाना साधा था। कस्वां ने अपने समर्थकों के सामने टिकट कटने पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पहले लगता था कि पार्टी लोगों का समूह होती है। कोई बात होगी तो सुनी जाएगी। पहले पिता की टिकट कटवाई इसके बाद एक व्यक्ति के कहने पर मेरी टिकट काटी गई। वो व्यक्ति नहीं चूरू की जनता फैसला करेगी। शुक्रवार को राहुल कस्वां ने अपने समर्थकों को जुटाकर पार्टी छोड़ने के संकेत दे दिए थे।

विधानसभा चुनावों में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ तारानगर से चुनाव हार गए थे। राठौड़ ने राहुल कस्वां और उनके पिता रामसिंह कस्वां पर भीतरघात करके चुनाव हरवाने के आरोप लगाए थे। राठौड़ ने इसे लेकर खुलकर कहा था कि जयचंदों ने हरवाने में भूमिका निभाई है। राठौड़ ने बीजेपी हाईकमान से इसकी शिकायत की थी। राहुल कस्वां का चूरू से लोकसभा टिकट कटने के पीछे यही बड़ा कारण रहा। राहुल कस्वां के पिता पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां और राजेंद्र राठौड़ के बीच भी सियासी मतभेद रहे हैं। कुछ समय दोनों के बीच सुलह हो गई थी, लेकिन बाद में फिर तल्खी बढ़ गई। रविवार को ही पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा सहित कांग्रेस के दर्जन भर से ज्यादा नेता कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस अब लोकसभा चुनाव से पहले राहुल कस्वां को पार्टी में शामिल करके भाजपा को सियासी जवाब देने की तैयारी में है। राहुल कस्वां को भाजपा से टिकट कटने के बाद अपनी सियासी जमीन बचाए रखने के लिए चुनाव लड़ना जरूरी है। उधर कांग्रेस को भी बीजेपी से एक बड़े चेहरे को तोड़कर सियासी मैसेज देने का मौका मिलेगा। चूरू से कांग्रेस पिछले पांच चुनावों से लगातार हार रही है। राहुल कस्वां को टिकट देकर कांग्रेस बीजेपी के सामने कड़ी चुनौती देने की रणनीति बना रही है।

राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। उनके परिवार का चूरू जिले जिले की राजनीति में गहरा प्रभाव है। लगातार दो बार सांसद का चुनाव जीत चुके राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां 1998 में चूरू जिले की सादुलपुर विधानसभा सीट से विधायक तथा 1991, 1999, 2004 व 2009 में चूरू से सांसद रह चुके हैं। राहुल कस्वा के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपुर से निर्दलीय विधायक रह चुके हैं। राहुल कस्बा की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से विधायक, पंचायत समिति प्रधान व राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रह चुकी है।

चूरू जिले में राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां ने ही पहली बार भाजपा का लोकसभा चुनाव में खाता खोला था। इस तरह देखे तो राहुल कस्बा के परिवार की तीन पीढ़िया चूरू जिले की राजनीति में सक्रिय है। राहुल कस्वां के कांग्रेस में जाने से कांग्रेस के लिए अभेदय दुर्ग बनी चूरू लोकसभा सीट को इस बार जीतने की संभावना नजर आने लगी है। वैसे भी पिछले विधानसभा चुनाव में चूरू लोकसभा क्षेत्र की आठ में से 6 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव हार गए थे। भाजपा को महज दो सीटों पर ही जीत मिली थी। जबकि 5 सीटों पर कांग्रेस, एक पर बसपा प्रत्याशी जीता था।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सामंतवादी लोगों से लड़ने के लिए राहुल कस्वां ने कांग्रेस जॉइन की है। ऐसी विचारधारा के लोग ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस से जुड़ेंगे तो बीजेपी कहीं की नहीं रहेगी। ऐसी सोच रखने वाले राहुल कस्वां जैसे नेताओं की कांग्रेस को जरूरत है। मोदी और शाह तो पहले भी डराते धमकाते रहे हैं। अब भी नेताओं को डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। राहुल कस्वां जिन उसूलों को लेकर कांग्रेस में आए हैं उन पर काम करेंगे। राहुल कस्वां को कांग्रेस में शामिल करने से पहले सभी नेताओं की राय लेकर सर्वसम्मति बनाई गई। मैंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सचिन पायलट, सुखजिंदर रंधावा, अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली सहित सभी नेताओं से राहुल कस्वां को लेने के बारे में पूछा है और सर्वसम्मति बनाकर इन्हें पार्टी में लिया है।

## घातक हो सकता है मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय

**आशीष वशिष्ठ**

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है। प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?

बसपा प्रमुख ने पिछले छह-सात महीने में अकेल चुनाव लड़ने की बात कई बार कही है, साथ ही यह भी कहा कि गठबंधन करने से उनको नुकसान होता है। इसमें कोई गलत बात नहीं है कि कोई पार्टी गठबंधन नहीं करे और चुनाव अकेले लड़े। लेकिन पार्टी लड़ते हुए तो दिखाई दे! मायावती की बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के साथ गठजोड़ कर चुकी है। लेकिन बीते ढाई दशकों से बसपा का भाजपा के बीजेपी के प्रति ज्यादा रुझान देखा गया है। मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं।

बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था लेकिन सपा की सहायता से षून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समापत कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। वर्ष 1996 में बसपा 6 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, तब बसपा को 20.6 प्रतिषत मत मिले थे। वर्ष 1998 में बसपा को चार सीटें मिली और वोट प्रतिशत बढ़कर 20.9 प्रतिषत हो गया। वर्ष 1999 में बसपा को 14 सीटें मिली और मत 22.08 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2004 में सीटें बढ़कर 19 हो गईं और 24.67 प्रतिषत मत मिले। बसपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 2009 में किया जब पार्टी को 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई और 27.42 प्रतिशत मत मिले। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। बसपा के वोट में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आई। 1996 के बाद बसपा का ये सबसे बुरा प्रदर्शन था। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन किया। जिसका बसपा को भरपूर लाभ हुआ और पार्टी शून्य सीटों वाली बसपा ने दस सीटों पर विजय प्राप्त की। जबकि उसका मत और कम हुअ। इस चुनाव में बसपा को सपा के साथ गठबंधन कर 19.43 प्रतिशत ही मत मिले। विधानसभा में बसपा का केवल एक विधायक है।

एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी।

## संक्षिप्त खबरें

### एक शराब तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने चाँदपुरा नहर के समीप छापेमारी करते हुए 15 लीटर देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार. गिरफ्तार शराब तस्कर पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए मंगलवार को भेजा पल6 ने भेजा जेल.उक्त गिरफ्तार शराब तस्कर परसा मथुरा निवासी सुरेश प्रसाद सिंह का पुत्र सजिश कुमार बताया जाता है.

### फरार चल रहे दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

परसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पोझी में छापेमारी करते हुए. चोरी के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर मंगलवार को भेजा जेल. गिरफ्तार अभियुक्त डेरनी वथाना क्षेत्र के पोझी निवासी विशाल कुमार व नीतीश कुमार बताया जाता है।

### चल रहा है सत्यापन कार्य

डोरीगंज। गरखा विधानसभा के पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी के नेतृत्व में गरखा पश्चिमी मंडल के साधपुर शक्ति केंद्र अंतर्गत ग्राम साधपुर,फुलवरिया एवम चकिया में बूथ संख्या 229,230 और 231में लाभार्थी का सत्यापन कार्य बीते चार दिनों से लगातार चल रहा है।

### निवेशकों ने ऑफर का उठाया लाभ

पटना। राजधानी के होटल लेमन ट्री में रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके संस्थापक अध्यक्ष श्री बंसल हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर सीता साहू ने किया।

# चापाकलों की मरम्मती के लिये प्रत्येक प्रखंड के लिये एक-एक मरम्मती दल को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- आगामी दो महीनों तक मरम्मती दल विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों में करेगा चापाकलों की मरम्मती



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी गर्मी के मद्देनजर चापाकलों की मरम्मती हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी बीस प्रखंड के लिये एक-एक मरम्मती दल, कुल 20 मरम्मती दलों को अलग अलग वाहनों से जिलाधिकारी श अमन समीर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आगामी दो महीनों तक यह मरम्मती दल सम्बद्ध प्रखंड एवं पंचायतों में आवश्यकतानुसार चापाकलों की मरम्मती सुनिश्चित करेगा। इसके अतिरिक्त भी आवश्यक होने पर मोटरसाइकिल से अतिरिक्त मरम्मती दल को भी भेजने हेतु तैयारी की गई है। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा बताया गया है कि सारण जिला में कुल चापाकलों की संख्या 32492 है। इनमें 13323 चापाकल IM-II/III श्रेणी के हैं जो 60-80 फिट भू-जल स्तर तक कार्य करते हैं। 19169 चापाकल सिगूर/साधारण श्रेणी के हैं, जो 25 फिट भू-जल स्तर तक ठीक ठाक काम करते हैं। फरवरी माह के अंत में जिला का औसत भू-जल स्तर 13-05 दर्ज किया गया है। अधिकतम औसत भू-जल स्तर सोनपुर में 17 फिट एवं न्यूनतम औसत भू-जल स्तर तरैया प्रखंड का 11-03 दर्ज है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06152-244791 पर कार्यालय अवधि में कोई भी व्यक्ति खराब चापाकलों के बारे में जानकारी/सूचना दे सकते हैं।

# पुलिसिया कार्रवाई में 32 अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 32 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार 32 अपराधियों में चोरी कांड के एक अपराधी, उत्पाद कांड के 26 अपराधी, फरार वारंटी दो तथा अन्य कांड के तीन अपराधी शामिल है। इसके अलावा सारण पुलिस द्वारा 33 वारंट एवं दो कुर्की कांड का भी निष्पादन किया गया है। सारण द्वारा चलाए गए अभियान में 84 लीटर देसी शराब, 351.96 लीटर विदेशी शराब तथा 20 लीटर स्प्रीट को भी बरामद किया गया है।

# लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्कूली बच्चो ने निकला जागरूकता रैली



प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक। लोकसभा चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा जिला प्रशासन लगातार मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। जिसके तहत मशरक के उच्च एवम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विद्यालय शिक्षको के साथ विद्यालय के पोषक ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में उत्साहित स्कूली बच्चे ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने को लेकर मतदान जागरूकता नारा एवम संगीत से लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। मशरक नगर पंचायत के आधे दर्जन से अधिक गांव में राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक सहित अन्य विद्यालय के सैकड़ों बच्चे शामिल हुए। जो मशरक पूरब टोला, मोगलहिया, सरेह, स्टेशन रोड होते हुए आस पास के गांव में मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर जाने और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने को जागरूक किया। जागरूकता रैली में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, अरुण कुमार बरनवाल, उपेन्द्र कुमार सिंह के अलावे शिक्षक संजय कुमार सिंह, डा मनोज कुमार सिंह, रामप्रवेश पंडित, अरविंद कुमार सिंह, विजय कृष्ण त्रिपाठी, राजेंद्र कुमार दयानंद सत्यार्थी, श्वेता कुमारी, सोनू कुमार सहित अन्य थे।

# ओपी गुप्ता को बिहारी हीरो अवार्ड 2024 से सम्मानित, लोगों ने दी बधाई

- अभिनेत्री भाग्यश्री ने उन्हें सम्मानित के पश्चात कहा कि ओपी गुप्ता स्किल डेवलपमेंट के अलावे समाज के प्रति अनेकों सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों कार्यक्रम का आयोजन कर एक मिशाल कायम किया है




प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। बिहारी हीरो अवार्ड 2024 बिजनेस इन बिहार के संस्थापक आलोक कुमार सिंह एवं श्रीकांत सिंह के द्वारा पटना के संग्रिला पैलेस में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें बिहार एवं झारखंड राज्य के वैसे लोगों को सम्मानित किया गया जो लोग शिक्षा व समाज के प्रति हमेशा अलख जगाने का काम करते हैं। उनकी और मनोबल बढ़ाने एवं समाज के प्रति आगे बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य से आयोजन किया गया। जिनमें सारण जिले के एकमा प्रखंड के विजार्ड टेक कम्प्यूटर एकेडमी व स्किल डेवलपमेंट एंड टेक्नो फाउंडेशन के डायरेक्टर ओपी गुप्ता को बेस्ट स्किल डेवलपमेंट इन बिहार का सर्वोच्च अवार्ड से हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री के द्वारा मेमटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अभिनेत्री ने उन्हें सम्मानित के पश्चात कहा कि ओपी गुप्ता स्किल डेवलपमेंट के अलावे समाज के प्रति अनेकों सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों कार्यक्रम का आयोजन कर एक मिशाल कायम किया है।

# छह धर्मों के लोगों को मिलेगा नया जीवन

- इस ऐतिहासिक और साहसिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मंत्रिमंडल सहयोगियों को बधाई दी है



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू किए जाने का रोटरी सारण के संस्थापक भाजपा नेता श्याम बिहारी अग्रवाल ने स्वागत किया है। इस ऐतिहासिक और साहसिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मंत्रिमंडल सहयोगियों को बधाई दी है। बयान जारी कर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने से उत्पीड़ित लोगों को भारत में नागरिकता पाने का मार्ग प्रशस्त होगा। कानून लागू हो जाने से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आये हुए 6 धर्मों के लोगों को नागरिकता मिलेगी। इससे उनको नया जीवन और सम्मान मिलेगा।

# माधोपुर गांव में पारम्परिक फगुआ गायन

प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर।गांवों में धीरे धीरे होली का रंग चढ़ने लगा है।शाम होते ही गांवों के चौपालों ,मठ मंदिरों ,देव स्थलों में लोग गायन कर रहे है।सोमवार की रात चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव में ब्रह्म स्थान पर भारी संख्या में ग्रामीण जूटे और पारम्परिक फगुआ गायन की।रामायण ,महाभारत आदि पौराणिक प्रसंगों पर आधारित आज राम से खेलब होरी,बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में खेले होरी ,आज श्याम से ना खेलू होली आदि पारम्परिक व भोजपुरी के क्लासिक गायन की गई।गायन का आगाज लोकगायक रामेश्वर गोप की आवाज में बाबा हरिहरनाथ पारम्परिक गायन से हुई।

# परसा में रसोई गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य हुआ प्रारंभ



प्रात : किरण, संवाददाता

परसाः-हर घर तक रसोई गैस पाइपलाइन की योजना ग्रामीण क्षेत्रों में भी मूर्त रूप लेने लगी है। मंगलवार को नगर पंचायत परसा बाजार क्षेत्र सैदपुर पोझी वस्ती पेट्रोल पम्प के समीप इंडियन गैस पाइपलाइन वितरण केंद्र की नींव रखी गई एवं रसोई गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के बाद नारियल फोड़कर कर किया गया।भूमि पूजन मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह,जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिंह,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह उर्फ भूलन सिंह,वार्ड पार्षद सुनील राय,सहायक प्रबंधक मनोज मीणा,योगेंद्र सिंह,जिला विस्तारक दिलीप कुमार, सोनू सिंह, सुमंत बाबा,अमित सिंह,सरोज सिंह,शैलेश गिरी,अनिल कुमार सिंह,चंदन सिंह,राकेश राय,जेई गौतम कुमार,अजय नाथ पूरी,विकास कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर उदघाटन किया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर घर के किचन तक जल्द ही गैस पाइपलाइन से गैस पहुंचेगी।इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार होते देख लोगों में हर्ष है।नगर क्षेत्र के लोगों ने इस कार्य के लिए स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रुडी के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है रसोई गैस पाइपलाइन बिछ जाने से गैस सिलेंडर लाने व ले जाने का झंझट एवं इंतजार से मुक्ति मिल जाएगी।सहायक प्रबंधक मनोज मीणा ने बताया कि प्रथम चरण में परसा बाजार सहित आसपास के रेडियस वाले क्षेत्र में मुख्य एवं शाखा पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाएगा। फिर दूसरे चरण में कार्य का विस्तार किया जाएगा।

# सांसद ने दिया सड़क का सौगात



- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जो गोदना से नवादा होते हुए सिरिसिया विरम परसा तक 9.02 किलोमीटर सड़क 6 करोड़ के लागत का कार्य शुभारंभ किया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

रिविलगंज। गोदना -सिरिसिया 9 किलो मीटर सड़क का सौगात रिविलगंज वासियो को दिया सांसद रूडी। बता दे कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जो गोदना से नवादा होते हुए सिरिसिया विरम परसा तक 9.02 किलोमीटर सड़क 6 करोड़ के लागत का कार्य शुभारंभ किया गया। सारण बीके सांसद राजीव प्रताप के अनुशंसा पर यह सड़क का निर्माण हो रहा है यह सड़क बहुत खराब था इस सड़क से दो दर्जन गांव सहित टेकनिवास से सीधे प्रखण्ड मुख्यालय रिविलगंज जाने का एक मात्र सड़क है जो बन जाने से लोगो को बहुत राहत मिलेगा। आज कार्य का शुभारंभ छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा सारण में सड़क का जाल बिछा है सारा योगदान सांसद को जाता है। सांसद रूडी जी द्वारा सारण के विकाश में जो कार्य हुआ है वह अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सांसद राजीव प्रताप रूडी जी केंद के योजनाओं को अपने संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत पहुचाने का कार्य किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 10 साल में देश प्रगति के ओर अग्रसर है। जिला परिषद सदस्य गुड्डू साह ने केन्द्र सरकार के योजनाओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष संजय तिवारी वारसी संचालन भाजपा के जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोलते वालो में भाजपा नेता शेखर सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के जीका उपाध्यक्ष ददन सिंह, अमित सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि मनोज सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद,उपमुखीयव मनु सिंह, सुशांत कुमार, अखिलेश सिंह, प्रियकांत कुमार सहित सैकड़ो ग्रामिन जनता शामिल हुए।

# कदाचारमुक्त होगी अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा

- परीक्षा के सफलतापूर्ण संचालन हेतु बनाये गये हैं 22 परीक्षा केन्द्र



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा आज सर्किट हाउस सभागार में 15 मार्च को आयोजित हाने वाली अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (ळफ्ए-3.0) के सफल आयोजन हेतु सभी केन्द्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। बताया गया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में होगी। प्रथम पाली 09:30 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक तथा द्वितीय पाली 02:30 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक होगी। इस परीक्षा में कुल-10476 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने बताया गया कि परीक्षा को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गयी है। परीक्षा के स्वच्छ संचालन एवं विधि- व्यवस्था संधारण हेतु आयोग के निर्धारित मानक के अनुरूप प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 28 स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक/ स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी, 11 जोनल दण्डाधिकारी / जोनल पुलिस पदाधिकारी, 05 सुपर जोनल दण्डाधिकारी / सुपर जोनल पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटा पूर्व अपना प्रतिनियुक्ति स्थल ग्रहण कर लेंगे एवं परीक्षा के समाप्ति के बाद भी केन्द्र पर उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था संधारित करेंगे। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की सहायता से परीक्षार्थियों की शारीरिक जाँचोपरांत उनके प्रवेश पत्र को देख कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने देंगे। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए आयोग द्वारा प्रत्येक केन्द्र पर जैमर, सी०सी०टी०वी सर्विलांस, अभ्यर्थियों के बॉयोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन आदि की व्यवस्था रहेगी ताकि परीक्षा को स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराया जा सके। सभी दण्डाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया गया कि वे परीक्षार्थियों के लिए सिटिंग प्लान आयोग के द्वारा निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुए करेंगे। सिटिंग प्लान को परीक्षा कक्ष के अलावा परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर भी प्रदर्शित करने का भी निदेश दिया गया है ताकि परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधा मिल सके। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिभाईस चिट, चाकू माचिस, ब्लेड आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण परीक्षा है, जिसके सफल संचालन में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी विशेष सर्तकता रखते हुए अपनी जवाबदेही निभाएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निर्गत निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

# राष्ट्रीय मुद्दा के रूप में उभरा है पत्रकार सुरक्षा कानून, लागू करने की मांग

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून की एकसूत्री माँग राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। सोमवार को महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने इस मुद्दे का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा है कि संसद के अगले सत्र में वे इसे सदन में जोरशोर से उठाएंगे तथा सरकार द्वारा कानून बनाये जाने तक वे संघर्ष करेंगे। श्री सिंह सोमवार को माँझी के जइ छपरा गाँव में आयोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के शिलान्यास समारोह के दौरान अपने भाषण के क्रम कही। बताते चले कि चार दिन पिछले रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान कहा था कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार गम्भीरता पूर्वक विचार कर रही है तथा आसन्न लोकसभा चुनाव के बाद इस प्रस्ताव को बहस के लिए लोकसभा में लाया जाएगा। बताते चलें कि गत दिनों अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह ने सांसद श्री सिंह को एक ज्ञापन देकर केन्द्र सरकार से पत्रकारों के लिए आर्थिक,शारीरिक एवम संवैधानिक स्तर पर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर राष्टीय स्तर पर उसे लागू किये जाने की माँग की थी।

# जिलाधिकारी ने हर घर नल का जल एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा

- जिलाधिकारी ने एजेंसी के प्रतिनिधि को अपनी पूर्ण क्षमता के अनुरूप प्रतिदिन सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का दिया निर्देश



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना एवं हर घर नल का जल योजना के अद्यतन प्रगति एवं क्रियाशीलता की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के संदर्भ में बताया गया कि सभी ग्रामीण वार्डों में चरणबद्ध ढंग से 10-10 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जाना है। इस कार्य हेतु जिला में तीन एजेंसी को प्राधिकृत किया गया था। इसमें से एक ऐजेंसी कार्य से हट गई है। शेष कार्यरत दो एजेंसियों द्वारा अबतक 1240 सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया गया है। जिलाधिकारी ने एजेंसी के प्रतिनिधि को अपनी पूर्ण क्षमता के अनुरूप प्रतिदिन सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का निदेश दिया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दोनों एजेंसी के वेयरहाउस की जाँच सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही एजेंसी द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन के 7 दिनों के अंतर्गत आवश्यक जाँच की प्रक्रिया पूरी कर संबंधित एजेंसी को भुगतान सुनिश्चित कराने को कहा गया। नल का जल की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा बताया गया कि पूर्व से पीएचईडी के 804 वार्डों के अतिरिक्त पंचायतीराज विभाग से क्रियान्वित 3373 वार्डों की योजनाओं को मेंटेनेंस हेतु अधिग्रहित किया गया है। पंचायतीराज विभाग से हस्तानांतरित योजनाओं में से 1750 पूर्ण रूप से क्रियाशील तथा 1285 योजनायें आंशिक रूप से क्रियाशील थीं। जिलाधिकारी ने आंशिक रूप से क्रियाशील शत प्रतिशत योजनाओं को 31 मार्च तक पूर्ण रूप से क्रियाशील करने का निदेश दिया। बताया गया कि 871 योजनाएं बंद हालात में पीएचईडी को मिली थी। इनमें से 635 योजनाओं में लघु मरम्मती का कार्य कराकर उन्हें क्रियाशील किया गया।अन्य लघु मरम्मती योग्य योजनाओं को भी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से क्रियाशील करने का स्पष्ट निदेश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया। साथ ही वृहत मरम्मती की आवश्यकता वाली योजनाओं का डीपीआर तैयार करने को कहा गया। उपविकास आयुक्त को 15 दिनों के अंतर्गत कनीय अभियंता वार योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने नल जल योजना से संबंधित शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता से करने का निदेश दिया।

# पाटलिपुत्र नरकटियागंज एक्सप्रैस का मार्ग हुआ विस्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पाटलिपुत्र और नरकटियागंज के मध्य परिचालित की जा रही 15201/15202 पाटलिपुत्र-नरकटियागंज-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार बगहा तक किया गया है। 12 मार्च से गाड़ी सं. 15201 पाटलिपुत्र-नरकटियागंज बगहा एक्स प्रेस पाटलिपुत्र से 17.10 बजे खुलकर अगले दिन 00.05 बजे नरकटियागंज पहुंचेगी तथा यहां से यह 00.15 बजे खुलकर 00.28/00.30 बजे हरिनगर, 00.40/00.42 बजे भैरोगंज रूकते हुए 01.30 बजे बगहा पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 15202 बगहा-नरकटियागंज-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस बगहा से 03.15 बजे खुलकर 03.30/03.32 बजे भैरोगंज, 03.40/03.42 बजे हरिनगर रूकते हुए 04.10 बजे नरकटियागंज पहुंचेगी तथा यहां से 04.20 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस अब सप्ताह में चलेगी 3 दिन



प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आनन्द विहार टर्मिनस और बापूधाम मोतिहारी के मध्य सप्ताह में दो दिन चलायी जाने वाली गाड़ी सं. 14010/14009 आनन्द विहार-बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में दो दिन के स्थान पर सप्ताह में तीन दिन किया जायेगा। अब आनन्द विहार टर्मिनस से 13 मार्च, 2024 से खुलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को तथा बापूधाम मोतिहारी से 14 मार्च, 2023 से खुलने वाली 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं रविवार को सप्ताह में तीन दिन चलाई जायेगी। साथ ही इसके कोच संयोजन में भी तीन माह के लिए अस्थायी रूप से बदलाव करते हुए साधारण श्रेणी के एक कोच के स्थान पर प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का एक कोच जोड़ा जा रहा है। यह बदलाव आनंद विहार से 13 मार्च से 17 जून तक तथा बापूधाम मोतिहारी से 14.03.2024 से 18 जून तक प्रभावी होगा।

# शिक्षा, सेवा और समर्पण राष्ट्र निर्माण में सहायक : कुलपति

- शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ हमारे अंदर सामुदायिक सेवा-भाव का विस्तार हो और सामाजिक कार्यों में हमारी सहभागिता सुनिश्चित हो, तभी हम अपने समय और समाज में सार्थक हस्तक्षेप कर पाएंगे




प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर : मंगलवार को गंगा सिंह महाविद्यालय, छपरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के ह्यविशेष शिविरह्ण का उद्घाटन करते हुए जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रमेन्द्र कुमार वाजपेयी ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन लाकर ही हम अपने समय और समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं। शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ हमारे अंदर सामुदायिक सेवा-भाव का विस्तार हो और सामाजिक कार्यों में हमारी सहभागिता सुनिश्चित हो, तभी हम अपने समय और समाज में सार्थक हस्तक्षेप कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा यह लक्ष्य होगा कि विश्वविद्यालय का प्रत्येक छात्र/छात्रा एनएसएस का सक्रिय स्वयंसेवक/स्वयंसेविका बने और राष्ट्र निर्माण में अपनी उपयोगिता प्रदर्शित करे। राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक और उद्घाटन-सत्र के विशिष्ट अतिथि प्रो हरिश्चन्द्र ने अपने संबोधन में कहा कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय से जुड़ी एनएसएस इकाई बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना अलग पहचान बना रही है। एनएसएस स्वयंसेवकों से उन्होंने अपील की कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक जीवन के महत्त्व को भी समझें, तभी एक स्वस्थ, स्वच्छ और साक्षर समाज की परिकल्पना की जा सकती है। गंगा सिंह महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो डॉ मो अंजर आलम ने आगत अतिथियों का स्वागत मोमेंटो, अंगवस्त्र और बुके देकर किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि जितने भी महापुरुष यहाँ हुए, उन्होंने अपने कर्मों और सामाजिक सेवा से विश्व में एक अलग पहचान बनाई। उन महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर हम राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। हमारी युवा पीढ़ी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों के प्रति भी जागरूक हो, तभी एक आदर्श समाज की स्थापना हो पाएगी। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कमाल अहमद ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए 12 से 18 मार्च 2024 तक चलनेवाले इस ह्यविशेष शिविरह्ण की रूपरेखा प्रस्तुत की और बतलाया कि एनएसएस स्वयंसेवकों के उन्मुखीकरण के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में होंगे। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों से कहा कि शिविर की सफलता उनकी सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। एनएसएस के इस विशेष शिविर का शुभारंभ आगत अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के कुलदेवता की प्रतिमा तथा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। आभार ज्ञापन डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर एनएसएस के पूर्व विश्वविद्यालय समन्वयक प्रो वाचस्पति त्रिपाठी, महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ आदित्य चंद्र झा और कई अन्य प्राध्यापक तथा 50 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय उपस्थिति रही।

# खिलाड़ियों के लिए अनुशासन, समर्पण है सफलता का मंत्र : डॉ. हरेंद्र



**प्रात: किरण संवाददाता।** आदर्श जनता उच्च विद्यालय, नैनी के के खेल प्रांगण में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, उक्त समारोह का विधिवत उद्घाटन द्रोणाचार्य अवार्डी डॉ हरेंद्र सिंह, बिहार भारोत्तोलन के सचिव डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अरविन्द कुमार, रोटरी छपरा सचिव अमरेंद्र सिंह, नैनी मुखिया नीलू देवी, स्काउट जिला सचिव ज्ञानती मैडम, विद्यालय प्रधान डॉ ममता कुमारी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, सभी आगत अतिथियों का स्वागत राकेश सिंह, पंकज कश्यप, धनंजय मिश्रा, अनिल कुमार, मनोज कुमार द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया, विद्यालय के सेवा निवृत्त शिक्षक डॉ लोकनाथ यादव, जिला मंत्री भाजपा श्री शेखर ,राजा सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित थे, उक्त अवसर पर एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल के सफल खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि डॉ हरेंद्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया, खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, अपने संबोधन में डॉ हरेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से अनुशासन एवं समर्पण भाव से खेल में भाग लेने की बात कही तथा अपनी संस्कृति के महत्व का पाठ पढ़ाया, सभा को डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, अमरेंद्र सिंह, नीलू देवी, अरविंद सिंह ने संबोधित करते हुए विद्यालय के इस छात्र हित कार्यक्रम की प्रसंशा की तथा इसे ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### 3 लाख रुपये के मोबाइल फोन ले उड़े चोर

आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल रोड स्थित एक मोबाइल दुकान में अज्ञात चोरों ने मोबाइल दुकान का शटर उखाड़ करीब 3 लाख रुपये की दर्जनों मोबाइल चोरी कर ले भागे। कोईलवर थाना से महज दो सौ मीटर की दूरी पर निर्माणधीन सीएचसी कोईलवर के समीप अज्ञात चोरों ने एक मोबाइल दुकान का शटर उखाड़ दर्जनों मोबाइल चोरी कर ले भागे। इस घटना की सूचना दुकानदार को मंगलवार की सुबह मिली। जब स्थानीय दुकानदारों ने दुकान मालिक को दूरभाष से घटना की सूचना दिया। मोबाइल दुकान में चोरी की सूचना मिलते ही पीड़ित दुकान मालिक दौड़ भागे कुल्हड़िया से कोईलवर पहुँचे। दुकान पंहुचने पर जानकारी हुई कि शटर उखड़ा हुआ है किसी लोहे के औजार से उत्तर तरफ से उखाड़ दिया गया है। जिसमें घुस अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मौके पर पुलिस के पहुँचने के बाद पीड़ित ने शटर का ताला खोला तो पाया कि अच्छे कम्पनी के मोबाइल फोन गायब थे। भुक्तभोगी विधा सागर पाण्डेय उर्फ पप्पू पांडेय ने बताया कि सोमवार की रात्रि साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर गये थे। जिसमें लगभग तीन लाख रुपये के स्मार्टफोन थे। स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन पर भी नियमित गश्ती नहीं लगाने का आरोप लगाया। इधर मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को लेकर भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की दर्दनाक मौत

आरा। जिले के आरा-छपरा हाईवे पर नारायणपुर के समीप तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी राजेन्द्र राय का 20 वर्षीय पुत्र रितिक बताया जाता है। वहीं जख्मी सत्यनारायन पांडेय का पुत्र अतुल है। इधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरा-छपरा हाईवे को जाम कर दिया। मौके पर पुलिस पहुँच आक्रोशित लोगों को समझा बुझा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा ले गयी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह रितिक अपने दोस्त अतुल जो मर्चेंट नेभी में कार्यरत है, उसे छोड़ने बाइक से कोईलवर जा रहे थे। इस दौरान जमालपुर के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से धक्का मार दिया। जिससे हेलमेट पहने रितिक ट्रक के चक्के के नीचे आ गया और उसका सिर बुरी तरह से कुचल गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं अतुल मामूली रूप से घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही सेमरा गांव से सैकड़ो लोग घटनास्थल पर पहुँच आरा-छपरा हाईवे को जाम कर दिया। सूचना के बाद कोईलावर थानाध्यक्ष नरोतमचन्द्र पुलिस बल के साथ पहुँच आक्रोशित लोगों को समझा बुझा जाम हटवाया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना ले गयी।

# बंदे भारत ट्रेन को ठहराव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

- लखनऊ और पटना के बीच शुरू होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का टर्मिनल बदल दिया गया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा : आरा जंक्शन पर भव्य रूप से सजा हुआ था, देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जुटी हुई थी, यह सब बंदे भारत ट्रेन को ठहराव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस दरम्यान भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री सह आरा सांसन्द आर के सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों के साथ खुसी का पल बिताया आरा, जंक्शन पर हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़हरा के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह बिहार विधान परिषद के सदस्य अवधेश नारायण सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गा राज भाजपा के मीडिया प्रभारी संजय सिंह राजेश कुमार सिंह इस कार्यक्रम में शामिल थे बता दें कि 12 मार्च मंगलवार से लखनऊ और पटना के बीच शुरू होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का टर्मिनल बदल दिया गया है. ट्रेन अब चारबाग की बजाय विश्वस्तरीय गोमतीनगर स्टेशन से चलेगी, इसके परिचालन के दिन भी बदल गये हैं. ट्रेन अब बुधवार की बजाय शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह के सभी छह दिन चलेगी. ट्रेन के गोमतीनगर स्टेशन पहुंचने पर 15 मिनट की बचत होगी, इसी तरह देहरादून के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस मार्च से शुरू की जाएगी ट्रेन लखनऊ जंक्शन से रवाना होगी, रेलवे बोर्ड ने शनिवार देर शाम दोनों ट्रेनों के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया. टर्मिनल को बदल दिया गया। ट्रेन नंबर 22345 वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 6:05 बजे पटना से रवाना होगी. ट्रेन शाम 6:45 बजे आरा, 7:20 बजे बक्सर, 8:35 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, 9:20 बजे वाराणसी, 12:15 बजे अयोध्या धाम और 2:30 बजे गोमतीनगर स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन अब सुबह 8:40 की जगह 8:25 बजे पटना से लखनऊ पहुंचेगी।

# वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में मंगलवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्रों ने अभियान निकाली। इस दौरान छात्रों सहित महाविद्यालय कर्मियों ने शहर के सभी क्षेत्रों में घूमकर लोगों से मतदान के प्रति आवाज लगाते हुए लोगों जागरूक किया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से होते हुए मुख्य शहर के तेंदुनी चौक तक पहुंची। अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि सह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि समाज से जुड़े सभी मतदाताओं में जागरूकता लाना ही इस रैली का उद्देश्य है। जिस लोकतंत्र के पर्व में मतदाता को अपने मत का विशेषाधिकार जरुर करनी चाहिए। वही मतदाता जागरुकता रैली तहत छात्रों ने जन जन का यही अधिकार -अपना करें पहले मतदान के नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर- बहादुर सिंह, उमा शंकर सिंह, अनिल सिंह, कुमार विवेक, दिनेश कुमार, प्रियतम कुमार व अभय कुमार सिंह, रमेश सिंह, मंटू चौधरी, रोहित तिवारी, नरेंद्र सिंह, रमाशंकर मिश्र, परवेज खां, राहुल सिंह सहित समस्त महाविद्यालय कर्मियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# दो दिवसीय किसान मेला का आयोजन

- मेला के मुख्य अतिथि काराकाट विधायक अरुण कुमार के द्वारा अपने संबोधन के दौरान कहा कि इस क्षेत्र में गांव के रहने वाले मजदूर एवं किसान विभिन्न रोजगार के कारण पलायन करते हैं

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा मंगलवार को दो दिवसीय किसान मेले की शुरूआत की गई। इस मेले का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर काराकाट विधायक अरुण कुमार एवं केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मेला के मुख्य अतिथि काराकाट विधायक अरुण कुमार के द्वारा अपने संबोधन के दौरान कहा कि इस क्षेत्र में गांव के रहने वाले मजदूर एवं किसान विभिन्न रोजगार के कारण पलायन करते हैं। कोरोना के दौरान किसी कारपोरेट एवं पूंजीपत्तियां ने इन लोगों की मदद नहीं की। परंतु देश के 70% किसानों ने ही पूरे देश को अनाज मुहैया करा कर भरण पोषण करने का कार्य किया। केंद्र के द्वारा मौसम एवं फसल संबंधित विभिन्न अनुसंधान किए जा रहे हैं। जिसका लाभ पूरे जिले के किसानों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोहतास जिले के लिए यह एक महत्वपूर्ण संस्था है। जो किसानों के हित में नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं परामर्श सेवा प्रदान कर रहा है। इसका लाभ जिले के किसान भाई समय- समय पर उठाकर कई तरह के पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं। किसानों को बीज के क्षेत्र, कीटनाशक, उर्वरक एवं खाद संबंधित जो भी समस्याएं आ रही हैं। उनका निदान मेरे द्वारा लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फसलों के समर्थन मूल्य बढ़ाने हेतु सरकार को विचार करना चाहिए। प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर शोभा रानी के द्वारा केंद्र कृषि विज्ञान केंद्र की तमाम गतिविधियों की जानकारी उपस्थित कृषकों को दी गई। उन्होंने मेले में लगे हुए उद्यान प्रदर्शनी के बारे में बताते हुए कहा कि जिले के कई किसानों ने अपने सब्जी एवं फल संबंधित उत्पाद का प्रदर्शन किया है। केंद्र में अवस्थित सभी कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। जिससे किसान लाभान्वित हो सकते हैं। केंद्र के द्वारा रबी फसलों के क्रॉप कैफेटेरिया धनगाई फार्म पर लगा हुआ है। जिसको देखकर किसान अपने क्षेत्र में हो रहे अच्छे गेहूं, चना, मसूर एवं तीसी के प्रभेदों की पहचान कर उनकी खेती आगे आने वाले समय में कर सकते हैं। चिकित्सक डॉ अरुण कुमार के द्वारा जैविक खाद से उपजाए हुए सब्जियों एवं फलों के सेवन संबंधित सलाह किसानों को दी ताकि बीमारी कम हो। तकनीकी सत्र के दौरान वनस्पति अनुसंधान केंद्र के प्रभारी डॉ के के प्रसाद ने संबोधित करते हुए किसानों को खरपतवार निवारण संबंधित व्यापक जानकारी दी। डॉ आर के जलज मत्स्य वैज्ञानिक ने किसानों को मछली पालन में होने वाले आय की चर्चा की। डॉ रतन कुमार के द्वारा उद्यान प्रदर्शनी से संबंधित लगाए गए सब्जियों की खेती के बारे में विस्तार पूर्वक किसानों को बताया गया। सिंचाई अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ साहा एवं डॉ उमाकांत ने किसानों को संबोधित किया। कृषि विभाग के उपनिदेशक आत्मा सौरभ कुमार ने किसानों को जिले में चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। बिक्रमगंज अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने अनुमंडल अंतर्गत विभाग द्वारा चलाए जा रहे कृषि संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की एवं कहा कि उर्वरक संबंधी कमीयों को हर स्तर पर दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डेहरी ऑन सोन एवं सासाराम भी उपस्थित थे। प्रगतिशील कृषक धनंजय कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया। किसान मेले में बिक्रमगंज अनुमंडल, डेहरी अनुमंडल एवं सासाराम अनुमंडल से लगभग 500 पुरुष एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। मेले में जीविका ईएफको, स्वास्थ्य विभाग, एनएफएल, चंबल फर्टिलाइजर्स, बिक्रमगंज एवं सासाराम के कई कृषि संबंधित इनपुट डीलर एवं प्रगतिशील कृषक यशस्वी महिला उद्योग समूह, दिलीप कुमार, सासाराम इत्यादि द्वारा स्टॉल भी लगाया गया था। जिसका अवलोकन सभी लोगों ने किया। मेले में केंद्र के कर्मी अभिषेक कौशल, हरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, सुबेश कुमार, राकेश कुमार, नवीन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एसएन मेमोरियल स्कूल की तरफ से बच्चों अभिभावकों के बीच किया गया हेलमेट वितरण



- कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित तथा स्वागत गान के साथ हुआ

प्रात: किरण संवाददाता

आरा: एस. एन मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल, करमन टोला, आरा मे कैंपेन फॉर सेफर रोड्स फॉर चिल्ड्रेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस दौरान आरा के डी. एम राज कुमार तथा बड़हरा की पूर्व विधायिका आशा देवी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित तथा स्वागत गान के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था, बच्चो एवं अभिभावकों को सड़कों पे हो रही है दुर्घटना से सुरक्षा को लेकर कैसे अवगत कराया जाए। कार्यक्रम में बच्चो एवं अभिभावकों ने चढ बढ़ कर हिस्सा लिया, डी.एम.राजकुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज कल के व्यस्त जीवन में हर किसी को कही न कही जाने की होड़ लगी है, जिसमे लोग सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं को नजरंदाज कर रहे है, जिससे जान माल का भयंकर नुकसान हो रहा हैं, इसीलिए हमारा अथक प्रयास है कि अभिभावक तथा बच्चे सावधानी से सड़क पर वाहन का परिचालन करे। वही पूर्व विधायिका आशा देवी ने भी बताया कि अभिभावकों के साथ -साथ विद्यालय की भी जिम्मेवारी है कि वो अपने बच्चो को हेलमेट तथा बाकी सुरक्षा नियमो से अवगत कराकर ही सड़क पर वाहन चलाने दे। तथा सही उम्र का भी ध्यान रखे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निर्देशिका स्मिता सिंह तथा निदेशक जन्मेजय सिंह के द्वारा अभिभावक तथा बच्चो को लगभग 1000 से अधिक हेमलेट वह भी निःशुल्क वितरण किया गया। इस तरह के कार्यक्रम से अभिभावकगण काफी खुश नजर आए।

# आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर अंचलाधिकारी रश्मि ने प्रखंड के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता




कैमूर: आगामी 2024 लोक सभा आम निर्वाचन चुनाव लेकर रामगढ़ के अंचलाधिकारी सुश्री रश्मि जी द्वारा राजकीय कृत मध्य विद्यालय डहरक, राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय रामगढ़, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय वैधनाथ सहित कई बूथों पर जाकर निरीक्षण कर मतदान केंद्र पर तैयारी को लेकर जायजा लिया गया, साथ ही अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय लोगों के अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़ कर मतदान करने का अनुरोध किया गया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बीड़ीओ ने की बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोईलवर प्रखण्ड स्थित के आरपीपीएस स्कूल में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन मौर्या कपल लायन्स क्लब आरा की ओर से किया गया था। कार्यक्रम का उदघाटन भोजपुर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ के एन सिन्हा, पीएचसी प्रभारी उमेश कुमार, आरपीपीएस निदेशक रविकांत राय।

# ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीणों में आक्रोश

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर: भभुआ प्रखंड के पइया गांव में 15 दिनों से जला ट्रांसफार्मर ग्रामीणो मे नाराजगी पर सूचना मिलते ही गांव में पहुंचे जिला परिषद सदस्य भभुआ विकास सिंह मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य ने बताया की गांव का ट्रांसफार्मर 15 दिनों से जला है जिसे आम जनों में काफी परेशानी है गर्मी तेज होते ही फसलों को भी काफी तकलीफ हो रही है गांव के ग्रामीण कई दिनों से विभाग का चक्कर काट रहे हैं आज जैसे ही सूचना मिली गांव पहुंचकर बिजली विभाग के वरिय पदाधिकारियों से बात कर समस्या से अवगत कराया गया।

# सरकार विरोधी भाकपा माले ने प्रतिवाद मार्च निकला

प्रात: किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के सोनवर्षा में भाकपा माले द्वारा दिल्ली में नमाजियों के प्रति अपमान और हिंसा के खिलाफ दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी प्रतिवाद को लेकर में भाकपा-माले कार्यकताओं ने नफरत व पुलिसिया बर्बरता पर रोक लगाओ, नफरत की राजनीति नहीं चलेगी आदि नारे लगाते हुए प्रतिवाद मार्च निकाला। प्रतिवाद मार्च के बाद सोनवर्षा बाजार में एक प्रतिवाद सभा आयोजित की गई।सभा को संबोधित करते माले प्रखंड सचिव कॉम० बिरेन्द्र सिंह ने कहा कि दिल्ली में नमाज पढ़ रहे युवकों पर जो पुलिसिया लात चली है, दरअसल वह बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर के बनाए गए संविधान पर हमला है। 2024 चुनाव के ठीक पहले इस तरह का सांप्रदायिक माहौल बनाकर भाजपा वोटों का ध्रुवीकरण करना चाह रही है। देश की जनता इसका मुक्कमल जवाब देगी।नमाजियों को लात से मारना भाजपा की नफरती राजनीति एवं उसके प्रचार-प्रसार का परिणाम है। संविधान में भाईचारे व धर्म की आजादी की बात कही गई है, लेकिन आज उसी संविधान को खत्म करने की साजिश चल रही है।भाजपा सांसद अनंत हेगड़े ने अपने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए हाल ही में कहा कि 400 पार का जो नारा है, वह इसलिए जरूरी है कि मोदी जी को संविधान बदलना है। भाजपा खुलेआम अब संविधान बदलने की बात कह रही है। संविधान बचाने की लड़ाई हम मजबूती से लड़ते रहेंगे।वही किसान महासभा के अध्यक्ष कॉम० रामदेव सिंह ने कहा कि इस प्रतिकार को संघर्ष में बदलना है।भाजपा की धारा इस मुल्म व आइन के खिलाफ है।उसने विचार की जो गंदगी फैलाई है, उसके खिलाफ सबको जागृत करना हम सबका दायित्व बनता है। जुल्म व ज्यादती के खिलाफ जितनी भी आवाज बुलंद हो सके, उसे हम बुलंद करना चाहिए। वे तमाम लोग अंधकार में चले जाएंगे जिन्होंने यह जुल्म फैलाया है।

# पुलिस ने 14 हजार का काटा चालान

- वाहन जांच के दौरान मुख्य पथ से आवागमन करने वाले बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट व बिना कागजात के चलने वाले चालको को रोका गया

प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 120 पर जोरावरपुर पुल के समीप एसआई अंजली कुमारी के नेतृत्व में क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मुख्य पथ से आवागमन करने वाले बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट व बिना कागजात के चलने वाले चालको को रोका गया। पुलिस द्वारा घंटो अभियान चलाकर बाईक व कार सवारों को बाईक चलाते समय हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों से 14 हजार रुपये का ऑनलाइन ई चलान के तहत जुमार्ना भी वसूला गया।

# सेविका ने पोषण पखवाड़ा रैली निकाल, लोगों को किया जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता




नोखा (रोहतास) बाल विकास परियोजना के नेतृत्व में निकला पोषण पखवाड़ा रैली। जिस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यालय परिसर से होते हुए शहर के मुख्य बाजार तक किया गया। मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका ने कहा कि सही पोषण हरी सब्जी, दूध, फल में उपयुक्त होती है। पोषण से हटकर बार-बार तली हुई चीज ना खाएं। इसके अलावा समय पर खाना खाएं और खाने के पहले हाथ जरूर साफ करें। खाने के पहले और शौच के बाद हाथ सफाई जरूर करें। कार्यक्रम नेतृत्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आभा कुमारी ने की। जहां पर की उपस्थिति सेविका सहायिका द्वारा रैली निकाल नारों के साथ माता पिता को बच्चों के पोषण हेतु जागरूक किया। मौके पर मंजू कुमारी, क्रांति कुमारी, शांति कुमारी सहित अन्य सेविका शामिल थीं।

# वर्षों बाद मठ मंदिर संरक्षण सह सेवा समिति के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

प्रात: किरण संवाददाता



आरा :- बड़ी मठिया आरा के प्रांगण मे वर्षों बाद मठ मंदिर संरक्षण सह सेवा समिति के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आज सातवे दिन वृन्दावन धाम से आई कथावाचिका पूज्य श्री गंगा मिश्रा जी ने कथा के अंतर्गत कृष्ण-सुदामा चरित्र का विस्तृत वर्णन किया। जिसमें उन्होंने बताया की मित्रता ही एक ऐसा संबंध जिसमें सारे भेद मिट जाते हैं। कैसे कृष्ण भगवान ने सुदामा जी से मित्रता निभाई कहां तो भगवान कृष्ण द्वारिका के राजा और सुदामा जी गरीब ब्राह्मण फिर भी भगवान ने इस चित्र के द्वारा हम सबको यह ज्ञान दिया की मित्रता पवित्रता से करनी चाहिए कहां भी गया है जे न मित्र दुख हुई दुखारी तिन्ह ही बिलोकत पातक भारी, इसमें बताया गया है की मित्रता में कभी कपट नहीं करनी चाहिए, अपना दुख चाहे कितना भी बड़ा हो पर मित्र के छोटे दुख को भी अपने से बड़ा समझना चाहिए और उसे दुख का निवारण करना चाहिए आज सप्तम दिवस की कथा में सुदामा जी के प्रसंग के साथ अद्भुत झांकी भी दिखाई गई। यज्ञ पूणार्हुति हवन हुआ व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही मठ मंदिर संरक्षण सह सेवा समिति के अध्यक्ष चंदन ओझा ने बताया की बड़ी मठिया मे अब सदैव कथा- पूजन होते रहेंगे। मठ की समस्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। बड़ी मठिया पुरे शाहाबाद के हिंदुओं का धार्मिक केंद्र बनेगा। इस आयोजन में शिवजी ओझा, विजय जी, दीनानाथ मिश्रा, योगेंद्र सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दीपू, राकेश रंजन उर्फ पुतुल, सुदर्शन राम, शिवजी ओझा, अमरदीप कुमार जय समाजसेवी, सुधीर जी, दीपक सिंह, सचितानंद ओझा, पवन पांडेय इत्यादि हजारों भक्त शामिल हुए।

# सड़क दुर्घटना में पिता पुत्री की हुई मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास जिले के सासाराम में अज्ञात वाहन कि टक्कर से बाईक सवार पिता पुत्री कि मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर हालत में इलाजरत है। मृतकों में संतोष कुमार गुप्ता तथा पुत्री अंजनी कुमारी शामिल हैं जबकि मंचन देवी का ईलाज गंभीर हालत में सदर अस्पताल सासाराम में जारी है। शादी समारोह से तिलौथू के हुरका अपने गांव लौट रहे थे। तभी दरिगांव थानाक्षेत्र के बूढ़न मोड़ के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से बाईक सवार पिता पुत्री कि मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# राम कृष्णा पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव




प्रात: किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर स्थित राम कृष्णा पब्लिक स्कूल कुल्हड़िया का वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसका उद्घाटन हाई कोर्ट पटना के पूर्व न्यायाधीश समरेंद्र प्रताप सिंह और डॉ. ज्ञान प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर स्कूल के बच्चो ने अतिथियों का स्वागत गणेश वंदना गाकर किया। जिसके बाद बच्चों ने एक से बढ़ एक प्रस्तुति दी। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि राम कृष्ण पब्लिक स्कूल में बच्चो को शिक्षा के साथ संस्कार दिया जाता है। जो अब निजी विद्यालयों में देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने बच्चो द्वारा प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी तारीफ किया। वहीं विद्यालय के बच्चो को विद्यालय में अच्छे एक्टिविटी और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक सुबोध कुमार पांडेय, प्रचार्या जय दिनेश प्रसाद, शिवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भोला बाबू, भास्कर सिंह, पूनम कुमारी, खुशी राज, रंजन पांडेय, मंजू त्रिपाठी, अंकिता सिंह, भगवान जी, कमल जी, सुशांत कुमार समेत अभिभावक और गणमान्य लोगों की उपस्थिति थी।

# आगे बढ़ना है तो युवाओं को लक्ष्य करना होगा निर्धारित: जीवन कुमार

- कार्यक्रम का शुरूआत युवाओं द्वारा गणेश वंदना से किया गया और स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर: भभुआ शहर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज में बनाए गए परीक्षा भवन में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र कैमूर द्वारा पड़ोस युवा सांसद का कार्यक्रम किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार एसवीपी कॉलेज के प्रधानाचार्य एसपी शर्मा जिला युवा पदाधिकारी सुशील करोलिया भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल के सर्वसम्मति से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया है। वही कार्यक्रम का शुरूआत युवाओं द्वारा गणेश वंदना से किया गया और स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया गया है। बिहार विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र कैमूर द्वारा पड़ोस युवा संसद का कार्यक्रम कराया गया यह युवाओं के भविष्य में इसके माध्यम से प्रशिक्षण लेकर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। जो इस पड़ोस युवा संसद के माध्यम से ही आज के युवा जानेंगे और जो इसमें बताया गया कि कैसे दिल्ली के संसद में मंत्री एवं नेता किस तरह एक दूसरे से वातार्लाप करते हैं और संसद में किस तरह की गतिविधियां होती है। इसके बारे में युवाओं को जानकारी दिया गया। ताकि इसी समाज से युवा प्रशिक्षण लेकर देश का कोई नेता कोई अधिकारी मंत्री और प्रधानमंत्री बनता है। उन्होंने कहा कि अगर युवाओं को आगे बढ़ाना है तो अपने लक्ष्य को निर्धारित करना होगा तभी समाज से निकलकर कोई भी युवा आईएएस आईपीएस एवं एक नेता बनकर अपने लक्ष्य को प्रति करेगा। इसलिए युवाओं को जिस क्षेत्र में रुचि है उसके साथ पढ़ाई भी अति आवश्यक है ताकि पढ़ाई के साथ ही अपने लक्ष्य को कोई निर्धारित कर सकता है। उसके बाद युवाओं द्वारा क्वीज प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न तरह के कार्यक्रमों प्रस्तुत किया गया है। मौके पर एनएसएस के प्रोफेसर डॉ अन्नपूर्णा गुप्ता डॉ सोनल अभाविप के सदस्य अभय द्विवेदी आदर्श नेहरू युवा क्लब गोबरछ के अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद गुप्ता के साथ कार्यक्रम के संचालन कर्ता बंशीधर उपाध्याय एवं कई लोग उपस्थित रहे।

# जीबीएम कॉलेज में कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही द्वारा गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण-सह-भवन उद्घाटन संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. शशि प्रताप शाही एवं विभिन्न कॉलेजों से आये गणमान्य अतिथियों एवं प्रधानाचार्य प्रो. डॉ जावैद अशरफ की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतिमा अनावरण-सह-भवन उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) शशि प्रताप शाही, कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने अपने कर-कमलों से महाविद्यालय परिसर में स्थापित काले पत्थर से नवनिर्मित गौतम बुद्ध की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया है। कुलपति प्रो. शाही ने कॉलेज के प्रशासनिक भवन एवं विज्ञान भवन का उद्घाटन किया है। कुलपति ने महाविद्यालय के नवनिर्मित शैक्षणिक भवन एवं गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की प्रथम संस्थापक प्रधानाचार्य के नाम पर नवनिर्मित सावित्री महाजन सभागार का उद्घाटन भी किया है। कॉलेज की एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं उपस्थित प्रतिभागी छात्राओं ने भी कुलपति और अन्य अतिथियों का स्वागत किया है। सावित्री महाजन सभागार में आयोजित स्वागत सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. शशि प्रताप शाही, माननीय कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, प्रो कुसुम कुमारी, पूर्व कार्यकारी कुलपति, मगध विश्वविद्यालय-सह-पूर्व उप कुलपति, मुंगेर विश्वविद्यालय, जीबीएम कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य डॉ शांति सिंह, प्रो.शम्सुल इस्लाम, प्रधानाचार्य, दाउदनगर कॉलेज, दाउदनगर, एवं प्रधानाचार्य प्रो.डॉ.जावैद अशरफ ने दीप प्रज्वलित करके किया है। इस कार्यक्रम की समन्वयक तथा अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में छात्रा हर्षिता मिश्रा, अन्या, तान्या, निधि एवं निकिता केसरी ने हारमोनियम पर महाविद्यालय कुलगीत की गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय युग की शान। सा विद्या या विमुक्तये की पावन वैष्णव तान। की सुमधुर प्रस्तुति दी है। तबले पर दिनेश कुमार ने संगत दी है। छात्रा वैष्णवी, खुशी, चाँदनी, जाह्नवी एवं संजना ने स्वागत गीत ह्लअभिनंदन करें आप सबका, लक्ष्य पूरा हो मेरे जीवन काह्व गाया है।प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. जावैद अशरफ ने माननीय कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही सहित मंचासीन प्रो. कुसुम कुमारी, प्रो. शांति सिंह एवं प्रो. शम्सुल इस्लाम का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम तथा मेमेंटो प्रदान करके किया है। मगध विश्वविद्यालय से पधारे अधिकारीगण डॉ. विजय कुमार वर्मा, इन्स्पेक्टर ऑफ कॉलेजेज साइंस, प्रो. दीपक कुमार, इन्स्पेक्टर ऑफ कॉलेजेज आर्ट्स, प्रो. वीरेंद्र कुमार, संकायाध्यक्ष विज्ञान, प्रो. रहमत जहाँ, संकायाध्यक्ष, मानविकी प्रो. सतीश सिंह चंद्र, प्रधानाचार्य, गया कॉलेज, गया, डॉ सत्येन्द्र प्रजापति, प्रधानाचार्य, जगजीवन कॉलेज, मानपुर, गया, डॉ. अनंत कुमार सिन्हा, प्रधानाचार्य, ए एम कॉलेज का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम तथा मेमेंटो प्रदान करके किया गया है। इस अवसर पर डॉ प्रियंका कुमारी द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन भी किया गया है।

# गस्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 04 पर खड़ी साउथ बिहार एक्सप्रेस को चेक करने 6.455 किलोग्राम गांजा बरामद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



आरा : जांच के दौरान गांजा बरामद इसकी जानकारी आरपीएफ इंस्पेक्टर सुमन कुमारी ने दिया रे.सु.ब./आरा के स.उ.नि./गुड्डू साथ आरक्षी गणेश राय व आरक्षी अमित रंजन एवमं जीआरपी आरा के होम गार्ड नन्दा कुमार समय करीब 13:00 बजे गस्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 04 पर खड़ी गाड़ी संख्या 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस को चेक करने पर उक्त गाड़ी के स्लीपर कोच संख्या -193620 के पश्चमी शौचालय के पास लावारिश हालात में एक बैगनी रंग के पिट्ठू बैग में 07 अदद पैकेज भूरा रंग के टेप से लपेटा हुआ गांजा जैसा प्रतीत होने वाला नशीला पदार्थ कुल वजन 6.455 किलोग्राम बरामद हुआ`उक्त बैग में भरे नशीला पदार्थ के बारे में अगल बगल खड़े यात्रियों से पूछताछ किया गया लेकिन सभी के द्वारा अनभिज्ञता जाहिर किया गया लिहाजा उक्त बरामद नशीला पदार्थ के संबंध में रे.सु.ब./आरा के अधिकारी द्वारा अपने वरीय अधिकारियों को सूचित करते हुए और वरीय अधिकारियों के आदेश पर नियमानुसार करवाई करते हुए स.उ.नि/गुड्डू के द्वारा मौके से उपस्थित गवाहों के समक्ष जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया और एक लिखित शिकायतपत्र के साथ अग्रिम करवाई हेतु जीआरपी आरा को सुपुर्द किया गया`जीआरपी आरा के द्वारा कांड संख्या 25/24 दिनांक 11/03/24 व/S 08/20(b)(ii)( A) NDPS ACT विरुद्ध अज्ञात पंजीकृत किया गया`रे.सु.ब./आरा के अधिकारियों के द्वारा उक्त सभी जब्त गांजा जैसा दिखने वाला नशीला पदार्थ का बिहार राज्य में कुल अनुमानित कीमत लगभग 70,000 रुपया आंका गया है।

## अवैध विदेशी शराब उत्पाद विभाग ने किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

गया। आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली जैसे प्रमुख त्योहार के मद्देनजर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के निदेर्शानुसार अवैध शराब के परिवहन एवं व्यापार पर अंकुश लगाने के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद एवं मद्द निषेध जांच चौकी डोभी गया पर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब से लदे हुए सफेद रंग का एक डीसीएम ट्रक जिसका निबंधन संख्या CH 01TB6887 को जप्त किया गया है। ट्रक में 184 काटून विदेशी शराब जिसकी मात्रा 1648 लीटर 4536 बोतले जब्त की गई है। उक्त छापेमारी में चंडीगढ़ के रंजीत कुमार चालक को गिरफ्तार भी किया गया है।

# चुनाव पूर्व सीएए लाकर ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मोदी ने किया प्रपंच-बीरेन्द्र गोप

प्रात : किरण संवाददाता

गया।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिहार एडवोकेट बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने वयान जारी कर केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी ने देश में चुनाव पूर्व सीएए लागू कर देश वासियों को ज्वलंत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए प्रपंच रचकर एक नाकाम कोशिश किया है, जिसे देशवासी सिरे से नकार देगी। श्री गोप ने कहा कि एक तरफ देश में मंहगाई से हाहाकार है, बेरोजगारों का अंबार है किसान परेशान है, गरीब हल्कान है तो दूसरे तरफ केन्द्र की जनविरोधी, गरीब विरोधी व महिला विरोधी सरकार मंदिर-मस्जिद के बहाने धर्म की चासनी परोसने में व्यस्त है। गोप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथनानुसार देश के अस्सी करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज से ही गुजर वसर हो रहा तो उन्हें स्वावलंबी बनाने के बजाय कभी राम मंदिर तो कभी सीएए के आड़ में वेबकूफ बनाया जा रहा है। जबकि देश के बहुजनों को मंदिर-मस्जिद के अलावा उन्हें रोटी, कपड़ा, मकान एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ साथ उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा की भी जरूरत है। देश के गृहिणियां मंहगाई के बोझ के तले जीवन यापन कर रही क्योंकि कि खाद्य पदार्थों के किमतों भारी उछाल के साथ जो गैस सिलेंडर 300 सौ रुपये में मिलती थी उसका किमत एक हजार हो गया है,जिससे उनकी महिने के जरूरी खर्च भी पूरा नहीं हो पा रहा है। बीरेन्द्र गोप ने कहा कि देश व देशवासियों के लिए बिडम्बना ही है कि दस वर्षों से केन्द्र में सत्तारूढ़ जनविरोधी सरकार को आज भी अपने उपलब्धियों के वजाय विरोधी दलों के खामियों के सहारे एवं जाति धर्म के आड़ लेकर ही चुनाव में उतरना पड़ रहा है। साथ ही अमीत शाह के विरोधियों को उल्टा लटकाने वाले वयान पर हमला करते हुए कहा कि एक ताड़ीपार व्यक्ति जो गोधरा के गुनाहगार भी है,उनके ओछी मानसिकता एवं मानसिक दीबालियेपन को दशार्ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने चयनित विकास मित्रों को नियुक्ति पत्र वितरित किया

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिह की अध्यक्षता में अरवल प्रखंड के सोनवर्षा पंचायत, करपी प्रखंड के पुरैनिया शेखा पंचायत एवं कुर्था प्रखंड के अहमदपुर हरना पंचायत के रिक्त विकास मित्रों के पदों के विरूद्ध चयनित विकास मित्रों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक कल को

गया।भारतीय जनता पार्टी ह्लव्यापार प्रकोष्ठह्व के सभी प्रदेश पदाधिकारियों - प्रदेश सह संयोजक, क्षेत्रीय प्रभारी, प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य, जिला संयोजक एवं जिला के सभी पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य सह मंडल के अध्यक्षों से आग्रह है दिनांकः 14 मार्च दिनः गुरुवार समयः 11.00 बजे दिन स्थान भारतीय जनता पार्टी कार्यालय स्थित अटल सभागार, पटना में प्रकोष्ठ की एक अति आवश्यक बैठक बुलाई गई है जिसमे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री, बिहार सरकार सम्राट चौधरी , प्रदेश के संगठन महामंत्री भीक्खू भाई दलसानिया के साथ साथ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श राजीव रंजन उर्फ राजू गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे।आग्रह है की समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनावे।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

शेरघाटी।पुलिस ने थाना मोड़ के निकट चलाया वहां जांच अभियान उक्त जांच के दौरान बिना हेलमेट एवं बिना ड्राइवरी लाइसेंस के बाइक चलाने वाले लोगों से फाइन वसूला गया। जानकारी देते हुए ट्रेनिंग आईपीएस सह थानाअध्यक्ष शिवम धाकड़ ने बताया कि जांच के दौरान तकरीबन 8 हजार रुपये की फंडंड वसूली गई है,जो की बिना हेलमेट एवं बिना ड्राइवरी लाइसेंस के बाइक चलाने वाले लोगों पर यह कार्रवाई की गई है, उन्होंने कहा कि शहर के अलग अलग इलाके में अभियान चलाया जाएगा और असामाजिक तत्व व लहरिया कट करने वाले लोगों पर पैनी नजर रखी जाएगी।

# सीएए कानून देश मे हुआ लागू, मानवता की एक बड़ी मिसालः कुमार गौरव

प्रात : किरण संवाददाता



गयाः देशभर में नागरिक संसोधन कानून को लागू कर एनडीए सरकार ने मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता को दशार्या है। इसके लिए एनडीए सरकार को बधाई देते हुए गया जिला युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा कहा कि सरकार ने मानवता के प्रति अपनी उदारता को दशार्ते हुए सीएए के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसमें तीन देशों के गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी। इस कानून के अंतर्गत मुस्लिम समुदाय को छोड़कर तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले बाकी धर्मों के लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान है। इसके लिए एक वेब पोर्टल तैयार किया गया है, जिसमे तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले वहां के अल्पसंख्यकों को इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और सरकारी जांच पड़ताल के बाद उन्हें कानून के तहत नागरिकता दी जाएगी। केंद्र द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद दिल्ली, उत्तर समेत कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# डुमरिया प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के चुनाव के लिए तिथि तय



प्रात : किरण संवाददाता

गया,गया जिले के डुमरिया प्रखंड में अविश्वास प्रस्ताव के बाद प्रखण्ड प्रमुख संतोष कुमार और उप प्रमुख पलीता देवी की कुर्सी चली गई थी।खाली पड़े प्रमुख और उप प्रमुख के चुनाव की तिथि 21 मार्च को घोषणा कर दिया गया है।राज्य निर्वाचन आयोग ने तिथि तय कर जिला प्रशासन को भेज दिया था,आज शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी ने लेटर जारी कर सभी पंचायत समिति सदस्य को लेटर भेज दिया है,लेटर के मुताबिक 21 मार्च को डुमरिया किसान भवन में 11 बजे सभी सदस्य को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भेजी गई पत्र में कहा गया है की बिहार पंचायत निर्वाचन नियमावली 2006 के नियम 121 की और से प्रदत शक्तियों के अधीन वर्णित प्रावधानों एम अनुसार प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के रिक्त पदों पर चुनाव कराने को कहा गया है।21 मार्च को सबसे पहले प्रमुख और उसके बाद उप प्रमुख को चुनाव कराया जायेगा। निर्वाचन आयोग ने कहा है की चुनाव संपन्न होने के तुरंत बाद निर्वाचित प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख को शपथ ग्रहण भी करा दी जाएगी। इस सूचना पाकर डुमरिया प्रखंड के चर्चित समाजसेवी पवन चंद्रवंशी ने बताया की प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ तीन बार अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया था,लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने 2 बार रोक लगा दिया था,लेकिन न्यायालय पर हम सभी को भरोसा था जो भी आदेश आया उसका पालन सभी सदस्यों ने किया है।न्यायलय के निर्देश था की 9 फरवरी को प्रमुख अविश्वास प्रस्ताव का तिथि घोषणा करेंगे जो नही किए,10 फरवरी को उप प्रमुख वो भी अविश्वास प्रस्ताव की तिथि निर्धारित नही किए,11 को बाकी सदस्य अविश्वास प्रस्ताव को तिथि निर्धारित करेंगे जो 26 फरवरी को घोषणा किया गया था,पूर्व प्रमुख रामचंद्र सिंह के अध्यक्षता में अविश्वास प्रस्ताव पारित किया था।

# द कबीर फाउंडेशन ने रमजान को लेकर गरीबों के बीच राशन का किया गया वितरण

प्रात : किरण ब्यूरो

शेरघाटी।शहर के लोदी शहीद मुहल्ले में हर साल की तरह इस साल भी दी कबीर फाउंडेशन की ओर से रमजान के पवित्र माह में गरीबों के बीच इफ्तार से लेकर सेहरी तक का समान बांटा गया संस्था से जुड़े सोहराब खान ने बताया कि करोना के समय में भी लोगों को राहत की समाग्री एक माह के खाने का किट वितरण किया गया था। और हर साल रमजान में वैसे गरीब को वितरित करते हैं जिनका कोई सहारा नहीं है उन लोगों को सेवा दे रहे हैं द कबीर फाउंडेशन का मुख्य ब्रांच दिल्ली में है शेरघाटी मे जैसे काजी मुहल्ला,लोदी शहीद, शुमाली मुहल्ले में एक जगह समान रख कर वितरण किया जाता है जिससे की पास के इलाके से लोग आ कर इसका फायदा उठाते हैं इस मौके पर समाजसेवी आबिद ईमाम, नगर पंचायत के पुर्व उपाध्यक्ष शाकील खान ने बारी बारी से लोगों को रमजान माह का राशन मुहैया कराया।

# चापाकल मरम्मति दल को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

गया।गया गांधी मैदान से जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, गया के चापाकल मरम्मती दल को हरी झंडी दिखाकर प्रखण्डों,क्षेत्र में रवाना किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पी.एच.ई.डी द्वारा प्रखण्डों के ग्रामीण इलाके में स्थापित किए गए सरकारी चापाकल के रख-रखाव एवं मरम्मती के लिए 24 चापाकल मरम्मति दल जिसमें प्लंबर, टेक्नीशियन व अन्य कर्मी हैं, भेजे जा रहे हैं। सभी प्रखंडों में 01-01 चापाकल मरम्मति दल लगाया गया है। अगर कहीं ग्रामीण क्षेत्रों में चापाकल खराब,बन्द है, उनकी जानकरी टॉल फ्री नम्बर - 1800-123-1121 पर दी जा सकती है, ताकि गर्मी के दिनों में जितने भी चापाकल है, वे सुचारू रूप से काम करें। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है जहां आप सीधे कॉल करके खराब चापाकल की सूचना दे सकते हैं। गया डिवीजन क्षेत्र हेतु 0631 2220611 एव शेरघाटी डिवीजन हेतु 9304824242 नंबर जारी किया गया है। गया जिले के सार्वजनिक स्थलों पर सभी खराब पड़े चपकालों को युद्ध स्तर पर ठीक करने की कार्रवाई आज से शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी टोले, प्रखंड,ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़े ,इसके लिए कार्यपालक अभियंता पीएचईडी हर संभव कदम उठाएंगे। पीएचडी को निर्देश दिया गया है कि सही ढंग से चापाकल का मरम्मति हो तथा जहां पर मरम्मत हो वहां के आम लोगों को जानकारी जरूर रहे। कहीं भी शिकायत न मिले। पूरी पारदर्शिता में कार्य मरामति कार्य करवाये। काफी पहले चापाकल को मरम्मत करवाने का कार्य प्रारंभ किया गया है उम्मीद है कि अप्रैल के पहले काफी राहत मिलेगा तथा खराब चापाकल को ठीक कराया जाएगा। कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि सरकारी संस्थान,विद्यालय में जितने भी चापाकल है, वे चालू रहें, जो चापाकल ठीक नहीं हो सकता है, जिसका कोई उपचार नहीं है, उसे हटाकर उसके स्थान पर नए चापाकल रखें, उन्होंने नल-जल योजना को क्रियाशील रखने को कहा है पी.एच.ई.डी के सभी पदाधिकारी, अभियंता एवं कनीय अभियंता इस कार्य की देख-रेख व अनुश्रवण करेंगे। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जा रहा है, हेल्प लाइन नम्बर पर जैसे ही से ही कॉल आएगी, तो कनीय अभियंता एवं अन्य अभियंता, पदाधिकारी एवं टेक्नीशियन और कर्मी इसी चलंत मरम्मती दल के साथ जाएंगे।

# आयुष्मान भारत योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का आकलन विषय पर सीयूएसबी में एक दिवसीय कार्यशाला




प्रात : किरण संवाददाता

गया।इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित अल्पकालिक अनुभवजन्य अनुसंधान परियोजना के डेटा प्रसार और निष्कर्षों को साझा करने के लिए ह्लबिहार राज्य के लाभार्थियों पर आयुष्मान भारत योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का आकलनह्व विषय पर बुधवार 13 मार्चको एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है ।जन सम्पर्क पदाधिकारी पीआरओमोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में कार्यशाला का आयोजन अनुसंधान के परिणामों को साझा करने के लिए किया जा रहा है अल्पकालिक परियोजना तीन अलग-अलग विभागों की एक प्रमुख सहयोगी परियोजना है जिसमें विधि एवं शासन विभाग के प्रो. एस.पी. श्रीवास्तव परियोजना निदेशक हैं। परियोजना के सह-परियोजना निदेशक सीयूएसबी के डॉ. अभय कुमार, राजनीतिक अध्ययन विभाग, डॉ. पारिजात प्रधान, समाजशास्त्र अध्ययन विभाग एवं डॉ. पूनम कुमारी, विधि एवं शासन विभाग हैं।यह परियोजना बिहार में आयुष्मान भारत योजना की सफलता पर अनुभवजन्य अध्ययन पर आधारित है। डेटा एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने के बाद इस कार्यशाला का उद्देश्य आम जनता और हितधारकों तक अंतिम डेटा का प्रसार करना है। प्रस्तावित कार्यशाला को चार सत्रों में विभाजित किया गया है, पहले सत्र में उद्घाटन एवं अध्यक्षता कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह करेंगे तथा बीएचयू के अर्थशास्त्र विभाग की है प्रो. मनीषा आशीष मेहरोत्रा प्रमुख वक्ता के रूप में कार्यशाला को संबोधित करेंगी। अगले दो सत्र इस योजना के लाभार्थियों और अन्य हितधारकों द्वारा अध्ययन के निष्कर्षों और अनुभवों को साझा करने पर केंद्रित हैं। अंत में, समापन सत्र में, परियोजना निदेशक, प्रो. एस.पी. श्रीवास्तव द्वारा परियोजना पर समापन टिप्पणी साझा की जाएगी। समापन भाषण सीयूएसबी के वाणिज्य विभाग के प्रो. ब्रजेश कुमार द्वारा किया जाएगा` प्रो. पीयूष कमल सिन्हा, इतिहास विभाग, मगध विश्वविद्यालय, आयुष्मान भारत योजना के समारोह के निष्कर्षों के पक्ष-विपक्षों पर अध्यक्षीय टिप्पणी प्रस्तुत करेंगे।

# बाल विवाह सामाजिक बुराई, इससे मुक्त समाज होगा सशक्त

प्रात : किरण संवाददाता




गया। गया जिले में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन एवम प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर संस्था द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत परियोजना एक्सेस टू जस्टिस अंतर्गत करीब 1 साल से 5 प्रखंडचंदौती, मानपुर, बेलागंज,बोधगया और खिजरसराय के 29 पंचायत के 150 गांवों में ग्रामीणों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है एवम ग्रामीणों को बाल विवाह ना करने की शपथ दिलाई जा रही है।संबंधित विभाग एवं पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से जागरूकता अभियान संचालित किए गए है एवम होने वाले कई बाल विवाह को रोका भी गया है। संस्था के कार्यकर्ताओ द्वारा अब उक्त प्रखंडो के ग्राम को पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से बाल विवाह मुक्त ग्राम घोषित करवाने के कार्य को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भिन्न जगहों पर हुए कार्यक्रम में चंदौती प्रखंड के रसलपुर पंचायत में मुखिया चन्द्रकला देवी, धनसिर पंचायत में मुखिया गीता देवी, मानपुर प्रखंड के लखनपुर पंचायत में मुखिया पिंकी देवी, खिजरसराय प्रखंड के कुतलुपुर पंचायत के मुखिया संतोषी देवी ,कुरवा पंचायत के मुखिया राजबलम पासवान, चिरैली पंचायत के सरपंच कपिलदेव यादव एवं सिसवर पंचायत के सरपंच महेंद्र पासवान,बेलागंज प्रखंड के बेलागंज पंचायत में मुखिया रंजीत दास द्वारा बाल विवाह मुक्त ग्राम हेतु घोषणापत्र जारी कर सभी से बाल विवाह के समूल नाश एवं इसका विरोध करने हेतु बात कही गयी है इस हेतु हुए समारोह में कार्यकर्ता जितेन्द्र देव गुप्ता,गौतम परमार,अजीत कुमार, प्रीति कुमारी, मोनिका कुमारी ,कहकशा अम्बर, अमित कुमार एवं संतोष कुमार के साथ अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार यह संज्ञेय अपराध है जिसमें 2 वर्ष तक के कठोर कारावास की सजा एवम एक लाख तक जुमार्ना अथवा दोनो का प्रावधान है । उन्होंने कहा कि बाल विवाह ,दहेज ,बाल मजदूरी ,भ्रूण हत्या आदि सामाजिक बुराई हैं, जिन्हें दूर किए बिना सशक्त समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है बाल विवाह मानवीय अधिकारों का उल्लंघन है क्योकि प्रत्येक बच्चे को पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने का अधिकार होता है, जो बाल विवाह की वजह से क्षत-विक्षत हो जाता है।कम उम्र में विवाह से संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के मौलिक अधिकार का भी हनन होता है एवं यह लड़के और लड़की को शिक्षा से दूर कर स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं एवं गरीबी के दुष्चक्र की ओर ले जाता है` बाल विवाह की वजह से बहुतेरे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं, जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती है। मुख्यमंत्री बिहार द्वारा वर्ष 2021-22 में बाल विवाह और दहेज प्रथा के गंभीर मुद्दों पर सकारात्मक माहौल तैयार करने की दिशा में राज्यव्यापी समाज सुधार अभियान शुरू किया गया था। बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 22 और धारा 47 20 के अंतर्गत क्रमशः ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति को महिला एवं बाल कार्यक्रमों में सहभागिता करने का दायित्व सौंपा गया है। नियमावली, 2010 के नियम-9 (1) में भी ग्राम पंचायत के प्रधान को बाल विवाह की सूचना प्राप्त कर अग्रसारित करने वाले माध्यम के रूप में चीन्हित किया गया है इस दिशा में प्रयास संस्था अपने कार्यक्षेत्र में अनूठी पहल कर सभी को बाल विवाह से होने वाले हानि एवं इसके रोकथाम हेतु लगातार प्रयत्नशील है। बाल विवाह ना हो इसके लिए संस्था के कार्यकर्त्ता क्षेत्रो के प्रभावशाली व्यक्तियों ,धर्मगुरुओं एवं नेताओं से भी सहयोग लेने हेतु चर्चा करेंगे । क्या है बाल विवाह? बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह वह होता है जिसमें पुरुष ने 21 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है एवं नारी ने 18 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है।

# वंदे भारत ट्रेन पहुंची गया, सहकारिता मंत्री और सांसद ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कई बंदे भारत ट्रेन की सौगात दी गई है। इसी के सिलसिले में रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को आज पीएम नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इस दौरान रांची से खुलने के बाद बिहार के गया जंक्शन पर बंदे-भारत ट्रेन पहुंची है, जहां बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार गया सांसद विजय मांझी के द्वारा ट्रेन का स्वागत किया गया है।इसी के तहत रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन की भी सौगात दी गई है। इससे आने वाले दिनों में यात्रियों को कम समय में अपने गतव्य की ओर जाने में सहूलियत होगी इस मौके पर गया जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटु,डा मनिष पंकज मिश्रा,शंभु केशरी, संतोष ठाकुर, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, संतोष सिह, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र, गया महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल,काफी संख्या में लोग उपस्थित वही गुरुप से हटाने वाले अमित लोहानी भी उपिस्थति थे।

# राजनीति सेवा के लिए है मेवा के लिए नहीं : प्रकाश पटवा

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।नागमतिया रोड जदयू कार्यालय में जदयू व्यवसायिक व उद्योग प्रकोष्ट जिलाअध्यक्ष प्रकश राम पटवा के अध्यक्षता मे बैठक हुई है। जिला अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने कहा बिहार में डबल इंजन की सरकार है । अब बिहार का विकास दुगना रफ्तार से होगा । संपूर्ण बिहार नीतीश का परिवार है वे सम्पूर्ण बिहार की चिंता करते है । नीतीश कुमार जी का मानना है कि राजनीति सेवा के लिए होती है मेवा के लिए नहीं। वह वोट की नही वोटर की चिंता करते है । नीतीश सभी वर्गों के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है, मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व में चौथीखी विकास हुआ है वही लालू प्रसाद यादव के शासन कल मे बिहार की क्या स्थिति थी । यह किसी से छिपी नही है। पंचायती राज और नगर निकायों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने वाला बिहार पहले राज्य है। आज बिहार पुलिस में सबसे ज्यादा महिलाएं हैं, बिहार में सभी चालीस सीट पर जीत सुनिश्चित के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं ।

# संभ्रांत वैश्य नाटक के साथ हुआ तीन दिवसीय मनेजर साहब की स्मृति नाट्य मोहत्सव का आगाज

प्रात : किरण संवाददाता

पटनाः तीन दिवसीय मनेजर साहब की स्मृति नाट्य मोहत्सव का उद्घाटन 12 मार्च, मंगलवार की संध्या प्रेमचंद रंगशाला में हुआ। बाह्य मंच पर रंग संगीत की प्रस्तुति और मुख्य मंच पर शरद शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक ह्लसंभ्रांत वैश्यह्व का मंचन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि में श्री विजय कुमार सिन्हा



(उप मुख्यमंत्री सह कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार) उपस्थित थे। कहते हैं नाटक समाज का आईना होता है और इस आईने में जब भी मौका मिले हमे खुद को देखना चाहिए इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए दी आर्ट मेकर रंगमंडल परिवार इस साल भी बेहतरीन नाट्य प्रस्तुतियों के साथ अपने राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आगाज किया। ज्यों पॉल सार्त्र द्वारा लिखित और शरद शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक ह्लसंभ्रांत वैश्यह्व के माध्यम से न केवल गौरों की धूर्तता के शिकार एक हब्शी की पीड़ा को व्यक्त किया है, बल्कि इसके माध्यम से नस्लभेदी व्यवस्था पर गहरी चोट की है। अभिनव रंगमंडल, उज्जैन (म.प्र.) के अभिनेताओं के अद्भुत प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। नाटक में दशार्या गया है कि समाज का ऊंचा तबका अच्छे बुरे, सही-गलत का निर्णय मानवीय विवेक के आधार पर लेने के बजाय जाति, नस्ल, भाषा, धर्म आदि के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर लेता है। ऐसे में हर बार समाज का निचला तबका ऊपरी तबके की चालाकियों की मार झेलने पर मजबूर होता है। इस नाटक में कामना भट्ट, भूषण जैन,अंकित दास, सचिन वर्मा, रूबल शर्मा, जगरूप सिंह चौहान, शैशव भटनागर, अनिरुदध शर्मा तथा मोनिका शर्मा/यास्मीन सिद्दीकी ने अहम रोल प्ले किया।

## संक्षिप्त खबरें

### लघु शंकालय की मांग को ले डीएम को सौंपा ज्ञापन: सचिव

भागलपुर। शहरी क्षेत्र इलाके में महिलाओं की सौचालय की समस्या निवारण किये जाने की दिशा में विश्व मधुर संस्था की ओर से विगत दिनों भागलपुर शहर के मुख्य चौक चौराहा पर महिलाओं के लिए लघु शंकालय स्थलों की मुकलम व्यवस्था नहीं रहने की मांग को लेकर एक नुक्कड़ व आम सभा की गई थी। इसी कड़ी में भागलपुर के आम नागरिकों ने संयुक्त रूप से विश्व माधुर के बैनर तले लघु शंकालय व्यवस्था की मांग को ले विश्व माधुर की सिस्ट मंडल शारदा श्रीवास्तव कंचन झा तथा पूनम श्रीवास्तव के अगुवाई में जिलाधिकारी से मिलकर महिलाओं की समस्या की ओर ध्यान केंद्रित कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। वही जिलाधिकारी ने महिला सिस्ट मंडलों को आश्वस्त किया है कि वह नगर निगम को इसके लिए उक्त दिशा में आदेश पारित करते हुए उक्त समस्या निवारण हेतु निर्देश दिए जाएंगे।

### रमजान के पहले दिन जामा मस्जिद गाजीपुर में रोजेदारों ने पढ़ा नमाज

तारापुर (मुंगेर)। मुस्लिम धमार्लंबियों का सबसे बड़ा त्योहार रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। गौरतलब है कि रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। इनके धर्मशास्त्र के अनुसार सुबह की सेहरी के समय रोजे की शुरूआत की जाती है एवं शाम को इफ्तार के समय रोजा खोल लिया जाता है। रमजान का पूरा महीना सबसे शुद्धता का महीना होता है। शुद्धता का पूरा खयाल रखा जाता है। मंगलवार से इस्लाम का सबसे पवित्र महीना रमजान शुरू हो गया है। इस्लामी कैलेंडर के नौंवे महीने को रमजान का महीना कहा जाता है। मुस्लिम बाहुल्य गांव गाजीपुर के मोहम्मद तारिक बताते हैं कि इस महीने की शुरूआत चांद दिखने के बाद होती है। रमजान के दौरान मुस्लिम लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। रमजान का महीना खत्म होने के बाद ईद का त्योहार पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है। रमजान में मुस्लिम लोग रोजा रखने के लिए सुबह सूर्योदय से पहले ही सेहरी खा लेते हैं। जिसके बाद पूरे दिन भूखे-प्यासे रहकर खुदा का नाम जपते हैं। शाम को इफ्तार के समय रोजा खोल लिया जाता है। आगे बताया कि रमजान में सेहरी और इफ्तार का समय रोजाना बदलता है। खास बात है कि जगह-जगह के हिसाब से भी यह समय एकदम अलग हो सकता है। इस्लाम के पांच मूलभूत सिद्धांतों में से एक है रोजा रखना इस्लामिक जानकारी के अनुसार रोजा रखना इस्लाम के पांच मूलभूत सिद्धांतों में से एक है। सभी मुसलमानों को यह पांचों सिद्धांतों का पालन करना काफी जरूरी है। इन पांच सिद्धांतों में नमाज, दान, आस्था, हज और रोजा शामिल है।

### न्याय की गुहार ले एसएसपी कार्यालय पहुंची पीड़ित महिला

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में आम जनों के बीच कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में लोगों के बीच पुलसिंग इमेज को सुदृढ़ बनाए जाने की दिशा में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई की प्रक्रिया को वृहित पैमाने पर जोड़ दिया गया है। इसी कड़ी में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसे सुनकर हैरान कर आप भी चौक पड़ेंगे। मामले को लेकर पीड़ित महिला अपने आप बीती घटना को बताते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के समक्ष जानमाल की रक्षा किये जाने की गुहार लगाई है। इस दौरान पीड़िता की कहानी सुनकर रोंगटे खड़े कर दिये। वही अपनी आपबीती घटना को साझा करते हुए ततारपुर जब्बारचक की रहने वाली एक महिला जो वर्तमान में हबीबपुर थाना इलाके में रह रही है उन्होंने बताया कि उसके ही अपने पति मो. अशरफ आलम ने अपनी पत्नी से शादी होने के बाद 9 बार तलाक ले चुके हैं, फिर भी उस महिला को पति मो. अशरफ आलम तंग करना नहीं छोड़ा है। वह जब अपने घर में नमाज पढ़ने के लिए तैयार होती है तभी उसका पति उसके मुंह में दुपट्टा बांधकर बेहरहमी से उसकी पिटाई करना शुरू कर देता है। इस पताड़ना से तंग आकर महिला अपनी जानमाल की रक्षा की गुहार ले वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के समक्ष उनके कार्यालय पहुंची।

# कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कृषक महिलाओं को किया सम्मानित

- क्रूज पर गंगा समग्र ने की गंगा महाआरती कार्यक्रम का भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




भागलपुर। बाबूपुर घाट स्थित राजेंद्र प्रसाद क्रूज पर गंगा समग्र के बैनर तले सम्मान समारोह आयोजित की गई। इस दौरान जिलेभर में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रमुख दस महिलाओं का सम्मान किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह, राष्ट्रीय मंत्री रमाशंकर सिन्हा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य स्वेता सिंह, जिला संयोजक अंजली घोष, पूर्व मेयर डॉ. बीना यादव, पूर्व उप महापौर डॉ. प्रीति शेखर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक सुरेंद्र कुमार एवं एम बी राजेंद्र प्रसाद क्रूज के संचालक विक्रांत वैभव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। वही कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ ही संस्था की काव्या मिश्रा ने गणेश वंदना नृत्य से की। तत्पश्चात वागिसा सिंह, एंजल नागपाल एवं आरुषि ने एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुति से उपस्थित अतिथियों का मनमुग्ध हो उठे और सभी लोगों का उत्साह अफजाई करते हुए काफी प्रसंसा की। इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गंगा की सेवा अनवरत करने से ही गंगा स्वच्छ और निर्मल होगी। गंगा समग्र के माध्यम से समाज के लोग जुड़ते है और गंगा की स्वच्छता तभी संभव हो पाता है, जब समाज की भागीदारी होती है। वहीं राष्ट्रीय मंत्री रमाशंकर सिन्हा ने कहा कि हमारी भारतीय परिवार में लड़कियों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का अभिप्राय सह अस्तित्व समन्वय और सामंजस्य की भूमिका को नकार नहीं सकते हैं, सह अस्तित्व समन्वय और सामंजस्य की भूमि पर स्त्रीत्व के संरक्षण की पुख्ता भूमि अर्जित की जा सकती है, और अपने अंदर इस विश्वास को बढ़ाने की जरूरत है। सही दृष्टि में उन्नत भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को सुदृढ़ करने में स्त्री शक्ति अपनी पहचान बना सके। वहीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्वेता सिंह ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराया और कहा कि पुरुषों का सम्मान तो हमेशा से किया जाता रहा है लेकिन महिला किसान की सम्मान अभूतपूर्व आयोजन है। वही पूर्व मेयर डॉ. बीना यादव ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है गांव की महिलाओं का चयन कर उनका सम्मान करना गंगा समग्र की अभूतपूर्व पहल है। इसी क्रम में पूर्व उप महापौर डॉ. प्रीति शेखर ने कहा कि हमारी महिलाएं स्वाभिमान की डगर पर राष्ट्र का स्वाभिमान बढ़कर उभरे यही कामना है। आरएसएस के विभाग प्रचारक सुरेंद्र कुमार ने कहा महिलाओं के जुड़ने से ही गंगा का कार्य करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर संस्था के कई सदस्यों की उपस्थिति के साथ काफी संख्या में कृषक महिलाओं की मौजूदगी रही थी। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व पंडित लक्ष्मण जी के नेतृत्व में गंगा महा आरती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सह संयोजक कुमार गौरव एवम धन्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक अंजली घोष ने की। कार्यक्रम के दौरान इन महिलाओं को सम्मानित किया गयाप्रिया देवी कहलगांव मशरूम उत्पादन, संगीता देवी जगदीशपुर कतरनी धान, पुष्पा देवी नाथनगर बकरी पालन, पदमा देवी कहलगांव मुर्गी पालन, वंदना कुमारी नारायणपुर मोटे अनाज, किरण राजहंस मसाला उत्पादन एवं मशरूम कुल 11 महिलाओं को सम्मान किया गया। मौके पर पिंकी बागोरिया, माला सिंह,सुनिधि मिश्रा, रूपा शाह, प्रीति श्रीवास्तव, कुंदन कुमारी, रिंकू वर्मा, प्रिया कुमारी, रूपा शाह, संगीता शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# जिलाधिकारी के सफल निर्देशन में आदर्श आचार संहिता सख्ती से अनुपालन हेतु निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई। जिला समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में मंगलवार 12 मार्च को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी राकेश कुमार के निर्देश के आलोक में, अपर समाहर्ता जमुई की अध्यक्षता में जमुई जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा थानाध्यक्षों के साथ आदर्श आचार संहिता के संबंध में जानकारी देने हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता में दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया ' नोडल पदाधिकारी आदर्श आचार संहिता सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी जमुई ने सभी को आदर्श आचार संहिता के निर्देशों से अवगत कराया। जमुई जिला अंतर्गत आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत आदर्श आचार संहिता के सभी निर्देशों एवं नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा ' साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ' अपर समाहर्ता के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में बताया गया ' बैठक में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष मौजूद रहे '

# खनन विभाग के बकाया रॉयल्टी जमा करने को दिये निर्देश: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में खनिज विकास विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक के क्रम में खनिज विकास पदाधिकारी भागलपुर द्वारा बताया गया कि खान व भूतत्व विभाग द्वारा भागलपुर जिला के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कार्य विभाग के संबंधित निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के तहत कुल 34 करोड़ 73 लाख रुपये के विरुद्ध विगत 9 मार्च 2024 तक कुल 24 करोड़ 47.01 लाख रुपया का समाहरण किया गया है, जो की निर्धारित लक्ष्य का 70 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। वही जिलाधिकारी सह समाहर्ता भागलपुर द्वारा जिला के सभी कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी व संबंधित कार्यालय प्रधान को निर्देश दिया गया है कि सरकारी परियोजना में व्यवहृत लघु खनिज पर देय मालिकाना फीस व स्वामित्व की राशि की कटौती कर आगामी 3 दिनों के अंदर खनन शीर्ष में जमा कराया जाय, साथ ही जमा कराने का विवरण जिला खनन कार्यालय भागलपुर को अद्यतन रूप से उपलब्ध कराया जाय।

# सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था के दाबे करने वाली पुलिस की खुली पोल: ग्रामीण

- वगत तीन माह से बंद पड़े हैं पुलिस कैंप
- एनएच 31 स्थित मुख्य चौक चौराहे पर पुलिसकर्मी नही है तैनात

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला नवगछिया परिक्षेत्र के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघिया मकंदपुर चौक का पूरा गांव इलाका असुरक्षित महसूस करते दिखाई दे रहा है। क्योंकि आसपास के रहनेवाले यहां लोगों की माने तो सुरक्षा के लिए स्थापित पुलिस कैंप विगत ढाई-तीन महीने से बंद पड़ा दिखाई दे रहा है। सिंघिया मकंदपुर चौक स्थित एनएच 31 के सटे बने पुलिस कैंप विगत 2010 में स्थापित किया गया था। क्षेत्र सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कैंप स्थापित करने के साथ ही कई पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी। लेकिन विगत कुछ माह से पुलिस कैंप अचानक बंद हों जाने के बाद अब इस क्षेत्र इलाके में दुर्दांत अपराधियों, नशेड़ियों, स्मैकरों, नशे के शौदागरों व अवैध कारोबारियों का अड्डा बन गया है। जबकि नवगछिया बाजार व मकंदपुर चौक पर कई तरह के थोक विक्रेता, बालू-गिट्टी, अनाज, गल्ला व्यवसायी, खाद-बीज के बडे व्यवसायियों द्वारा वृहित पैमाने पर कारोबार किया जाता है। सिंघिया मकंदपुर के कई चौक चौराहा होने के कारण चारो तरफ से छोटे-बड़े वाहनों का दबाव बना रहता है, क्योंकि इस रास्ते से होकर व्यवहार न्यायालय, बिजली कायालार्य, अनुमंडल कार्यालय, महिला कॉलेज, नवगछिया बाजार, अनुमंडल अस्पताल, नगर परिषद कार्यालय, चार थाना व रेलवे स्टेशन आने व जाने का मुख्य रास्ता है। इलाके में कई निजी अस्पताल व शिक्षण संस्थान भी इस क्षेत्र में संचालित किये जा रहे हैं। इस मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटना अक्सर घटित होते रहती है। उक्त चौक मार्ग पर घटित हादसों में अबतक कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। वही आम लोगों की सुरक्षा के नाम पर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा यहां किसी तरह की मुकलम सुरक्षा व्यवस्था नहीं दिख रही है। जिस कारण क्षेत्र इलाके में अपराधियों द्वारा आपराधिक घटनाओं को बेखौफ अंजाम दे आसानी से निकल जाते है। विगत वर्ष सितंबर माह में गृहरक्षा वाहिनी जवान के पुत्र आकाश कुमार की हत्या वारदात को बेखौफ अपराधियों ने स्थानीय चाय दुकान पर दिन दहाडे सरेआम अंजाम देकर मौके से चलते बने थे। गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघिया मकंदपुर चौक के आसपास अपराधियों का बोलबाला 90 के दशक से ही देखने को मिलता रहा है। क्षेत्र इलाके में जमीनी विवाद व आपसी रंजिश में आधा दर्जन हत्याएं व लूट, छिनतई की जैसे गम्भीर घटनाएं घटित होती चली आ रही हैं। वही सिंघिया मकंदपुर के ग्रामीण सुभाष साह को भी चाय की दुकान पर शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दिया था। इसी कड़ी में अपराधियों ने खाद व्यवसायी दिलीप साह पर दो बार जानलेवा हमला के उद्देश्य से गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया था। वही गोलीबारी की घटना के बाद खाद व्यवसायी दिलीप साह भयवश इस क्षेत्र से अन्यत्र पलायन कर चुके है। इसके बाद अपराधियों ने रंगदारी की मांग को लेकर गिट्टी-बालू व्यवसायी ललन साह की हत्या गोली मारकर कर दी थी। विगत 2022 में गोसाईंगांव के समीप एयरटेल के होलसेलर से लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक अपराधियों ने होलसेलर एयरटेल कर्मी जब नवगछिया स्टेशन से अपने पिता को छोडने के बाद वापस अपने घर इस्माईलपुर लौटने के क्रम में लक्ष्मीपुर गोसाईंगांव पुल के पास सरेआम दिन दहाड़े बीच सड़क पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। विगत कुछ दिन पूर्व गोसाईंगांव चौक पर मकान निर्माण के दौरान अपराधियों ने गोसाईंगांव के श्रवण यादव की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी। वही विगत दिनों पूर्व स्थानीय बिजली ऑफिस में लॉकर में रखा 15 लाख रुपये की चोरी की घटना का अबतक खुलासा नहीं हो पाया है। तो वही विगत वर्ष 2010 में अपराधियों के गतिविधियों को देखते हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शेखर कुमार के द्वारा सिंघिया मकंदपुर चौक पर स्थायी पुलिस कैम्प स्थापित किया गया था। जो तत्कालीन एसपी सुशांत कुमार सरोज के कार्यकाल तक संचालित हो रहा था। वही पुलिस कैम्प को लेकर नवगछिया एसपी पूरण कुमार झा ने बताया कि मेरी जानकारी में नहीं थी। जल्द ही मकंदपुर चौक पर पुलिस पिकेट चालू कर दिया जायेगा। जिससे आम लोगों को कोई परेशानी

# हवाई अड्डा का निर्माण को ले जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा: प्रदेश महासचिव

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। हवाई सेवा शुरू किये जाने को लेकर सरकार की मंजूरी मिल जाने के बावजूद स्थानीय स्तर पर जमीन उपलब्ध नहीं हो पाने के अभाव में व्यावसायिक, स्वस्थ व शैक्षणिक स्तर पर उड़ान के लिए हवाई अड्डे का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है इसी के मद्देनजर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव इंजीनियर शुभानंद मुकेश जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंच कर मुलाकात करने के साथ ही उक्त मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

वही मामले को लेकर सुभानंद मुकेश ने कहा कि नवीनतम सुविधायुक्त हवाई सेवा हेतू हवाई अड्डे का निर्माण में कम से कम 5 वर्ष लगने की संभावना है, जो कार्य अवधि की दिशा में काफी समय हो जाता है, इसके लिए ब्राउन फील्ड परियोजना के तहत हवाई अड्डे का निर्माण त्वरित हो और यहां के लोगों को जल्द से जल्द उक्त सुविधा का लाभ मिल सके, साथ ही उन्होंने कहा कि सेंट्रल जेल एवं वर्तमान हवाई अड्डे को सम्मिलित कर उक्त भूमि को हवाई अड्डे के रूप में परिणत किया जा सकता उक्त दिशा में भी वार्ता किये जाने की बात कही है।

# बच्चों के प्रति अपनी दायित्वों का निर्वहन पुरी संवेदनशीलता एवं अभिभावक के रूप में प्रतिबद्धता के साथ करनी चाहिए : अवनीश कुमार सिंह

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। जिला बाल संरक्षण इकाई, मुंगेर द्वारा जिले के सभी थानाध्यक्ष एवं बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी का किशोर न्याय (बालकों के देख रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 यथा संशोधित 2021 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के प्रावधानों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान, मुंगेर सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के प्रति अपनी भूमिका एवं दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता एवं अभिभावक के रूप में प्रतिबद्धता के साथ करनी चाहिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इस अधिनियम के तहत संचालित होने वाली प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनायेगी। पुलिस अधीक्षक ने कार्यशाला में उपस्थित सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थानाध्यक्षों को अधिनियम की विभिन्न धाराओं को समझने एवं बाल मित्र व्यवहार को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। सहायक निदेशक अनिमेष कुमार चन्द्र द्वारा बताया गया कि विधि विरोधी किशोरों के सुधार हेतु जिले में पर्यवेक्षण गृह तथा अनाथ एवं बेसहारा छोटे बच्चों के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (बबुआ घाट, मुंगेर) संचालित है तथा जिले के देखरेख एवं संरक्षण वाले बालक के लिए बाल गृह. भागलपुर एवं ऐसे बालिकाओं के लिए बालिका गृह, बेगूसराय में आवासन कराया जाता है। यूनिसेफ के राज्य परामर्शी शाहिद जावेद ने किशोर न्याय अधिनियम की बारीकियों को बताया एवं शब्दों के चयन पर विशेष सावधानी बरतने को कहा। प्रशिक्षक द्वारा पॉक्सो एक्ट, 2012 के तहत बच्चों को लैंगिक शोषण के विरूद्ध संरक्षण करने में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी की भूमिका को दशार्या गया।

इस अवसर पर सुजीत कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी, प्रणव कुमार, अधीक्षक-सह-बाल संरक्षण पदाधिकारी, शिव शंकर कुमार पंडित, लेखापाल -सह - भंडारपाल , राजेश कुमार, विधि-सह-परिवीक्षा पदाधिकारी, राज तिलक कुमार, परामर्शी, कमल किशोर, सामाजिक कार्यकर्ता, अजीत कुमार, ऑउटरीच को वर्कर, मिल्टन कुमार नंदी, प्रभारी समन्वयक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, मुंगेर मौजूद थे। इसके अतिरिक्त परिवीक्ष्यमान को पुलिस उपाधीक्षक विकास कुमार एवं रागिनी कुमारी भी उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित थे।

# मुंगेर नगर निगम का सरकारी कार्यालयों पर करोड़ों का टैक्स बकाया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर नगर निगम कार्यालय सूत्रों के अनुसार मुंगेर के नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सरकारी कार्यालय और स्कूल कॉलेज थाना कारागारों जिला परिषदों परिवहन कार्यालय जिला सूचना कार्यालय मुंगेर जिला समाहरणालय पर नगर निगम मुंगेर का करोड़ों रुपया टैक्स बकाया रहने से नगर निगम टैक्स वसूली में अपने लक्ष्य प्राप्त करने में पीछे हो गया है। नगर आयुक्त नगर निगम मुंगेर निखिल धनराज ने बताया कि सभी बड़े बकायादारों और सरकारी संस्थान के अधिकारियों को बकाया टैक्स जमा करने के लिए नगर निगम द्वारा नोटिस भेज कर मार्च माह के अंत तक टैक्स जमा करने का अल्टीमेटम दिया गया है। श्री धनराज ने बताया कि सरकारी कार्यालयों बैंकों पुलिस थानों पर 02 करोड़ 82 लाख टैक्स बकाया नगर निगम का है आगे उन्होंने बताया कि 2023 - 24 के लिए नगर निगम के राजस्व वसूली का लक्ष्य 08 करोड़ 41 लाख 69000 के बदले में अब तक नगर निगम का लक्ष्य 63% नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार केनरा बैंक पंजाब नेशनल बैंक नीलम सिनेमा सहित कहीं सरकारी कार्यालय पर टैक्स बताएं बड़े बकायादारों से होल्डिंग टैक्स वसूली में जुटे एनजीओ के कर्मी वैसे घरों की माफी कराकर मार्च के अंत तक होल्डिंग टैक्स जमा करने का अल्टीमेटम दे रहे हैं साथ ही वैसे सरकारी कार्यालय और पुलिस थाना जिन पर टैक्स का लाखों रुपया बकाया है वैसे कार्यालय के प्रधान को नोटिस देकर मार्च के अंत तक टैक्स जमा करने का अनुरोध निगम द्वारा किया जा रहा है हालांकि कई कार्यालय द्वारा पिछले वर्ष टैक्स जमा किया गया है लेकिन कई स्कूल कार्यालय बरसों से टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत संचालित कई सरकारी विद्यालयों पर लाखों रुपया टैक्स बकाया है आयुक्त ने आगे बताया कि पूरब सराय स्थित डायल सेंटर 1 करोड़ 30 लाख 24 हजार जिला स्कूल मुंगेर 35 लाख 56 हजार बैद्यनाथ गर्ल स्कूल 05 लाख 73 हजार टाउन हाई स्कूल पर 22 लाख 24 हजार मॉडल हाई स्कूल 06 लाख 24 हजार रामसखा सत्यभामा इंग्लिश कॉलेज 07 लाख 3000 गर्ल्स हाई स्कूल बासुदेवपुर 12 लाख 62 हजार नंद कुमार हाई स्कूल 12 लाख 42 हजार राजनीतिक बालिका हाई स्कूल पर 05 लाख 54 हजार वासुदेव पुरम मध्य विद्यालय पर 04 लाख 50 हजार रुपए टैक्स बकाया है नगर निगम क्षेत्र के पढ़ने वाले पांच पुलिस स्थान में नगर निगम का लाखों रुपया टैक्स बकाया है जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना 11 लाख 37 हजार कासिम बाजार थाना पर 2 लाख 62 हजार थाना पर 16 लाख 39 हजार वासुदेव पुरम थाना पर 03 लाख 24 हजार पूरब सराय थाना पर एक 01 लाख 58 हजार नगर निगम का टैक्स बकाया है। इसके अलावा पुलिस लाइन का भी टैक्स बकाया है जिला अल्पसंख्यक कार्यालय 2017-18 से 4565 रूपया जिला नजारत समाहरणालय 2022-23 से 59377 रूपया जिला अभिलेखागार राजस्व 2022-23 से 55 93 04 जिला परिवहन कार्यालय मुंगेर 2022-23 से 7084 67 रुपए जिला सूचना कार्यालय मुंगेर 22 23 से 65 2173 जिला परिवहन कार्यालय 2017-18 से 1672 23 मंडल कारा मुंगेर 22 23 से 72 6498 डीएफओ कार्यालय मुंगेर 22 23 से 01लाख 15 हजार 178 रुपए आरटीएन डीजे कॉलेज 2010 -11 से 95 लाख 69 हजार 936 रुपए बकाया है।

# हत्याकांड के मुख्य आरोपी के कई ठिकानों पर पुलिस ने दी दबिश

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नगर थाना क्षेत्र एनएच 31 किनारे स्थित अनुमंडल कार्यालय के समीप विगत दो दिन पूर्व इस्माइलपुर प्रखंड प्रमुख मालती देवी पति श्रीकांत यादव के 35 वर्षीय पुत्र मिथुन यादव की सरेआम दिनदहाड़े हत्या की वारदात को अंजाम दे अपराधी निकलने में सफल रहे थे। उक्त मामले को लेकर पुलिस जिला के एसपी पूरन झा ने त्वरित कार्रवाई किये जाने की दिशा में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी का गठन किया गया था। गठित एसआइटी व नवगछिया पुलिस के द्वारा अपराधियों की निशानदेही को लेकर क्षेत्र के कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। वही नवगछिया एसपी के द्वारा सीडीपीओ के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम के द्वारा इस छापेमारी में नवगछिया में मौजूद स्टेट जवानों के साथ संयुक्त रूप से कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी है।

# रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा की ओर से किया गया धरना प्रदर्शन का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर।जमालपुर का हृदय स्थल जुबली वेल परिसर में रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा की ओर से रेल से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर गत सोमवार को धरना का आयोजन किया गया। धरना की अध्यक्षता मोर्चा के वरिष्ठ नेता नरेश सिंह यादव एवं संचालन रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा के संयोजक अशोक कुमार मंडल ने किया। धरना का उद्घाटन भाषण करते हुए पर मंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा की अंग्रेजी हुकूमत द्वारा 8 फरवरी 1862 ई को ईस्ट इंडिया लोकोमोटिव वर्कशॉप जमालपुर के नाम से भारत का प्रथम रेल कारखाना खोला गया। कारखाना के स्वर्णिम काल में यहां श्रमिकों की संख्या 20 हजार से 22 हजार था पर केंद्र सरकार की उपेक्षा के कारण आज यहां श्रमिकों की संख्या घटकर 06 हजार से 07 हजार के बीच रह गई है। इस अवसर पर बोलते हुए मेंस यूनियन जमालपुर के नेता शक्ति धाम मंडल ने कहा कि बिहार के जो भी रेल मंत्री बने सबों ने इस कारखाना की अपेक्षा की जिस कारण आज या रेल कारखाना बंदी के कगार पर है। रेल ट्रेड यूनियन नेता युगल किशोर यादव ने कहा की रेल कारखाना में वर्क लोड बढ़ा कर कारखाना एवं जमालपुर शहर को बचाया जाए।

# कुख्यात अपराधी राजा यादव गुजरात के सूरत से हुआ गिरफ्तार: एसपी

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस ने बड़ी कार्यवाई करते हुए कहारपुर के रामशरण यादव हत्याकांड मामले में छह महीनों से फरार टॉपटेन अपराधियों में शामिल इनामी अपराधी कुख्यात झंडापुर यादव टोला निवासी राजा कुमार यादव पिता मेदो यादव को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। राजा यादव कहारपुर के रामशरण यादव हत्याकांड में पिछले छह माह से फरार था। उस पर 25 हजार का इनाम रखा गया था। गिरफ्तारी को लेकर नवगछिया पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने सोमवार को अपने कार्यालय मे प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को बताया कि विगत वर्ष 24 अगस्त 2023 को रात्री में नदी थाना क्षेत्र के कहारपुर दियारा क्षेत्र महंत जी के बासा पर सो रहे किसान कहारपुर निवासी रामशरण यादव पिता स्व नागेश्वर यादव की गोली मारकर हत्या के मामले में 6 महीनों से फरार टॉप 10 अपराधियों में शामिल इनामी कुख्यात अपराधी झंडापुर यादव टोला निवासी राजा कुमार यादव पिता मेदो यादव को नवगछिया एसआईटी टीम के द्वारा गुजरात के सूरत जिलांतर्गत पलसाना से गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि टॉप 10 इनामी अपराधी राजा यादव गुजरात के सूरत में छिपकर रह रहा है। उक्त सूचना के त्वरित कार्रवाई को लेकर एसपी के निर्देशन में एक विशेष एसआईटी का गठन किया गया।

# एमसीएमसी को लेकर डीएम ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अपने कार्यालय बेस में मीडिया के प्रमाणीकरण सह अनुश्रवण समिति की बैठक की। बैठक के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 2024 आम लोकसभा निर्वाचन के दौरान मीडिया के लिए जारी गाइडलाइन को साझा करते हुए विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन के क्रम में पैड न्यूज, फेक न्यूज व विज्ञापन प्रमाणीकरण के लिए निर्धारित प्रक्रिया की दिशा में विस्तृत जानकारी साझा कर दी। वही उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी प्रत्याशी या पार्टी के संबंध में बढ़ा चढ़ा कर अत्यधिक स्थान व समय में समाचार का प्रकाशन व प्रसारण पर एमसीएमसी कमेटी की नजर बनी रहेगी और उक्त प्रकाशन की दिशा में समीक्षा कमेटी करेगी। वही पैड न्यूज पाये जाने पर उस डीएवीपी दर पर उसका आकलन करते हुए संबंधित प्रत्याशी व पार्टी के खाता में उस व्यय को जोड़ा जाएगा, साथ ही संबंधित मीडिया हाउस को इसके लिए नोटिस जारी करने का प्रावधान है। धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, विशेष समुदाय के आधार पर किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाले समाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर पूर्व का या किसी अन्य स्थल का विजुअल को जोड़कर फेक न्यूज दिखलाना, निर्वाचन से संबंधित अफवाह फैलाना इत्यादि के लिए आईटी एक्ट 2000 के तहत भारतीय दंड संहिता के आलोक में लोक प्रतिनिधितत्व अधिनियम 1951 के विभिन्न सुसंगत धाराओं में संबंधित मीडिया हाऊस के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि मीडिया मतदाताओं को जागरूक करने में अहम रोल निभा सकती है। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और इसमें सभी धर्म, सभी जाति व सभी समुदाय के लोग शामिल होते हैं, और सबों के मतों का मूल्य बराबर है, और सभी मतदाताओं के साथ मतदान केंद्र पर समान व्यवहार किया जाता है, देश का नागरिक होने तथा मतदाता होने का गर्व तभी महसूस किया जा सकता है, जब हम मतदान करते हैं। वही इसके पूर्व संयुक्त निदेशक जन संपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा एमसीएमसी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइंन से सभी मीडिया प्रतिनिधियों को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया है।

# निवेशकों ने ऑफर का उठाया लाभ




प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजधानी के होटल लेमन ट्री में रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके संस्थापक अध्यक्ष श्री बंसल हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर सीता साहू ने किया। इस मौके पर कंपनी के सेल्स हेड दीपक चड्ढा एवं उनके साथ कंपनी के आकाशदीप एवं उनके टीम के सदस्य मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने अपने नोएडा में आवासीय एवं व्यवसायिक प्रोजेक्ट को लेकर निवेशकों के लिए काफी सारे ऑफर्स को लांच किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दर्जनों निवेशकों ने भाग लिया और ऑफर का लाभ उठाया। इस दौरान कंपनी के द्वारा आने वाले कई सारे प्रोजेक्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। यह कंपनी नॉर्थ इंडिया की नंबर वन एवं इंडिया की नंबर टू रियल स्टेट कंपनी है, जो कि दिल्ली एनसीआर आधारित है।

# धोनी की जगह कौन लेगा CSK का अगला कप्तान?

## सीईओ एन श्रीनिवासन ने दी स्पष्ट राय



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा कि फ्रेंचाइजी में उत्तराधिकार योजना के बारे में बातचीत चल रही है, लेकिन जब एमएस धोनी के उत्तराधिकारी का फैसला करने की बात आती है तो मालिक एन श्रीनिवासन के संदेश का खुलासा किया। 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स का नेतृत्व एमएस धोनी करेंगे, लेकिन 5 बार के चैंपियन टी20 टूर्नामेंट में अपने कप्तान के भविष्य के बारे में बातचीत को देखते हुए भविष्य की कप्तानी की संभावना की पहचान करना चाहेंगे।

एमएस धोनी ने पिछले साल संन्यास की अफवाहों को खारिज कर दिया था और कहा था कि वह कम से कम एक और सीजन के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने के लिए लौटेंगे और यह प्रशंसकों के लिए उनकी ओर से एक रिटर्न गिफ्ट था। धोनी पिछले साल घुटने की चोट से जूझ रहे थे, जब उन्होंने सुपर किंग्स को पांचवीं बार आईपीएल का खिताब दिलाया था। धोनी ने घुटने की सर्जरी करवाई और नए सीजन के लिए फिट होने से पहले अपनी रिकवरी पर कड़ी मेहनत की।

विश्वनाथन ने कहा, कप्तान और कोच फैसला करेंगे और हमें निर्देश देंगे, तब तक हम सभी चुप रहें। विशेष रूप से सीएसके ने आईपीएल 2022 सीजन की शुरुआत में रवींद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी थी। हालांकि लगातार खराब नतीजों के बाद जडेजा ने पद छोड़ दिया और कप्तानी वापस धोनी को सौंप दी। धोनी ने पूरे 2023 सीजन में सीएसके का नेतृत्व किया, जिसमें सुपर किंग्स ने अहमदाबाद में फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे सफल फ्रेंचाइजी बन गई।

इस बीच सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा कि येलो टीम आईपीएल में एक और मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है और नए सीजन के लिए एमएस धोनी की योजनाओं का खुलासा किया। उन्होंने कहा, हमने हमेशा नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने पर ध्यान केंद्रित किया है। यह हमारा पहला लक्ष्य है। उसके बाद यह उस दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। हम अब भी इसका पालन कर रहे हैं। हर सीजन से पहले, एमएस धोनी हमसे कहते हैं, पहले हमें लीग पर ध्यान केंद्रित करके खेलें। हम नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। हां, दबाव है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमारी निरंतरता के कारण अधिकांश खिलाड़ी इस दबाव के आदी हो गए हैं।

## मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा आईपीएल2024 से बाहर

**नई दिल्ली।** पिछले साल विश्व कप फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर गुजरात टाइटंस के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले प्रसिद्ध कृष्णा चोटों के कारण आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं।

शमी एड़ी की सर्जरी से उबर रहे हैं और इस साल सितंबर से पहले उनकी वापसी की उम्मीद नहीं है। बीसीसीआई ने कहा, 'इस तेज गेंदबाज की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी 2024 को सफलतापूर्वक सर्जरी हुई। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और वह आगामी आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं।

बीसीसीआई की मेडिकल टीम प्रसिद्ध पर भी नजर रखे हुए है। बीसीसीआई ने कहा, 'इस तेज गेंदबाज की 23 फरवरी 2024 को बाईं जांघ की सर्जरी हुई। बीसीसीआई मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और जल्द ही एनसीए में रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। वह आगामी आईपीएल 2024 में भाग नहीं ले पाएंगे।

# भारतीय टीम के लिए सिरदर्द बनेगा आईपीएल2024!

## वर्ल्ड कप से पहले इन 5 खिलाड़ियों की चोट ने किया सबको परेशान

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत की क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले 5 टेस्ट सीरीज मे 4-1 से जीत हासिल की है। अब रोहित के अलावा सभी प्लेयर आईपीएल2024 की तैयारी में जुट गए हैं। आईपीएलका आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। इसके साथ ही आईपीएलके ठीक बाद जून में टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारी शुरू हो जाएगी। यह टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में खेला जाएगा।मगर वर्ल्ड कप से पहले यह आईपीएलभारतीय टीम के लिए सिरदर्द बन सकता है।






### इन 5 खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

आईपीएलमें टॉप-5 स्टार खिलाड़ियों की चोट के चलते सब की नजर उन पर टिकी रहेगी, जिस कारण वे अभी भारतीय टीम से बाहर हैं। इन चोटों के कारण ज्यादातर प्लेयर घरेलू टूर्नामेंट में भी शामिल नहीं हो सकते हैं। यह टॉप-5 स्टार रोहित शर्मा, चरा्राहुल, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 30 दिसंबर 2022 को कार एक्सीडेंट का शिकार हुए थे। इस दौरान उन्हें कुछ गंभीर चोटें आईं। तभी से पंत क्रिकेट से दूर हैं।

उस समय उनकी कई सर्जरी भी हुई थीं। जिसके बाद उन्होंने खुद को धीरे-धीरे रिकवर किया। हाल ही में पंत ने कुछ प्रैक्टिस मैच भी खेले, लेकिन वो अभी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। खासकर विकेटकीपिंग के लिए वो फिट नहीं दिख रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल क्रिकेट एकेडमी और बीसीसीआई ने पंत को फिटनेस रिपोर्ट सौंप दी है और आईपीएल के लिए खेलने की मंजूरी भी दे दी है।

मगर अभी तक उनकी भूमिका स्पष्ट नहीं हुई है। यदि वह फिट नहीं होते हैं तो वो वर्ल्ड कप से भी बाहर हो सकते हैं। हालांकि वर्ल्ड कप के लिए पंत को अपनी फिटनेस के साथ-साथ अपनी फॉर्म भी साबित करनी होगी। एक्सीडेंट से पहले पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में थे।

### रोहित शर्मा भी है अनफिट

इस लिस्ट में टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल हैं। ब्रष्ष्द्ध के सचिव जय शाह ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि रोहित वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। मगर रोहित इस समय पीठ में अकड़न से परेशान हैं। इसी कारण वे धर्मशाला में हुए इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन की शुरुआत में मैदान में नहीं आ पाए थे। तब रोहित की जगह जसप्रीत बुमराह को टीम की कमान संभालने पड़ी थी।हालांकि अब रोहित इस समय ठीक महसूस कर रहे हैं। बता दें कि रोहित ने अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को 5 बार खिताब जिताया है। इस बार वो बतौर प्लेयर खेलते दिखेंगे।

### 5 महीने बाद मैदान में उतरेंगे पंड्या

इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का नाम भी शामिल है। पंड्या करीब 5 महीनों से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने आखिरी मैच वनडे वर्ल्ड कप में 19 अक्टूबर 2023 को बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसी मैच के दौरान उनके एंकल में चोट आई, जिस कारण वो बाहर हो गए थे।

### लंदन से इलाज कराकर लौटे हैं राहुल

आईपीएलमें लखनऊ सुपर जायंट्स ) टीम के कप्तान केएल राहुल को लेकर भी फ्रेंचाइजी को सतर्क रहने की जरूरत है। वो हाल ही में क्वाड्रिसेप्स टेंडन (जांघ की मांसपेशियों) की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे। उन्होंने पहला टेस्ट मैच खेला था, जिसमें 86 और 22 रन बनाए थे। इसके बाद वो टीम से बाहर ही रहे। चरा राहुल को पिछले साल भी चोट के कारण आईपीएलसे बाहर होना पड़ा था। उस वक्त उनका ऑपरेशन भी हुआ था।

### श्रेयस को चोट पर देना होगा ध्यान

इस लिस्ट में पांचवें प्लेयर मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर हैं। श्रेयस पीठ की चोट के कारण ही पिछले साल भी आईपीएलनहीं खेल सके थे। उनकी जगह नीतीश राणा ने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम की कमान को संभाला था।श्रेयस को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका मिला था, लेकिन वे लगातार 4 टेस्ट में एक भी फिफ्टी नहीं लगा पाने के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में सिर्फ 2 टेस्ट खेले थे। श्रेयस को बीसीसीआई ने भी अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया। मगर अब श्रेयस को आईपीएल में अपनी चोट को लेकर काफी सतर्क रहना होगा। साथ ही अपने फॉर्म पर भी ध्यान देना होगा। यदि वो बल्ले से रन नहीं बनाते हैं, तो फिर वर्ल्ड कप में भी उनका खेलना मुश्किल है।

# मिशेल मार्श को मिला कोच मैक्डोनाल्ड का समर्थन, टी20 विश्व कप में कर सकते हैं कप्तानी




**नई दिल्ली।** मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने जून में कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी के लिए मिशेल मार्श का समर्थन किया और उम्मीद है कि वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड से सिफारिश करेंगे कि 32 वर्षीय को कप्तानी सौंपी जाए। मैकडॉनल्ड्स जॉर्ज बेली की अध्यक्षता वाले चयन पैनल का हिस्सा हैं और वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को सिफारिश करेंगे कि 32 वर्षीय को औपचारिक आधार पर बागडोर सौंपी जाए क्योंकि आरोन फिंच के संन्यास के बाद भूमिका अभी भी बाकी है।

2022 में ऑस्ट्रेलिया के असफल टी20 विश्व कप अभियान के बाद फिंच के संन्यास के बाद से मार्श ने अनौपचारिक आधार पर नेतृत्व की भूमिका निभाई है, जिससे टीम को दक्षिण अफ्रीका में 3-0 से जीत मिली। ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की और ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को उसकी धरती पर 3-0 से हरा दिया। मैकडॉनल्ड्स ने कहा, मुझे लगता है कि सभी सड़कें मिच की ओर ले जाएंगी, इसलिए कुछ क्षेत्रों में इसे ठीक करना होगा। जिस तरह से वह उस टी20 टीम के साथ काम करने में सक्षम हैं, उससे हम खुश और सहज हैं। हमें लगता है कि वह विश्व कप के लिए कप्तान हैं और मुझे लगता है कि यह समय आने पर ही होगा।

एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में मार्श की वापसी की राह 20 ओवर के खेल में शुरू हुई जब उन्होंने अपनी टीम को 2021 विश्व कप ट्रॉफी दिलाई। वह दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 50 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच रहे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने 173 रनों के विजय लक्ष्य को एक ओवर से अधिक शेष रहते हुए हासिल कर लिया। 54 टी20आई में मार्श ने 22.76 की औसत से 17 विकेट के अलावा 9 अर्धशतकों के साथ 1432 रन बनाए हैं।

## रोनाल्डो के गोल के बावजूद एशियाई चैंपियन्स लीग से बाहर हुआ अल नासर

**रियाद (सऊदी अरब)।** महान खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0-1 की हार के बाद अल नासर ने सोमवार को दूसरे चरण का मुकाबला 4-3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4-4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में हालांकि अल नासर को 1-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो ही गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे। नियमित समय में अल नासर के लिए अब्दुलरहमान घरीब (45 प्लस पांच मिनट), एलेक्स टेलेस (72वें मिनट) और रोनाल्डो (118वें मिनट) ने गोल दागे जबकि खालिद ने 51वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। अल ऐन की ओर से सोफियान रहीमी (28वें और 45वें मिनट) और सुल्तान अल शम्सी (103वें मिनट) ने गोल किए।



## टीम इंडिया (खेलो मास्टर्स) पुरुषों की 50+ की टीम ने श्रीलंका मास्टर्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट का जीता खिताब!







**नई दिल्ली।** 10 मार्च 2024 फाइनल - टीम इंडिया ने श्रीलंका मास्टर्स बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2024 में गर्व से जीत हासिल की, जो श्रीलंका के कोलंबो के सुगाता दासा स्टेडियम में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता थी। जहां टीम इंडिया ने अपनी जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टीम के शानदार प्रदर्शन और अटूट समर्पण ने चैंपियनशिप को घर लाया। यह सभी महासंघों, खिलाड़ियों और उनके समर्थकों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

श्रीलंकाई टीम के खिलाफ एक रोमांचक फाइनल मैच में, भारत 50+ पुरुषों ने असाधारण कौशल, टीम वर्क और खेल कौशल का प्रदर्शन किया, अंतिम 25 - 38 की जीत के साथ विजयी हुआ। कोर्ट पर खिलाड़ियों के अथक प्रयासों के साथ-साथ रणनीतिक खेल और शानदार एथलेटिकिज्म ने उन्हें चैंपियन का खिताब दिलाया।खेलो मास्टर्स गेम्स फेडरेशन के महासचिव श्री शीलेंद्र सिंह, श्री गौरव ध्यानचंद, संयोजक श्री शैलेश फुलसुंगे ने टीम की उपलब्धि पर बेहद गर्व व्यक्त किया।

उस कड़ी मेहनत और दृढ़ता पर जोर देते हुए जिसके कारण यह महत्वपूर्ण जीत हासिल हुई। शैलेश फुलसुंगे ने कहा, ÷हमारे खिलाड़ियों ने कोर्ट के अंदर और बाहर असाधारण प्रतिबद्धता दिखाई है। खेल के प्रति उनके समर्पण और उनके जोश उन्हें इस उत्कृष्ट सफलता तक पहुंचाता है।÷

श्रीलंका मास्टर्स बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2024 ने दुनिया भर से टॉप प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया, जिससे श्रीलंका टीम और 50+ पुरुष टीम की जीत और भी सराहना हो गई। टूर्नामेंट के माध्यम से भारतीय टीम की यात्रा ने न केवल अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल समुदाय में अपनी स्थिति मजबूत की है, बल्कि प्रशंसकों और महत्वाकांक्षी एथलीटों को भी समान रूप से प्रेरित किया है।

भारतीय टीम, 50+ पुरुष टीम उन प्रशंसकों, प्रायोजकों और समर्थकों का आभार व्यक्त करती है जिनके अटूट प्रोत्साहन ने पूरे टूर्नामेंट में टीम के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा दिया। यह जीत यात्रा में शामिल सभी लोगों के सामूहिक प्रयास का प्रमाण है।

# इंग्लैंड के टेस्ट सीरीज हारने का मुख्य कारण यह भारतीय खिलाड़ी : महान ज्योफ बॉयकॉट

**लंदन।** महान ज्योफ बॉयकॉट ने भारत के खिलाफ इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज हार का मुख्य कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को बताया है। इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला की शुरुआत हैदराबाद में जीत के साथ की, लेकिन टीम इसके बाद कोई मैच नहीं जीत पाई तथा 1-4 से सीरीज हार गई। इस दौरान कुलदीप ने चार मैचों में 19 विकेट लिए। बॉयकॉट ने कहा, मैं आश्चर्यचकित था कि उनमें से कितने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को नहीं पढ़ सके और श्रृंखला के अंत तक भी समझदार नहीं थे। एक गेंदबाज आपके लिए पहली बार एक रहस्य बन सकता है जब आपको उसका सामना करना पड़ता है। उन्होंने अपने कॉलम में लिखा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, बल्लेबाजों को उनसे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए। बहुत से लोग उनके खिलाफ कभी भी सहज नहीं दिखे और मैदान पर ही रहकर उन्हें खेलने की कोशिश करते रहे।



बॉयकॉट ने श्रृंखला में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के अत्यधिक आक्रामक रवैये की भी आलोचना की। उन्होंने विस्तार से बताया, वे (अंग्रेजी बल्लेबाज) बचाव करने की अपनी क्षमता को लेकर आश्वस्त नहीं थे, खासकर बल्ले के चारों ओर क्षेत्ररक्षकों के साथ, इसलिए उन्होंने इसके बजाय आक्रमण खेलना चाहा। यह विचार गुणवत्ता वाले स्पिनरों के खिलाफ खतरे से भरा है।

टेस्ट क्रिकेट में 8114 रन बनाने वाले इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, यही कारण है कि हमने कुछ गलत तरीके से आउट होने वाले खिलाड़ी देखे, जैसे ओली पोप गज की दूरी पर स्टंप होने के लिए पिच से आगे दौड़ रहे थे और बेन डकेट पिच से आगे दौड़कर अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए थे। इसके बाद बॉयकॉट ने बल्लेबाजों के लिए कड़ी रक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, घरेलू और पाकिस्तान तथा न्यूजीलैंड में सपाट बल्लेबाजी पिचों पर हमारे बल्लेबाजों ने बहुत मजा किया है। भारतीय पिचें थोड़ी अलग हैं। अच्छा बचाव करना बल्लेबाजी का हिस्सा है। इसका मतलब यह नहीं है कि आपको रक्षात्मक रूप से बल्लेबाजी करनी होगी, बल्कि आमतौर पर खुद को तैयार करना, खेल पर अपना दबदबा कायम करने की कोशिश करने से पहले पिच और गेंदबाजी के साथ अभ्यस्त होना बुद्धिमानी है। इंग्लैंड के युवा स्पिनरों टॉम हार्टले (22) और शोएब बशीर (17) ने विकेट लिए, बॉयकॉट ने कहा कि वे भारत जैसी गुणवत्ता वाली टीम के खिलाफ नौसिखिया स्पिनरों का चयन जुआ था। उन्होंने लिखा, तीन नौसिखिया स्पिनरों का चयन करना एक बड़ा जुआ था। अनुभवहीन बच्चे भारत में अनुभवी भारतीय स्पिनरों को कभी भी मात नहीं दे पाएंगे। इंग्लैंड भाग्यशाली था कि विराट कोहली सभी श्रृंखलाओं के लिए उपलब्ध नहीं थे और केएल राहुल ने केवल एक टेस्ट खेला।

बिहार सरकार

**भवन निर्माण विभाग**

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–131 वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–06.04.2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–08.04.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–08.04.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | E/R to Statue of Dt. B.R. Ambedkar Sahe on the EVE of occasion Birth Anniversary dated 14.04.2024 west of Patna High Court Bailey Road, Patna for the year 2024-25. | 155000.00 | 3000.00 | 500.00 | Up to 13.04.24 |
| 2 | E/R Statue of Babuveer Kunwar Singh on the EVE of occasion of Birth Anniversary dated 23.04.2024 at Veer Kunwar Singh Park, Patna for the year 2024-25. | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | Up to 22.04.24 |
| 3 | A/R to Emergent repair work of statue of daniver Bhamashah on occasion of Birth Anniversary (29 April 2024) at Punaichak, Patna for the year 2023-24. | 150000.00 | 3000.00 | 500.00 | Up to 27.04.24 |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 019630 (BCD) 2023-24

**कार्यपालक अभियंता**
**पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

## संक्षिप्त समाचार

### गाजीपुर बस हादसे पर ऊर्जा मंत्री ने 3 अधिकारियों को निलंबित किया, एक की सेवा खत्म कर दी

गाजीपुर, एजेंसी। यूपी के गाजीपुर जिले में सोमवार को एक बस के हाईटेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से बस में आग लग गई। आग से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग झुलस गए हैं। घटना की जानकारी होने पर ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने तीन अधिकारियों को निलंबित और एक की सेवा समाप्त कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही मंत्री ए.के. शर्मा ने सख्त कार्रवाई करते हुए अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को निलंबित और लाइनमैन नरेंद्र (संविदा कर्मी) की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता से बात की। सभी अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाते हुए घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सहित प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। साथ ही मंत्री शर्मा पीड़ित परिवारों से स्वयं मिलने के लिए गाजीपुर और मऊ भी पहुंचे।ज्ञात हो कि गाजीपुर के मरदह थाना के 400 मीटर के पास एचटी तार के संपर्क में आने से बस में आ आग लग गई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुई बस बरातियों से भरी थी। बस मऊ से एक वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही थी, जिसमें कुल 38 बराती सवार थे।

### किन्नौर में बड़ा हादसा, खराब मौसम के कारण हिमस्खलन; तीन मजदूरों की मौत

किन्नौर, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। प्रदेश के किन्नौर जिले के मुसरिंग में सोमवार को हिमस्खलन में झारखंड के तीन मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य मजदूर घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि भाभा घाटी इलाके में बर्फीला तूफान आने के बाद हिमस्खलन हुआ। उन्होंने बताया कि हिमस्खलन के समय बड़ी संख्या में मजदूर कार्यस्थल पर दोपहर का भोजन कर रहे थे। भाभा घाटी के तहसीलदार अरुण कुमार ने घटना की पुष्टि की है। इस घटना में तीनों मजदूरों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि झारखंड के रहने वाले सीमन किंडो और बिरया की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि झारखंड के ही रतन लाल ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, नेपाल के रहने वाले एक मजदूर कृष्णा को गंभीर चोटें आईं और उसे रामपुर अस्पताल स्थानांतरित किया गया जबकि चंद्र नाथ को कटगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। तूफान आने के बाद इलाके में हिमस्खलन हुआ था जिसमें तीनों मजदूर दब गए थे। अब तक तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है। भावानगर थाना प्रभारी जगदीश ठाकुर के अगुवाई में अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की एक टीम हालात का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंची। मौसम विभाग ने 13 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ के हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की आशंका जताते हुए बताया कि 13 और 14 मार्च को चंबा, कुल्लू, लाहौल और स्पीति, किन्नौर और शिमला के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के मध्य और निचले पहाड़ी इलाकों में ओलावृष्टि और तूफान के साथ बारिश की भी संभावना है। इस दौरान मौमस विभाग ने प्रदेश में बारिश और बर्फबारी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

### रमजान में नमाजियों के लिए रात में खुलेगा ताजमहल, तरावीह के लिए मिली अनुमति

**आगरा, एजेंसी।** पूरे देश में सोमवार की शाम रमजान का चांद देखा गया। मंगलवार को पहला रोजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रमजान की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सभी को रमजान की शुभकामनाएं। वहीं आगरा में रमजान के महीने में ताजमहल स्थिति मस्जिद में नमाजियों को तरावीह करने की अनुमति दी गई है। इस बार इंतजामिया कमेटी के पांच लोगों को छोड़कर अन्य नमाजियों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधीक्षण पुरातत्विवद डॉ. राजकुमार पटेल ने आदेश जारी कर कहा है कि रमजान के महीने में रात 8:30 से 11 बजे तक ताजमहल को तरावीह के लिए खोला जाएगा। इसके लिए ताजमहल मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद इब्राहीम जैदी ने पत्र दिया था। जिसके आधार पर नमाजियों को तरावीह करने के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है। तरावीह करने के लिए जाने वाले नमाजियों को ताज के पूर्वी गेट से प्रवेश दिया जाएगा।

# बेटा कर्नाटक में मंत्री, अब दामाद को भेजना चाहते हैं लोकसभा, मल्लिकार्जुन खरगे ही तोड़ेंगे नियम!

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कांग्रेस अध्यक्ष और आईएनडीआईए अलायंस के चेयरपर्सन मल्लिकार्जुन खरगे के लोकसभा चुनाव लड़ने पर संकट के बाद मंडरा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, खरगे 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। अगर खरगे ये चुनाव नहीं लड़ते हैं तो हालिया दिनों में ऐसा पहली बार होगा, जब कांग्रेस के किसी अध्यक्ष ने चुनाव लड़ने से इनकार किया हो। अगर ऐसा होता है तो यह पार्टी और इंडिया अलायंस के लिए खतरे की घंटी हो सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि खरगे की सीट गुलबर्गा से उनके दामाद राधाकृष्णन दोड्डामणि को उतारा जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो खरगे पार्टी के उस नियम को खुद ही तोड़ेंगे, जिसमें कहा गया था कि एक परिवार के एक ही सदस्य को सांसद या विधायक का टिकट दिया जाएगा। हालांकि, इसकी काट में दामाद को दूसरे परिवार का सदस्य बताया जा सकता है। खरगे के बेटे प्रियांग खरगे कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार में मंत्री हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि प्रियांक लोकसभा चुनाव लड़ने को इच्छुक नहीं हैं। 2022 में उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में पार्टी ने इस नियम को अपनाने पर खूब चिंतन-मंथन किया था।



मल्लिकार्जुन खरगे कर्नाटक की गुलबर्गा संसदीय सीट से दो बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2019 में वह ये सीट हार गए थे। उसके बाद वह राज्यसभा के जरिए संसद पहुंचे। फिलहाल खरगे राज्यसभा में नेता विपक्ष हैं और उनका कार्यकाल अभी चार साल बचा हुआ है। 81 वर्षीय खरगे दलित समुदाय से आते हैं। वह लोकसभा में भी नेता विपक्ष रह चुके हैं। मनमोहन सिंह की सरकार में वह रेल मंत्री और श्रम एवं रोजगार मंत्री भी रह चुके हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पिछले हफ्ते तक गुलबर्गा सीट पर उम्मीदवारों के नामों की चर्चा में खरगे का नाम शामिल था लेकिन अब दावा किया जा रहा है कि खरगे इसलिए चुनाव लड़ने से खुद को किनारे कर रहे हैं क्योंकि वह किसी एक निर्वाचन क्षेत्र तक अपने को सीमित नहीं रखना चाहते हैं बल्कि पीएम मोदी और भाजपा के खिलाफ लड़ाई में पूरे देश पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं और देशभर में बतौर कांग्रेस अध्यक्ष चुनावी रैलियों को संबोधित करना चाहते हैं।

हाल के वर्षों में, सोनिया गांधी और राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष रहते हुए दोनों ने चुनाव लड़ा और जीता है। हालांकि, 2019 के चुनाव में राहुल गांधी को अमेठी में स्मृति ईरानी से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी तरफ, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी इस साल चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। 2014 और 2019 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष रहे राजनाथ सिंह और अमित शाह ने भारी मतों से जीत हासिल की थी।

### खाटू श्याम मेला में नियम बदले, भक्त इस बार आठ फीट से अधिक ऊंचा निशान नहीं लगा सकेंगे

**सीकर, एजेंसी।** राजस्थान के सीकर में स्थित खाटूश्यामजी में बाबा श्याम का वार्षिक फाल्गुन मेला 11 मार्च से शुरू हो गया है। मुख्य मेला एकादशी पर 21 मार्च को भरेगा। मंदिर कमेटी का अनुमान है कि 11 दिन चलने वाले मेले में 25 लाख भक्त आएंगे। सीकर जिला प्रशासन ने कई चीजों पर रोक लगाई गई है। बाबा खाटूश्याम के भक्त इस बार आठ फीट से अधिक ऊंचा निशान नहीं लगा सकेंगे। कांच की शीशी और डीजे पर भी रोक लगा दी गई है। श्रद्धालुओं को जूते-चप्पल गाड़ी में ही खोलकर आना पड़ेगा। भक्तों को किराए में 50प्रतिशत की छूट रहेगी। मेले में पार्किंग निःशुल्क रहेगी और नो व्हीकल जोन में किसी भी प्रकार के वाहन नहीं जा पाएंगे। मेले में डेढ़ सौ रोडवेज बसें लगी रहेंगी। वहीं प्राइवेट बसों के लिए स्थान निर्धारित कर दिया गया है। मेले के दौरान श्याम कुंड बंद रहेगा।

भंडारे को लेकर के उपखंड अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। इसके बाद ही भंडारा यहां पर किया जा सकेगा। मेले में रोडवेज से आने वाले भक्तों को किराए में 50 फीसदी की छूट मिलेगी। खाटूश्यामजी देशभर के लाखों भक्तों की आस्था का केन्द्र हैं। खाटूश्यामजी लक्खी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए रेलवे विभाग ने जयपुर सीकर रेलवे लाइन पर जयपुर जंक्शन से नारनौल के लिए सप्ताह में मंगलवार व शनिवार को खाटूश्यामजी मेला स्पेशल ट्रेन संचालित की है। दरबार में दिल्ली के इंडिया गेट की झांकी का दीदार होगा। श्याम दरबार को सजाने में देसी व विदेशी वस्तुओं का उपयोग किया जा रहा है। मुख्य कारीगर अविराम पात्रा व ठेकेदार मधुसूदन ने बताया कि 4 लाख के करीब रंग - बिरंगे आर्टिफिशियल फूल व लटकन चाइना से मंगवाए गए है। 1000 थर्माकोल, 700 पीस प्लाई, 2000 बांस, 10000 मीटर रंग-बिरंगा कपड़ा, कोलकाता लटकन 1 ट्रक, दिल्ली व कोलकाता से सुगंधित फूल, 2 क्विंटल कील, 2 क्विंटल तार आदि सामान काम में लिया जा रहा है।


### पूर्वांचल में 'बाघ' की सवारी का बढ़ा क्रेज, आक्यूपेंसी के मामले में टूटा पुराना रिकॉर्ड

**गोरखपुर, एजेंसी।** पूर्वोत?तर रेलवे (एनईआर) में 'बाघ' की सवारी का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। एनईआर के गोरखपुर से गुजरने वाली इस ट्रेन में भीड़भाड़ का रिकार्ड लगातार बढ़ता ही जा रहा है। आक्यूपेंसी के मामले में बाघ एक्सप्रेस की बादशाहत लगातार दूसरी बार भी बरकरार है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि इस ट्रेन ने अपने ही रिकार्ड को ब्रेक कर दिया है। इस ट्रेन की आक्यूपेंसी मार्च 2024 में 253 है जबकि पिछली बार इसकी आक्यूपेंसी 250 थी।

हावड़ा से गोरखपुर होते हुए उत्तराखण्ड के काठगोदाम तक जाने वाली बाघ एक्सप्रेस ने सारे रिकार्ड तोड़ दूसरी बार सबसे अधिक भीड़-भाड़ (आक्यूपेंसी) वाली ट्रेन का रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। बाघ एक्सप्रेस की आक्यूपेंसी 253 के पार पहुंच गई है। मसलन 100 फीसदी के अनुपात में इस ट्रेन में 250 फीसदी यात्रियों का लोड है। ऐसा पहली बार है जब किसी ट्रेन की आक्युपेंसी (सीट के सापेक्ष यात्रियों की संख्या) 253 फीसदी पहुंच गई हो। हावड़ा से काठगोदाम तक जाने वाली बाघ एक्सप्रेस की पंक्चुअल्टी जहां 93 है वहीं आक्यूपेंसी 253 फीसदी है। यह अपने आप में एक नया रिकार्ड है। कोविड के बाद ट्रेनों की टाइमिंग में लगातार सुधार होता जा रहा था। तमाम ब्लॉक के बाद भी ट्रेनों की पंक्चुअल्टी 85 से 90 के बरकरार रही। ऐसा पहला अवसर है जब फरवरी महीने में ट्रेनों की आक्युपेंसी 200 के पार पहुंच गई है। यह आक्यूपेंसी मई-जून और फिर त्योहारों के समय रहता है। ट्रेनों पंक्चुअल्टी और आक्यूपेंसी बढ़ने से रेल कर्मचारी और अधिकारी काफी उत्साहित हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि स्लीपर और एसी क्लास के आक्यूपेंसी में कोई खास अंतर नहीं है। बाघ एक्सप्रेस में स्लीपर की आक्यूपेंसी जहां 259 है वहीं एसी-थ्री की आक्यूपेंसी 201 फीसदी है। कोलकता से चलकर काठगोदाम तक जाने वाली बाघ एक्सप्रेस अभी भी पारंपरिक बोगियों के साथ ही चल रही है। लगभग सभी ट्रेनें एलएचबी रेक से चल रही हैं।

# केरल में तेजी से फैल रही गलसुआ की बीमारी, एक दिन में आए 190 मरीज

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।**
केरल में मम्प्स तेजी से फैल रहा है। इसे हिंदी में कंठमाला या गलसुआ के नाम से भी जानते हैं। जानकारी के मुताबिक राज्य में एक दिन में ही 190 मामले सामने आए। वहीं मार्च के महीने में अब तक 2505 लोग इस वायरस की चपेट में आ चुके हैं। दो महीने के भीतर ही 11467 मरीज रिपोर्ट हुए हैं। केरल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि राज्य में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल को भी अलर्ट कर दिया गया है। बता दें कि मम्प्स एक वायरस पैरामिक्सोवायरस की वजह से फैलता है। यह संपर्क में आने से या फिर हवा में वॉटर ड्रॉप्लेट्स के माध्यम से ट्रांसफर हो सकता है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में बीमारी पैदा कर सकता है। प्रभावित होने के तीन से चार घंटे के बाद इसके लक्षण नजर आने लगते हैं। कई बार इसके लक्षण दो से तीन सप्ताह बाद दिखाई देते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि वायरस से संक्रमित होने के बाद भी लक्षण ना दिखाई दें। इसमें बुखार, सिर दर्द, थकान, शरीर में दर्द, सलावरी ग्लैंड में सूजन जैसे लक्षण





दिखाई देते हैं। 70 फीसदी केसों में गालों में सूजन आ जाती है। इस बीमारी को चिपमंक चीक्स के नाम से भी जाना जाता है। इस बीमारी के असर वैसे तो गंभीर नहीं होते लेकिन कुछ दुर्लभ मामलों में यह दिमाग, पेन्क्रीज और टेस्टिकल्स को भी प्रभावित कर सकता है। इससे दिमाग में सूजन आने का खतरा बना रहता है। यह ज्यादातर किशोरों को प्रभावित करता है। केरल के मलाप्पुम में मम्प्स के ज्यादातर केस रिपोर्ट हो रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बच्चों को मम्प्स की वैक्सीन प्राइवेट सेंटर पर लगवाई जा सकती है। मम्प्स होने की संभावना कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों को ज्यादा होती है। इसका उपचार भी कठिन बताया जाता है क्योंकि यह एंटीबायोटिक दवाओं से जल्दी ठीक नहीं होता। जानकारों का कहना है कि मम्प्स होने पर एसिड वाले खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। वहीं बुखार की वजह से डिहाइड्रेशन हो सकता है इसलिए पर्याप्त पानी या तरल लेते रहना चाहिए। वहीं संक्रमित होने के बाद पर्याप्त आराम करना चाहिए। आसानी से निगली जा सकतने वाली चीजें खानी चाहिए। इसके अलावा तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## समझौते के तहत मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी शुरू, 25 सैनिकों ने देश छोड़ा

**माले, एजेंसी।** मालदीव में मौजूद भारत ने अपने सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है। मालदीव के अखबार मिहारू के मुताबिक अब तक अड्डु आइलैंड पर मौजूद भारत के 25 सैनिक अदेश छोड़कर जा चुके हैं। मिहारू की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इसकी जानकारी मालदीव की नेशनल डिफेंस फोर्स ने दी है हालांकि, भारत या मालदीव ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है। इससे पहले 29 मई को मालदीव में भारतीय सैनिकों को रिप्लेस करने के लिए 26 टेक्निकल कर्मियों का पहला बैच मालदीव पहुंच गया था। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी थी। जानकारी के अनुसार भारत और मालदीव के बीच हुए समझौते के तहत भारतीय सैनिक 10 मई तक देश लौट आएंगे। MNDF ने कुछ दिन पहले घोषणा की थी कि मालदीव में मौजूद भारत के हेलिकॉप्टर का कंट्रोल मालदीव की सेना के पास होगा। हेलिकॉप्टर को ऑपरेट करने वाला क्रू भी मालदीव के रक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में काम करेगा। वहीं राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा था कि 10 मई के बाद मालदीव में कोई भी भारतीय सैनिक नहीं रहेगा। मुइज्जू के मुताबिक, कुछ लोग देश में अफवाह फैला रहे



हैं कि भारतीय सैनिक देश छोड़ नहीं रहे हैं, वो टेक्निकल स्टाफ के बहाने केवल यूनिफॉर्म बदलकर सादे कपड़ों में देश लौट रहे हैं। मुइज्जू ने इन अफवाहों का खंडन करते हुए कहा- भारतीय सैनिक यूनिफॉर्म या सादे कपड़ों में भी देश में नहीं रहेंगे। मैं यह पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं।

बता दें कि मालदीव में करीब 88 भारतीय सैनिक हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते हैं। आमतौर पर इनका इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है। मालदीव में इंडियन हेलिकॉप्टर और एयरक्राफ्ट मानवीय सहायता और मेडिकल इमरजेंसी में वहां के लोगों की मदद करते रहें।

## इजराइली प्रधानमंत्री से मिले एनएसए डोभाल, नेतन्याहू से गाजा में युद्ध व मानवीय सहायता पर की चर्चा

**यरूशलम, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात कर भीषण खाद्य संकट से जूझ रहे गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति की समस्या को सुलझाने की तत्काल आवश्यकता और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर चर्चा की। इजराइल के प्रधानमंत्री के आधिकारिक हैंडल से 'एक्स पर साझा की गई पोस्ट में लिखा गया, ''प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से आज मुलाकात की और उन्हें गाजा पट्टी में जारी युद्ध से जुड़े हालिया घटनाक्रम की जानकारी दी।

हमास के नेतृत्व वाले आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल पर सात अक्टूबर, 2023 को हमला कर दिया था जिसमें करीब 1,200 लोगों की मौत हो गई थी और उसने 250 लोगों को बंधक बना लिया था। हमास की कैद में अब भी करीब 100 बंधकों के होने का अनुमान है। हमास के हमले के बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसके कारण युद्ध शुरू हो गया। गाजा में इजराइल के हमलों में 30,000 से अधिक फलस्तीनियों के मारे जाने का अनुमान है। नेतन्याहू ने कहा, ''दोनों पक्षों ने बंधकों को छुड़ाने के प्रयास और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा की। इजराइल-



हमास संघर्ष के कारण पैदा हुआ मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा पट्टी में कम से कम 5,76,000 लोग यानी कुल आबादी का एक-चौथाई हिस्सा खाद्य संकट से जूझ रहा है। डोभाल ने अपने इजराइली समकक्ष तजाखी हानेग्बी से भी मुलाकात की, जो नेतन्याहू के साथ उनकी बैठक के दौरान भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात, कतर, सऊदी अरब, मिस्र और जॉर्डन जैसे क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए चर्चा में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

# चीन में राष्ट्रपति जिनपिंग की हत्या का प्रयास, हमलावर ने व्हाइट हाउस के गेट पर कार से मारी टक्कर



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की हत्या का प्रयास का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि जिनपिंग के आवास व्हाइट हाउस के मेन गेट पर एक कार टक्कर मारती है लेकिन तुरंत गार्ड्स ड्राइवर को पकड़ कर ले जाते हैं। यह घटना झोंगनानहाई परिसर के शिन्हुआ गेट पर हुई। यहां पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता रहते हैं। यहां सिर्फ शी जिनपिंग का ही घर नहीं है। बल्कि स्टेट काउंसिल और पोलित ब्यूरो के सदस्यों और उनके परिवारों का भी घर है। चीन से जुड़े एक ट्विटर अकाउंट ने घटना से जुड़ा वीडियो शेयर किया। उसने चीनी भाषा में घटना का विवरण दिया, जिसके अनुवाद के मुताबिक 10 मार्च सुबह यह वीडियो चीनी सोशल मीडिया पर आया। इसमें एक काले रंग की कार गार्ड्स के एक ग्रुप ने ड्राइवर को पकड़ा और उसे फुयू स्ट्रीट की ओर ले गए।

यह भी बताया गया है कि पास से गुजर रही एक गाड़ी ने इस घटना का वीडियो बनाया। घटना कब की है इसका खुलासा नहीं हुआ है। जिस तरह अमेरिका में राष्ट्रपति आवास को व्हाइट हाउस कहा जाता है, इसी आधार पर जिनपिंग के आवास को चीन का व्हाइट हाउस कहा जाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शी जिनपिंग की हत्या करने के लिए कथित तौर पर राष्ट्रपति आवास में एंट्री गेट को तोड़कर कार से घुसने की कोशिश की गई । अज्ञात संदिग्ध ने रविवार को बीजिंग लाइसेंस प्लेट वाले एक हाई एंड वाहन से जिनपिंग के आवास के गेट पर टक्कर मारी। सड़क के किनारे से गुजर रहे एक शख्स ने संदिग्ध वाहन को फुटपाथ पर

वीडियो में देखा जा सकता है कि जिनपिंग के सुरक्षाकर्मी उस व्यक्ति को कार से बाहर खींचते हैं और उसके हाथ और पैर को पकड़ लेते हैं। वहीं दूसरे एजेंट्स इस दौरान विस्फोटको की जांच करने के लिए कार के पास पहुंचते हैं। इस हमले का मकसद अभी भी साफ नहीं हो सका है। यह भी पता नहीं चला है कि क्या यह व्यक्ति चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा था या नहीं। बता दें कि चीन में लोग सामाजिक-आर्थिक स्थिति से असंतुष्ट हैं। शी जिनपिंग के शासनकाल में सरकारी नीतियों के खिलाफ बोलना एक अपराध की तरह है, जिसमें जेल जाने का खतरा होता है। चीन में उइगरों के खिलाफ मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। वहीं हांगकांग में आजादी का गला घोंट दिया गया है। चीन अब ताइवान पर कब्जे की तैयारी

## पाकिस्तान की नई सरकार में इशाक डार विदेश मंत्री नियुक्त

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में नई सरकार के गठन होने के बाद चार बार वित्त मंत्री रह चुके इशाक डार को देश का नया विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान में गठित नई सरकार भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने सहित घरेलू और बाहरी मोर्चों पर अनगिनत समस्याओं का समाधान करना चाहती है।प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल किया। इशाक डार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता हैं। वह मूल रूप से कश्मीरी हैं और सनदी लेखाकार (सीए) हैं। वह पार्टी प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भी विश्वासपात्र हैं। इशाक डार को विदेशी मामलों के प्रबंधन में कम अनुभव है, लेकिन उन्हें ऐसे समय में नयी सरकार में विदेश मंत्री का पद दिया गया है जब पाकिस्तान के अपने पडोसी भारत के साथ-साथ अफगानिस्तान के साथ संबंध



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129